असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 08.05.2023 | वर्ष 10, अंक 124
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
आप कई बार झुकते है, कई बार टूटे है। इसके बावजूद अंत में बेहतर आकार ले ही लेते है।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 36°
न्युनतम 18°

## क्वीक न्यूज

### यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए तीन यात्रियों की मौत

**उत्तरकाशी** : यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो यात्रियों की रविवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई है। यमुनोत्री धामी की यात्रा में हृदय गति रुकने से मौतकों की संख्या अब नौ हो गई है। वहीं, एक यात्री की मौत पहाड़ी से आए पत्थर लगने के कारण हुई है। जानकारी के अनुसार, संजना बाई पंवार(75) पत्नी नाथू सिंह पंवार निवासी गोथानिया, झाबुआ मध्य प्रदेश अपने परिजनों के साथ रविवार को यमुनोत्री यात्रा के लिए आई थीं। जानकीचट्टी में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए यात्रा अस्पताल पहुंचाया गया। संजना बाई ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरी ओर बालासाहेब डेगडु जैन(73) पुत्र डेगडु शंकर जैन निवासी गंगापुर रोड नासिक अपने साथियों के साथ यमुनोत्री की पैदल यात्रा कर रहे थे। पैदल मार्ग पर भिंडयालीगाड़ के समीप वह अचानक बेहोश हो गए। जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों यात्रियों की मौत हृदय गति रुकने से हुई है।

### देश के सभी राज्यों से अधिक महाराष्ट्र में खरीदे जा रहे ई-वाहन

**पुणे** : पारंपरिक ईंधन को ग्रीन ईंधन का विकल्प बनाने के लिए देशभर में चल रहे प्रयास के क्रम में देश के अन्य सभी राज्यों से कहीं अधिक ई-वाहनों की मांग महाराष्ट्र में बड़ी है। इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने के मामले में कर्नाटक दूसरे स्थान पर, तमिलनाडु तीसरे स्थान पर, गुजरात चौथे स्थान पर तथा राजस्थान पांचवें स्थान पर है। केवल महाराष्ट्र की बात करें, तो मुंबई से भी अधिक पुणे और पिंपरी चिंचवड में सर्वाधिक ई-वाहनों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में पुणे महानगर में 9 हजार इलेक्ट्रिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ। समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में यहां 29 हजार से अधिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। वित्तीय वर्ष के आखिर में राज्य के परिवहन विभाग ने प्रादेशिक परिवहन कार्यालयों में नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन के आंकड़े जारी किए हैं।

### अमृतसर में हैरीटेज स्ट्रीट पर विस्फोट, कई लोग घायल

**अमृतसर** : पंजाब के अमृतसर में हैरीटेज स्ट्रीट पर शनिवार रात करीब 12 बजे हुए विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। सारागढ़ी पार्किंग में खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए। कुछ कांच के टुकड़े श्रद्धालुओं को लगे। इससे 5-6 लोगों को मामूली चोट आई है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद कहा यह एक हादसा है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इसकी रविवार को फॉरेंसिक जांच होगी। बताया गया है घटना के समय हैरीटेज स्ट्रीट पर लोग टहल रहे थे। विस्फोट से एक ऑटो का शीशा टूट गया। इस ऑटो से दूसरे राज्य की करीब छह पर्यटक लड़कियां आई थीं। पास ही बेंच पर सो रहे युवक के पैर में कांच का टुकड़ा लगा। एसीपी सेंट्रल सुरिंदर सिंह का कहना है कि यह हादसा है। आतंकी घटना नहीं है। फॉरेंसिक टीमें रविवार को जांच करेंगी।

### पलामू में सात वर्षीय बच्ची के साथ मामा ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**मेदिनीनगर** : सात वर्षीय बच्ची के साथ 45 वर्षीय मामा ने दुष्कर्म किया है। रविवार को मामले की शिकायत मिलने पर शहर थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बच्ची का मेडिकल जांच कराकर उसका बयान भी दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार बच्ची अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान विजय तिवारी (45) बच्ची को पास के एक अर्ध निर्मित मकान में ले गया। साथ ही बच्ची को मोबाइल दिखाने के बहाने उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को खोज रहे माता-पिता को बच्चों ने बताया गया कि विजय मामा उसे ले गए हैं। अर्ध निर्मित मकान से बच्ची रोते हुए बाहर निकली। पूछने पर उसने बताया कि मोबाइल दिखाने के बहाने विजय मामा ने उसके साथ गलत काम किया है। बच्ची ने पूरी घटना बताई। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

**कर्नाटक चुनाव : भाजपा व कांग्रेस में आर-पार की लड़ाई, अंतिम चरण में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी**


# कांग्रेस ने गरीबी हटाने की गारंटी दी थी, उसका क्या हुआ : मोदी



एजेंसी

**बेंगलुरु** : कर्नाटक में विधान का चुनाव 10 मई को है। चुनावी गेंद को अपने पाले में करने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां 10 किमी लंबा एक मेगा रोड शो किया। पीएम ने अपना रोड शो न्यू तिप्पासंद्रा रोड पर केम्पेगौड़ा प्रतिमा से शुरू किया और यह ट्रिनिटी सर्कल पर समाप्त हुआ। इससे पहले शनिवार को पीएम मोदी ने लगभग 13 निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करते हुए शहर में लगभग 26 किलोमीटर का रोड शो किया। इधर मैसूर में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजकल कांग्रेस लोगों को झूठी गारंटियां दे रही है, लेकिन वो इस बात का कभी जवाब नहीं देते कि 50 साल पहले जो उसने गरीबी हटाने की गारंटी दी थी उसका क्या हुआ? उन्होंने कहा कि कर्नाटक के लोगों के लिए ये चुनाव नया इतिहास रचने का चुनाव है। ये चुनाव कर्नाटक को पूरे देश का नंबर-1 राज्य बनाने का चुनाव है और मुझे इस बात की खुशी है कि इस महायज्ञ के लिए कर्नाटक के लोगों ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर ही भरोसा किया है।उन्होंने कहा कि जब भारत का डिफेंस सेक्टर मजबूत होना शुरू हुआ तो कर्नाटक में एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर बनाने की फैक्ट्री लगी। जब भारत दुनिया में स्टार्टअप का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बना तो कर्नाटक स्टार्टअप का कैपिटल बना। जब भारत में रेलवे का काम कई गुना तेज हुआ तो कर्नाटक में रेलवे का काम तेज हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि भारत मसालों के मामले में प्राचीन वैश्विक शक्ति रहा है लेकिन कांग्रेस के शासन में तो हम अपनी हल्दी तक की पहचान खोने लगे थे, लेकिन हमने अपने मसालों को दुनिया भर में प्रमोट किया। आज पूरी दुनिया में हमारे मसालों की मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक का ऐसा कोई कोना नहीं जहां हमारी समृद्ध विरासत के दर्शन ना होते हों, लेकिन कांग्रेस और इनके सहयोगी जेडीएस की सरकारों ने इस विरासत का कदम-कदम पर अपमान किया। हमारी आस्था, हमारी धरोहरों को भी वोट बैंक की तुष्टिकरण की राजनीति में देखा गया। पीएम ने कहा कि आज भारत की व्यवस्था टॉप 5 की आर्थिक ताकत बना है, इस दौरान भारत ने हर साल विदेशी निवेश के नए रिकॉर्ड बनाए।

## न आरएसएस न भाजपा, देश की आजादी के लिए कांग्रेस ने लड़ी लड़ाई : खड़गे



**बेंगलुरु** : भारत की आजादी में आरएसएस और भाजपा के योगदान का मुद्दा उठाते हुए खड़गे ने दावा किया कि जब कांग्रेसी अपने जीवन का बलिदान दे रहे थे, आरएसएस नेता बड़े सरकारी पद पाने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि मोदी कहते रहते हैं कि कांग्रेस ने पिछले 70 साल में क्या किया है।अगर हमने 70 साल में कुछ नहीं किया होता तो आप इस देश के प्रधानमंत्री नहीं होते। हम आजादी लेकर आए। महात्मा गांधी ने अपनी जान जोखिम में डालकर हमें आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि गांधी टोपी गांधी की वजह से मशहूर हुई। नेहरू शर्ट नेहरू की वजह से मशहूर हुई। आपका (मोदी की) केवल जैकेट मशहूर है। आप रोजाना लाल, पीले, नीले और केसरिया रंग की चार जैकेट पहनते हैं। अब यह मोदी जैकेट के नाम से मशहूर हो रहा है। वह जहां भी जाते हैं, केवल मोदी-मोदी। इस क्षेत्र और देश के लिए अच्छा करें। क्या कांग्रेस के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर देश आगे बढ़ेगा? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉ बी.आर. अंबेडकर से भारतीय संविधान लिखने के लिए कहा था। इसने लोगों को मतदान के अधिकार सहित समान अधिकार दिए। अगर दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े समुदाय पंचायत अध्यक्ष, विधायक, सांसद और मंत्री बन रहे हैं, तो यह कांग्रेस द्वारा राष्ट्र को दिए गए संविधान के कारण है। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि यह 70 साल से पहले संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि न तो आरएसएस और न ही भाजपा ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। यह हम हैं जिन्होंने इसके लिए लड़ाई लड़ी। आपमें से कोई भी भाजपा व आरएसएस जेल नहीं गया। आपकी पार्टी का कोई भी व्यक्ति कभी फांसी के तख्ते पर नहीं गया।आरएसएस ने अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया था कि दूसरों को आजादी के लिए लड़ने दें। उनके कैडरों का ध्यान सरकारी नौकरी पाने पर होना चाहिए। खरगे ने दावा किया कि उनके सभी कार्यकर्ताओं को सरकार और सेना में नौकरी मिल गई और वे उन स्थानों पर चले गए जहां अच्छी गुंजाइश थी।

### गुजरात टाइटंस ने लखनऊ को 56 रन से हराया, गिल, साहा की धमाकेदार पारी

**अहमदाबाद** : सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (नाबाद 94) और ऋद्धिमान साहा (81) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 51वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 56 रनों से हरा दिया। इस मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट पर 227 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन ही बना सकी। 228 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम के लिए केवल काइल मेयर्स और क्विंटन डी कॉक ही कुछ संघर्ष कर सके। मेयर्स ने 32 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के की बदौलत 48 रन बनाए, जबकि डी कॉक ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 41 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्के की बदौलत 70 रन बनाए। इन दोनों के अलावा केवल आयुष बडोनी (21) ही कुछ संघर्ष कर सके। लखनऊ की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 56 रनों से मैच हार गई। इससे पहले गुजरात ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट पर 227 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 94 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 गेंदों पर 2 चौके और सात छक्के की बदौलत नाबाद 94 रन बनाए। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने 43 गेंदों पर शानदार 81 रनो की पारी खेली।

**पहलवानों को मिला किसानों का साथ, सरकार को दिया अल्टीमेटम**

## 15 दिन में गिरफ्तार हों बृजभूषण



एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली के जंतर मंतर पर कुश्ती खिलाड़ियों का धरना जारी है. रविवार को उनके समर्थन में बड़ी संख्या में किसान भी जंतर मंतर पर पहुंचे हैं. किसान नेता राकेश टिकैत समेत हरियाणा और पंजाब के कई नेताओं ने आज खिलाड़ियों से मुलाकात की. इस बीच अब किसानों ने भारत सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है. इसमें कहा गया है कि 15 दिनों में अगर बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा फैसला लिया जाएगा.
दरअसल, रविवार शाम करीब साढ़े 4 बजे एक प्रेस कांफ्रेंस करते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि पहलवान अपना संघर्ष जारी रखें. संयुक्त किसान मोर्चा और खापों की मांग है कि बृजभूषण को गिरफ्तार किया जाए. 21 मई तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा फैसला लिया जाएगा.उन्होंने कहा कि खापों को प्रतिदिन ड्यूटी दी जाए, रोस्टर बनाया जाए. आंदोलन चलाने के लिए पहलवान समितियां, खाप-किसान संगठन समर्थन देंगे. 21 मई तक आंदोलन चलेगा. 21 मई को भविष्य के रोडमैप पर फैसला लिया जाएगा. खिलाड़ियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ये पहलवान देश की संपत्ति हैं. साक्षी, बजरंग और बजरंग 21 मई तक जंतर मंतर पर रहेंगे. यहीं रहेंगे, यहीं प्रैक्टिस करेंगे और आंदोलन जारी रखेंगे. राकेश टिकैत के बाद बीकेयू टिकैत के अध्यक्ष नरेश टिकैत भी जंतर-मंतर में स्थित पहलवानों के धरनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने भी पहलवानों को अपना समर्थन देने का ऐलान किया. वहीं पंजाब से कार्यकर्ताओं को लेकर पहुंचे संगठन बीकेयू उगराहां ने ऐलान किया है कि वह 11 मई से 18 मई के बीच देश भर में मोदी सरकार और बृजभूषण की अर्थी जलाएगा. अर्थियां जलाने की घोषणा संगठन के जोगिंदर उगराहां ने की है.

# भीषण सड़क हादसे में 15 की मौत



एजेंसी

**मुरादाबाद-भिंड** : जिले में रविवार दोपहर को भीषण सड़क हादसा हो गया. सवारियों से भरी टाटा मैजिक को एक डीसीएम ने टक्कर मार दी.इस हादसे में अभी तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं,15 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि टाटा मैजिक में 23 लोग सवार थे. सभी रामपुर के किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे.
इस बीच वे हादसे के शिकार हो गए. पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है.हादसा जिले के भगतपुर थानाक्षेत्र में हुआ है. गांव कोरवाकु के अब्बास, भाई शब्बीर परिजनों के साथ बहन के बेटे और बेटी की शादी में शामिल होने रामपुर जा रहे थे.
टाटा मैजिक में उनके परिवार के 26 लोग सवार थे. जैसे ही उनकी टाटा मैजिक दलतपुर काशीराम रोड पर पहुंची सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डीसीएम ने उनके वाहन में टक्कर मार दी.
टक्कर लगते ही दोनों वाहन पलट गए. हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई. कई ग्रामीण मदद के लिए दौड़ पड़े. सूचना पर पुलिस पहुंच गई.
इधर मध्य प्रदेश के भिंड से बारात लेकर उत्तर प्रदेश के ग्राम दुतावली गई बस की लौटते समय माधोगढ़ थाना क्षेत्र के भिंड-बंगरा मार्ग पर ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई।
इस दुर्घटना में 05 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 24 जख्मी हुए हैं। मरने वालों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के और दो मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं।
घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची माधोगढ़ थाना पुलिस ने सभी घायल बारातियों को माधवगढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां पर तीन लोगों की गंभीर हालत के मद्देनजर हायर सेंटर उरई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को ट्वीट कर घटना पर दुख जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को दो-दो लाख रुपये, गंभीर घायलों को 50- 50 हजार रुपये और सामान्य घायलों को 10- 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी।

**बांग्ला सांस्कृतिक मेला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सीएम**

## भाषा व संस्कृति को संरक्षित करना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : सभी भाषा-संस्कृति की अपनी अलग अहमियत है। इससे उस भाषा से जुड़े समुदाय को अलग पहचान मिलती है। इसे संरक्षित और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेवारी है। भाषा की पकड़ जितनी मजबूत होगी, उतना ही मजबूत हमारा समाज और राज्य होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन डॉ रामदयाल मुंडा स्टेडियम, रांची में आयोजित तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए।

**भाषा और संस्कृति के साथ राज्य को आगे ले जाने का प्रयास:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जो संरचना है, उसने अलग-अलग भाषा और संस्कृति का व्यापक प्रभाव है । हमारी सरकार भाषा और संस्कृति के साथ राज्य को आगे ले जाने का लगातार प्रयास कर रही है। यहां रहने वाले हर समाज को मान-सम्मान के साथ जीने का मौका मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**झारखंड में बांग्ला भाषा का विशेष प्रभाव** : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का जो भौगोलिक परिवेश है। उसमें कमोबेश सभी जिले की सीमा किसी ना किसी राज्य के साथ जुड़ी हुई है।विशेष कर पश्चिम बंगाल के साथ झारखंड के सबसे ज्यादा जिले जुड़े हैं। सबसे बड़ी बात की बंगाल से उड़ीसा और बिहार राज्य बना एवं बिहार से झारखंड अलग राज्य बना।ऐसे में किसी ना किसी रूप में बांग्ला भाषा- संस्कृति यहां की धरती में रची बसी है। ऐसे में बिना बांग्ला के झारखंड के सांस्कृतिक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है।



**क्षेत्रीय भाषाओं को बिना जाने समझे झारखंड को आगे नहीं ले जा सकते :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में 10 से ज्यादा स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाएं बोली जाती है। यहां के ग्रामीण परिवेश में हिंदी से ज्यादा क्षेत्रीय भाषाएं बोली जाती है। ऐसे में राज्य के विकास में अहम जिम्मेदारी निभाने वाले हमारे अधिकारी अगर स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं को नहीं समझेंगे, नहीं सीखेंगे और नहीं जानेंगे तो वे स्थानीय लोगों से कैसे संवाद स्थापित कर पाएंगे । इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर हमने अपने अधिकारियों को कम से कम क्षेत्रीय भाषाओं को समझने और जानने को कहा है, ताकि वे ग्रास रूट पर लोगों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें विकास योजनाओं का लाभ दे सकें।

**विविधता में एकता ही हमारे देश की पहचान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न धर्म- समुदाय, भाषा, संस्कृति, रहन- सहन और वेशभूषा वाला देश है । यही विविधता में एकता हमारी देश की पहचान है। यह हमारे देश को मजबूती देती है और पूरी दुनिया इसका लोहा मानती है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, सुप्रियो भट्टाचार्य,रांची के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक समेत बांग्ला समुदाय के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### एटीएस ने पीएफआई से जुड़े 70 संदिग्धों को हिरासत में लिया

**लखनऊ** : इस्लामिक कट्टरपंथी संगठन पापुरलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े करीब 70 संदिग्ध लोगों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) की टीमों ने हिरासत में लिया है। देश विरोधी गतिविधि को लेकर हुई इस कार्रवाई की गोपनीयता बनाए रखी गयी है। एटीएफ मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत में वर्ष 2022 में पीएफआई के बैन लगाये जाने के बाद भी उससे जुड़े लोग गतिविधियों को संचालित कर रहे थे। तमाम साक्ष्यों के आधार पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पीएफआई से जुड़े 211 संदिग्धों को चिन्हित किया गया।

# हरिहरगंज में चिराग पासवान का हुआ भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई के सांसद चिराग पासवान का रविवार को एनएच 98 किनारे भगत तेंदुआ में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल मंदिर तथा पद्मभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान का आदमकद प्रतिमा निर्माण स्थल पर भव्य स्वागत किया गया। वे मेदिनीनगर-औरंगाबाद के रास्ते गढ़वा एक कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे थे। इस दौरान लोगों ने उन्हें फूल माला, गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह भेंट की। वहीं उन्होंने वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के प्रखंड कमेटी के प्रति आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अपने हाथों वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल जी की मूर्ति व स्वर्गीय रामविलास पासवान की प्रतिमा अनावरण करने का कमेटी को भरोसा दिलाया। इस अवसर पर चौहरमल कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान, कोषाध्यक्ष डॉ0 संजय कुमार, सुधा कुमारी, मुखिया जितेंद्र पासवान, रिनू देवी, अरविंद पासवान, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह मुखिया उमेश साव, परीखा पासवान, पिपरा प्रखंड प्रमुख गुडू यादव, रंजीत पासवान, सेवानिवृत्त शिक्षक योगेंद्र पासवान, विनय पासवान, गणपत पासवान, रामविश्वास पासवान, राणा पासवान, विजय पासवान, बिरेंद्र पासवान, विवेक पासवान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# युवक की पहाड़ी पर मिली लाश, हत्या की आशंका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड के सबसे ऊँची चोटी खैरा पहाड़ पर रविवार के दिन निर्माणाधीन शंकर जी के मंदिर के पास मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश। जैसे हीं लास का पता चला ख़बर आग की तरह चारो तरफ फैल गई। सुचना मिलते हीं पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार पूरे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच लाश को अपने कब्जे में लिया। हालाकिं कुछ ही घंटों बाद लास की पहचान गौरव कुमार पिता राज किशोर राम निवासी ग्राम राजबरिया, थाना नवीनगर, जिला औरंगाबाद बिहार के रूप में हुई है। उसके पॉकेट से 29 अप्रेल के दिन लिया गया रेलवे टिकट भी बरामद हुआ है जो की दिल्ली टू डेहरी ऑनसोन तक का है। जानकारी मिली है कि वह अपने पूरे परिवार के साथ दिल्ली में ही रहता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। लेकिन पांडू पुलिस का कहना है कि लाश को पोस्टमास्टम के लिए भेजा गया है, जब तक पोस्टमास्टम रिपोर्ट नहीं आ जाता कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध व्यक्ति रांची रेफर

**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नौडीहा निवासी राजदेव मेहता सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राजदेव मेहता उम्र करीब 60 वर्ष रविवार की सुबह अपने स्कूटी से सड़क पर निकले थे तभी तेज गति से आ रही बोलेरो वाहन जेएच 03 डी 1772 ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें राजदेव मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बोलेरो वाहन ड्राइवर के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। वही इस घटना के बाद इस दुर्घटना से संबंधित मामले की जानकारी लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम राय को दे दी गई है।

## बाबा चौहरमल व राम विलास पासवान के प्रतिमा कि किया गया अनावरण



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बहीयार खूर्द मे बाबा चौहरमल के प्रतिमा स्थापना और पद्मभूषण से संम्मानित लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व.रामविलास पासवान के प्रतिमा का अनावरण रविवार को जमुई (बिहार) के सांसद और लोक जनशक्ति केअध्यक्ष चिराग पासवान एवं पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने संयुक्त रुप से किया। इसके बाद बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा के जिला अध्यक्ष चंदन पासवान और समिति के सदस्यों के द्वारा नेता द्वय को माला, बुके, पगड़ी और तलवार भेट किया गया।मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि हम अपने हाथों से अपने पिता रामविलास पासवान के प्रतिमा का अनावरण करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि रामविलास पासवान चाहते की सभी को संम्मान और बराबर का हक मिले।उन्हे सीएम बनने से रोका गया,पीएम बनने से रोका गया।पांच दशक के उनका राजनीतिक कैरियर बेदाग रहा है।चिराग ने कहा कि उन्होने आजीवन समाज,प्रदेश व देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। वे जिस भी विभाग में रहे आम आदमी की सहूलियतों का खास ख्याल रखा। जिसका परिणाम है कि आज रिक्शा और ठेला वाले के हाथ मे भी मोबाइल है। चिराग ने कहा कि परिवार के सदस्य उनका साथ छोड़कर चले गये, ऐसे में यहां के लोगो ने भाई-बहन बनकर उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है।कुछ लोगों ने पार्टी को तोड़ दिया लेकिन वे विपरीत परिस्थितियों में भी नही टूटे और न कभी टूटेंगे। आज पिताजी के अधूरे सपनो को पूरा करने की जिम्मेवारी उनके ऊपर है,और वे इसके लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहे है। आवश्यकता है समाज के लोगो को एकजुट होकर अपनी शक्ति को पहचानने की।उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाएं दिलो में दूरियां पैदा नही कर सकती ।वे हर कदम पर यहां के लोगों के साथ खड़ा मिलेंगे। उन्होंने प्रतिमा लगाने के लिए भूमि दाता विरेंद्र कुमार पासवान और समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।वही मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि स्व रामविलास पासवान देश को रास्ता दिखाने वाले नेता थे । सभी को साथ लेकर चलने की उनमे अद्भुत कला थी। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे।रामविलास पासवान का व्यक्तित्व सबो के लिए प्रेरणीय था।उन्होंने कहा कि कभी भी रामविलास पासवान धर्म-संप्रादाय की बात नही बल्की समानता,अधिकार और भारत की तरक्की की बात किया करते थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिप अध्यक्ष शांति देवी डीडीसी राजेश कुमार राय, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, समाजसेवी ताहीर अंसारी, वीरेंद्र प्रधान, रामजी पासवान, चन्दन पसवांन, नरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, विरैंची पासवान, कुलदीप पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

# यज्ञ से मन की चेतना का होता है विकास : ब्रह्मदेवाचार्य

**➲तोलरा में 20 मई से बहेगी भक्ति की गंगा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के तोलरा में 20 मई से 25 मई तक होने वाली लक्ष्मी नारायण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है।जो की 30 अप्रैल से हर शाम को छत्तीसगढ़ से पधारे कथावाचक ब्रह्मदेवाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से कथा का आयोजन भी चल रहा है। विष्णु मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष तुलसी तिवारी और सचिव रासबिहारी तिवारी ने बताया कि विष्णु महायज्ञ के लिए।20 मई को गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो गांव की मुख्य सड़क चौराहा होते हुए कोयल और तहले नदी के दोमुहान पर पहुंचकर कलश में जल भरा जाएगा। इसके बाद कलश यात्रा वापस होकर पुन: मंदिर पर पहुंचेगी।जहां यज्ञ में पंडितों के द्वार विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कलश स्थापित कराया जायेगा। कथावाचक ब्रह्मदेव आचार्य जी महाराज ने ने कहा कि यज्ञ से जहां मन की चेतना में विकास होता है, वहीं वातावरण में फैली अशुद्धियां दूर होती हैं। धर्म की चर्चा होने से पूरे क्षेत्र में शांति का वातावरण कायम रहता है। इस युग में मानव कल्याण के लिए यज्ञ, पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य करते रहना चाहिए। शिव लीला तथा राम के लीलाओं को सुनने एवं अनुकरण करने से सभी प्रकार के कष्ट से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु की पूजा करने से कई जन्मों के पाप का अंत होता है। जीवन की सारी विपत्तियों का नाश होता है साथ ही घर की दरिद्रता समाप्त होती है। धन संबंधी समस्याएं खत्म होती हैं। उन्होंने यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि यज्ञ प्रकृति के निकट रहने का साधन है। उन्होंने कहा कि यज्ञ शब्द यज एवं धातु से सिद्ध होता है। इसका अर्थ है देव पूजा, संगति करण और दान। संसार के सभी श्रेष्ठ कर्म यज्ञ कहे जाते हैं। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौत से पांकी विधायक हुए दुखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौत पर कहक कि मुझे बहुत तकलीफ होती है जब किसी व्यक्ति को सड़क पर घायलावस्था में देखता हूं।तो मेरा मन विचलित हो जाता है। एक पल के लिए मानिए तो बहुत व्यथित हो जाता हूँ और मन में एक सवाल आता है कि... क्या यह हमारी जिम्मेदारी नहीं है कि अपनी जान की रक्षा स्वयं करें। सिर्फ ये जिम्मेदारी क्या शासन-प्रशासन की ही है...? एक तरफ जिला प्रशासन, राज्य सरकार से ले कर केंद्र सरकार आम जनों को प्रचार-प्रसार, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लगातार अपील करती है कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन अवश्य करें, ताकि सड़क हादसे से हो रही मौतों को रोका जा सके। विगत दो-तीन दिनों में मैंने अपने विधानसभा क्षेत्र में कई लोगों को अपने पारिवारिक सदस्यों को खोते देखा है। कई लोगों की खुशीयों को गम में बदलते देखा है। इन हादसों के बाद पीड़ितों के घरों का जो हृदय विदारक दृश्य होता है, वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। हम जब तक खुद जागरूक नहीं होंगे तब तक हमारी सुरक्षा और कोई नहीं कर सकता। खास कर युवा पीढ़ी से मेरा निवेदन है कि, थोड़ी सी लापरवाही से जो दुख आपके अभिभावकों को होता है उसे वह जीवन भर आसुओं में डूबकर याद करते रहते हैं। मैंने आम आवाम से आग्रह भी किया कि बाइक चलाते वक्त हेलमेट जरूर पहने और शराब पीकर गाड़ी बिल्कुल भी ना चलाएं। चार पहिया वाहन में चलते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगाएं और ट्रैफिक नियम का पालन अवश्य करें। मोबाइल पर बहुत जरुरी बात करनी हो तो गाड़ी रोककर कर लें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें अपनी जिम्मेदारी को समझें, आपके परिवार को आपकी जरूरत है, आप उनकी उम्मीद हैं।

## पृथ्वीपुर रामेश्वरम मंदिर का मनाया गया वार्षिकोत्सव



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवादाता):** गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड अंतर्गत पृथ्वीपुर में रामेश्वरम मंदिर का पहला वार्षिक उत्सव धूमधाम से शनिवार को मनाया गया। इस दौरान रुद्राभिषेक हवन, पूजन, आरती सहित कई अनुष्ठान हुए। पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा। सभी अनुष्ठान पुजारी अजय पाठक व गौरी शंकर मिश्रा ने संपन्न कराए । यजमान के रूप में सचिव सतीश कुमार मिश्रा व उनकी पत्नी अनामिका मिश्रा पूजा पर बैठे। इसमें मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर अपने-अपने परिवारों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सुबह सात बजे से ही भक्तों का तांता विशेष पूजा के लिए वहां लगने लगा था। पूजा अर्चना का कार्यक्रम देर शाम तक चला। शाम में पुजारी अजय पाठक ने शंकर भगवान, हनुमान एवं मंदिर में स्थापित देवी देवताओं की महाआरती की गई। इसके बाद मंदिर समिति की ओर से भक्तों के बीच भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। यहां आसपास के श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर धन्य हो रही थी। स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर भगवान शंकर धुन के जयकारे से गुंजायमान हो रहा था। वहीं रात्रि में दुगोला का आयोजन किया गया जिसमे व्यास सुरेंद्र पाठक और नवीन पांडेय के द्वारा ने एक से एक बढ़कर भक्ति गीतों पर झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को नृत्य करने को बाध्य कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिथि विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने बताया की दुगोला प्रोग्राम पौराणिक सांस्कृतिक से जुड़ने का साधन है।गीत-संगीत अध्यात्म से जोड़ने का एक सरल मार्ग है। सफल बनाने में जयप्रकाश मिश्रा, रघुनाथ मिश्रा, बैजनाथ राम, रघुनाथ राम, लालदेव राम, शंकर राम, शिवनाथ राम, महेंद्र मिश्रा, अंशु मिश्रा, चंद्रकांत वैद, इत्यादि लोगों ने सहयोग किया।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक ग्राम डगरा में संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक ग्राम डगरा में हुई बैठक की अध्यक्षता राकेश सिंह ने किया। बैठक में सर्वप्रथम ग्रामीणों की जन समस्याओं से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने अवगत हुआ। बैठक की शुरुआत करते हुए वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने लाल झंडा के इतिहास से लोगों को अवगत कराया और उन्होंने कहा कि शोषण मुक्त समाज की स्थापना के लिए कम्युनिस्ट पार्टी का निर्माण हुआ था आज के दौर में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है। 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जमींदारों के खिलाफ अभियान चलाया था आज पुणे पूर्व जमींदार परिवार के द्वारा आदिवासी एवं दलितों की रैयती भूमि पर अवैध कब्जा जमाए हुए हैं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उनके इस मंसूबे को कभी पूरा नहीं होने देगी। भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी एक परिवार है और परिवार के किसी सदस्य के परेशानी एवं तकलीफ में पुरे कम्युनिस्ट पार्टी उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करती है ग्राम डगरा के आदिवासियों एवं दलितों की खतियानी भूमि से बेदखल करने का प्रयास पूर्व जमींदार परिवार के द्वारा किया जा रहा है जिसके खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जन आंदोलन करेगी।

# रविंद्र नाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे : अरविंद पांडे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रवींद्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वह एक कुशल कला मर्मज्ञ कवि लेखक चित्रकार संगीतकार एवं सच्चे देशभक्त थे। उक्त बातें स्थानीय पांकी रोड बारालोटा स्थित आरएन टैगोर पब्लिक स्कूल पब्लिक हाई स्कूल के प्राचार्य अरुण पांडे ने कहा। रविंद्र नाथ टैगोर जयंती के अवसर पर रविवार को स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर जीवन उच्च विचार विचार के महापुरुष थे। रविंद्र नाथ टैगोर इसी के कारण प्रत्येक हिंदुस्तानी के प्रिय थे। उन्होंने जालियांवाला बाग हत्याकांड से दुखी होकर सर की उपाधि लौटा दी थी। शिक्षा के क्षेत्र में रविंद्र नाथ टैगोर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने लेख और भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनोद कुमार सिंह, मनोज चौबे, आरपी सिंह, अशोक शर्मा, मुकेश कुमार, सचिन कुमार, कपिल कुमार डीके पांडे विवेक चौहान अमृता, सेजल, प्रिया, निष्ठा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन करके किया।

# बराही वार्षिक उत्सव धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** पलामू जिला के विख्यात धार्मिक स्थल बराही धाम में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव रविवार को धार्मिक अनुष्ठान भव्य भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। रविवार के सुबह मंदिर परिसर से एक शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे भारी संख्या मे लोग शामिल हुए। जिसमे झारखंड के रामगढ़ से तासा बैंड, दर्जनों घोड़ा आकर्षण का केंद्र बना था। शोभा यात्रा मे शामिल लोगों ने दंगवार मे पहुँचकर भारत वर्ष के महान संत श्री श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी के पाद सेवक जगद्गुरु श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज जी का भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद शोभा यात्रा पुनः बराही धाम परिसर पहुँचा। जहाँ धाम के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर हजारों की संख्या मे धर्मप्रेमी व् श्र्धालुओं ने भी पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। साथ ही लोगों ने भंडारा का महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन औरंगाबाद सांसद सुशील सिंह, झारखण्ड धनबाद के समाजसेवी सत्य प्रकाश सिंह , पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीण ने दिया आवेदन, मिला कार्यालय के कूड़ेदान में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** धुरकी प्रखंड कार्यालय परिसर के कुड़ेदान में प्रखंड अंतर्गत गनियारीकला पंचायत के बिसुनिया गांव के एक आदिवासी ग्रामीण द्वारा विगत दिनो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे दिया गया आवेदन शनिवार को कुड़ेदान मे मिला है। इसका खुलासा स्वयं ग्रामीण ने किया है। उक्त आवेदन के संबंध मे वह ग्रामीण लगातार प्रखंड कार्यालय मे पुछने आया करता था की उनके आवेदन दिए गए आवेदन का क्या हुआ। आपको बता दें राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा सभी कार्यक्रम मे बार-बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे जिक्र कर यह बताना की जो ग्रामीण कभी अपने घर गांव और टोले से निकलकर प्रखंड कार्यालय मे अपनी समस्याओ को अधिकारियों को बताने मे संकोच करते थे उनके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हुआ है और ग्रामीणो ने काफी संख्या मे आवेदन दिए है और कार्यावाई भी निरंतर हो रहा है. लेकिन सीएम के इस निर्देश को धुरकी प्रखंड कार्यालय मे रत्तीभर भी ख्याल रखा नही गया है. ग्रामीण रामचंद्र सिंह ने बताया की उसने गनियारीकला पंचायत सचिवालय मे आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे केसीसी के लिए आवेदन दिया था, और उक्त आवेदन को पुरी तरह से तैयार कर दिया गया था, और वह कभी-कभी प्रखंड कार्यालय मे अपने दिए गए आवेदन के संबंध मे जानकारी लेने आते थे, तो उन्होने स्वयं अपने आवेदन को कुड़ेदान मे देखकर वह दुखी हुए। उन्होने बताया की अब वह इस आवदेन को लेकर उपायुक्त को देंगे और बताएंगे की धुरकी प्रखंड मे सभी अधिकारी कर्मी दिए गए आवेदन अथवा सरकार के दिशा-निर्देश का पालन नही करते हैं।

# टीडीएम इंटर महाविद्यालय भवन का उद्घाटन, प्रतिमा का अनावरण व शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के भवन का किया गया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा ग्राम स्थित ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर महाविद्यालय भवन का उदघाटन, प्रतिमा का अनावरण तथा शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के भवन का शिलान्यास रविवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय पलामू के कुलपति प्रो0 डॉ रामलखन सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला एवम सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय पलामू के कुल सचिव राकेश कुमार सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व विधायक भानु प्रताप शाही के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ.अतिथियों ने इंटर महाविद्यालय के भवन का उदघाटन फीता काटकर, प्रतिमा का अनावरण,डिग्री महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया.इसके बाद अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया.इसके बाद माँ सरस्वती के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया.महाविद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में ÷स्वर से स्वर मिलाकर गायें स्वागत गान-- ÷स्वागत गीत प्रस्तुत किया. उक्त समारोह को संबोधित करते हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 डॉ राम लखन सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है. राज्य में डिग्री कॉलेजो की संख्या कम है.शिक्षकों की संख्या भी कम है.उन्होंने कहा कि शिक्षा की स्थिति में सुधार के लिये अधिक से अधिक डिग्री कॉलेज व विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में शिक्षक छात्र का अनुपात सही होना चाहिये. उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में डिग्री कॉलेज खोला जाना सराहनीय है.उन्होंने कहा कि यह डिग्री कॉलेज नही बल्कि भविष्य के लिये विश्वविद्यालय की नींव है.उन्होंने कहा कि जो लोग भी शैक्षणिक संस्थाएं खोलते है,उनमे समाजिक सेवा का भाव होना चाहिये. उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिये जो भी कार्य होगा उनके स्तर से उसमे विलम्ब नही होगा.नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ राकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा को कैसे बढ़ाया जाय, इस सोच के साथ शारदा महेश प्रताप देव ने ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर कॉलेज खोला था। आज यह इंटर महाविद्यालय का भवन भव्य रूप में खड़ा है। उन्होंने इसके लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया.उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इसी सत्र से इस डिग्री महाविद्यालय में पढ़ाई शुरू हो जायेगा. उन्होंने कहा कि पूरे पलामू प्रमंडल में किसी भी इंटर महाविद्यालय का इतना भव्य भवन नही है.उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के लिये जो कुछ सम्भव होगा,मदद मिलेगा.जिला सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज की नींव है.आज हर व्यक्ति अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहता है. उन्होंने कहा कि यह डिग्री कॉलेज भी इंटर कॉलेज की तरह फलेगा-फूलेगा.उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा दी जा रही है तभी लोग आकृष्ट हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का कार्य सिर्फ न्यायालय में ही नही है.उन्होंने कहा कि न्यायपालिका आज समाज मे भी सशक्त है.समाज का हर अंग मिलजुल कर कार्य कर रहा है.पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आज एक ऐसे महाविद्यालय की नींव रखी जा रही है, जिसकी सख्त जरूरत थी। उन्होंने कहा कि अलखनाथ पांडेय ने शिक्षा के क्षेत्र में जिले को एक अलग पहचान दिलाया है लेकिन श्री देव ने उससे बढ़कर इस क्षेत्र को पहचान दिलाने का कार्य किया है.उन्होंने कहा कि सरकार को भी इस दिशा में अधिक प्रयास करने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकास के लिये सरकार के साथ साथ अन्य लोग भी आगे आये तभी इस क्षेत्र का विकास होगा।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### अंतर स्कूल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेता हुए सम्मानित

**रांची।** वाईएमसीए डोजो कांटा टोली द्वारा चौथा अंतर विद्यालय राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के पदक प्राप्त खिलाड़ियों को स्थानीय वाईएमसीए कांटा टोली रांची में सम्मान समारोह रखा गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर वाईएमसीए पब्लिक स्कूल कांटा टोली की प्रधानाध्यापिका साधना घोष एवं जवाहर विद्यालय धुर्वा की प्रधानाध्यापिका नाजिया उपस्थित थी। साथ ही विमल आनंद नाग मुख्य तकनीकी निर्देशक इस्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर साधना घोष ने कहा हमारे स्कूल में बच्चों के बीच अनुशासन का माहौल बनाने में कराटे का भी विशेष योगदान रहा है। सम्मानित होने वाले इस प्रकार है। 6 से 7 वर्ष में अंश राज काता कांस्य कुमिते स्वर्ण।7 से 8 वर्ष में धनुष कुजूर काता रजत, कुमिते स्वर्ण 7 से 8 वर्ष लड़कियों में अरूही धोष काता रजत, कुमिते रजत। 8 से 9 वर्ष मे समीर प्रताप सिंह काता कांस्य कुमिते कांस्य।9 से 10 वर्ष मे आतिफ आमिर कुरैशी काता कांस्य कुमिते स्वर्ण।10 से 11 वर्ष में अनिरुद्ध दास काता कांस्य कुमिते रजत।11 से 12 वर्ष लड़कियों मे लवनिय सआतमत काता स्वर्ण कुमिते स्वर्ण।11 से 12 वर्ष लडको मे समीन अहमद काता रजत कुमिते कांस्य।12 से 13 वर्ष लड़कियों में अहाना कर्मकार कुमिते कांस्य।12 से 13 वर्ष लडको मे सुमैल अहमद काता स्वर्ण कुमिते स्वर्ण। 13 से 14 वर्ष लड़कियों में यशिका कुमिते कांस्य।13 से 14 वर्ष लडको मे विक्की मुंडा कुमिते कांस्य।

### रातू में पत्थर से हमला कर व्यक्ति की हत्या

**रांची :** रांची के रातू रोड स्थित न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड में शनिवार रात एक व्यक्ति की पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने ऑटो स्टैंड परिसर में शव को देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

# ललन सिंह के टास्क की समीक्षा करने रांची पहुंचे झारखंड जदयू प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची :** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी रविवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जेडीयू प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कुछ टास्क दिया है, उसकी समीक्षा करने के लिए रांची पहुंचे हैं।

पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक होनी है। इसमें झारखंड जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो और पार्टी के लोगों के साथ समीक्षा करेंगे। इसके बाद जिलों का दौरा करेंगे। अशोक चौधरी ने कहा कि उनके साथ पार्टी के सह प्रभारी और बांका के विधायक मनोज यादव भी आये है सह प्रभारी विजय सिंह का आगमन सोमवार को होगा। एयरपोर्ट पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह समेत अन्य नेता भी मौजूद थे।

विपक्षी एकता पर अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी के नेता नीतीश कुमार देश भर में विपक्षी दलों को गोलबंद करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चुके हैं। मैं समझता हूं कि विपक्षी एकता को लेकर बात बन जायेगी।

2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा के चुनाव को लेकर अशोक चौधरी ने कहा कि विपक्षी एकता में सभी लोग शामिल होंगे तो मिलजुल कर चुनाव लड़ेंगे। हमारे नेता नीतीश कुमार की भी इच्छा है कि देश में विपक्षी एकता बने। खासकर बिहार से सटे इलाके झारखंड, बंगाल, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश में संगठित होने की जरूरत है। इसके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है. हमारे नेता को समर्थन भी मिल रहा है। झारखंड जेडीयू के प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि प्रभारी अशोक चौधरी कोर कमेटी के सदस्यों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

# बैंक ऑफ इंडिया का चौथी तिमाही में हुआ 1,350 करोड़ का शुद्ध लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया का निवल लाभ, वर्ष-दर वर्ष आधार पर 123त्न की उछाल आई है। यह वित्तीय वर्ष %22 की चौथी तिमाही में रु.606 करोड़ था जो वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में बढ़कर रु.1,350 करोड़ हो गया। परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 69.67त्न की उछाल आई है। यह वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में रु. 2,466 करोड़ था जो वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में बढ़कर रु. 4.184 करोड़ हो गया। निवल ब्याज आय (एनआईआई) में 37.77त्न की वृद्धि आई है। यह वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में रु.3,987 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में रु. 5,493 करोड़ हो गयी। गैर-ब्याज आय जो वित्तीय वर्ष% 22 की चौथी तिमाहीमें रु. 1,587 करोड़ थी 95.27त्न वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में रु. 3,099 करोड़ हो गयी। वित्तीय वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में यह रु.1,432 करोड़ थी जिसमें क्रमिक आधार पर 116 प्रतिशत की वृद्धि आई है। सीआरएआर 16.28 प्रतिशत और सीईटी-1 अनुपात 13.60 प्रतिशत रहा। सकल एनपीए अनुपात 267 बीपीएस कम होकर 7.31त्न और निवल एनपीए अनुपात 68 बीपीएस कम होकर 1.66त्न हुआ। प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 89.68 प्रतिशत पर रहा। स्लिपेज अनुपात 0.64 प्रतिशत रहा और ऋण की लागत 0.45 प्रतिशत रही। आरएएम अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 12.29 प्रतिशत वृद्धि हुई है और अग्रिमों में उसकी हिस्सेदारी 55.11 प्रतिशत है। प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम, एएनबीसी का 43.28 प्रतिशत है। कासा अनुपात दिसंबर 22 में 44.56 प्रतिशत से सुधरकर मार्च 23 में 44.73 प्रतिशत हो गया।

वहीं वित्तीय वर्ष 23 की बात करें तो निवल लाभ में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.15त्न की उछाल आई है। यह वित्तीय वर्ष 22 में रु.3,405 करोड़ था जो वित्तीय वर्ष 23 में बढ़कर रु.4,023 करोड़ हो गया और परिचालन लाभ जो वित्तीय वर्ष 22 में रु.9,988 करोड़ था, 34.09त्न बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 में रु13,393 करोड़ हो गया। निवल ब्याज आय (एनआईआई) जो वित्तीय वर्ष 22 में रु.14,063 करोड़ थी, 44.17त्न बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 में रु.20.275 करोड़ हो गई और गैर-ब्याज आय, जो वित्तीय वर्ष 22 में रु. 7,879 करोड़ थी, वित्तीय वर्ष 23 में रु. 7,100 करोड़ रही।

# साइबर ठगी का आरोपित हरियाणा से गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** फर्जी बैंकिंग ऐप के माध्यम से ठगी करने के आरोपित अजय कुमार को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। अजय कुमार मूल रूप से हरियाणा के गुडगांव जिले के शिखोपुर स्थित सेक्टर-79 का रहने वाला है। उसके पास से तीन मोबाईल, दो लैपटॉप, एक एटीएम और आधार कार्ड बरामद किया गया है।सीआईडी रांची को साइबर ठगी की जानकारी मिली थी। साइबर थाना में (कांड संख्या 14/2023, 16/2023, 18/2023 एवं 25/2023) प्राथमिकी दर्ज की गई थी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के सहयोग से सभी एपीके फाइलों की जांच हुई तो बैंक के फर्जी इंटरनेट एप्लीकेशन के जरिए लोगों का बैंकिंग डाटा appsdownload.org के सर्वर पर संरक्षित करने की जानकारी मिली। जांच में यह भी पता चला कि बड़े पैमाने पर ठगी को अंजाम दिया जाता है। इसके बाद इस डोमेन को रजिस्टर करने वाले आरोपित अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वाले तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ऑनलाइन के माध्यम से अपनी गाड़ी बेचना या खरीदना चाहते हैं तो आप सावधान हो जाएं। पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहनों का गलत इस्तेमाल करने वाले को 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को गुप्त सूचना मिली थी कि कई लोग फर्जी नंबर प्लेट और गाड़ी के फर्जी कागजात बनाकर वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर ग्रामीण एसपी के निर्देश में एक टीम का गठन किया। पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में गठित इस टीम ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की



और 3 लोगों को जिसमें वकील अंसारी, उरगुटू ठाकुरगांव, आजाद अंसारी, पिठोरिया और आफताब आलम, पाली रातू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी की गाड़ी, फर्जी आरसी, फर्जी नंबर प्लेट, ड्राइविंग लाइसेंस, दो मोबाइल फोन और कई कागजात बरामद हुए। गिरफ्तार अपराधकर्मियों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि यह लोग ओलेक्स जैसे वेबसाइटों से आम आदमी के गाड़ी खरीदने और बेचने के लिए डाली गई, जानकारियों को लेते थे और फिर उसी गाड़ी का फर्जी कागजात बनाकर और नंबर प्लेट लगाकर चोरी के वाहनों को चलाते थे। जिससे किसी को शक ना हो।

# निलंबित आईएएस छवि रंजन से ईडी ने की पूछताछ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेना की कब्जे वाली भूमि और अन्य विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री में भ्रष्टाचार करने के मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन को रविवार को पूछताछ के लिए जेल से ईडी रांची जोनल ऑफिस लाया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी छवि रंजन से पूछताछ की। सेना के कब्जे वाली भूमि और अन्य विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री में भ्रष्टाचार करने के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में ईडी छवि रंजन ने छह दिनों तक पूछताछ करेगी। शनिवार को कोर्ट ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे पहले



शुक्रवार को छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद रांची सिविल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

# राज्य में सत्ता संपोषित भ्रष्ट अधिकारियों, दलालों और बिचौलियों का गठजोड़ : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि राज्य में सत्ता संपोषित भ्रष्ट अधिकारियों, दलालों और बिचौलियों का गठजोड़ है। उन्होंने कहा कि दारू घोटाला, अवैध पत्थर, बालू, कोयला खनन घोटाला, जमीन घोटाला, ट्रांसफ़र घोटाला, ठेका-पट्टा घोटाला हर तरीके से सोरेन सरकार ने राज्य और राज्यवासियों को लूटा है। इतना सब कुछ सामने आने के बाद भी राज्य का मुखिया अनजान बनने का ढोंग रचता है और आदिवासी होने की



दुहाई देकर अपने पापों को ढकने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इनके सिंडिकेट के मास्टरमाइंड से लेकर हर स्तर के एजेंट होटवार जेल का आनंद लेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में जमीन लूट का मास्टरमाइंड छवि रंजन हर अंचल से ढाई लाख रुपये की फिक्स्ड रिश्वत लेता था। जाहिर है अंचलाधिकारी उससे कहीं ज्यादा वसूल कर अपना कट काट कर साहेब को चढ़ावा देते होंगे। 263 अंचलों से साढ़े 6 करोड़ से अधिक राशि तो हर महीने फिक्स्ड थी, फिर बड़े जमीनों में करोड़ों का खेल। अब कल्पना करिए कि एक अंचलाधिकारी कैसे गरीब किसानों और रैयतों से भी रिश्वत वसूल कर ऊपर तक पहुंचाता होगा? उन्होंने कहा कि सुदूर गांवों में का त्रस्त किसान कैसे अपनी पीड़ा ऊपर तक पहुंचाए। गरीबों की शिकायतें ऊपर तक नहीं पहुंचे, इसके लिए सोरेन सरकार ने पहले ही भाजपा सरकार की 181 सेवा को बंद करा दिया था।

# 10 से नशाखोरी के खिलाफ फिर से चलेगा अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहर में दारु, हंड़िया, ड्रग्स , अफीम, चरस, गांजा , डेंड्राइड, वाइटनर, जैसी नशीली पदार्थों का सेवन कर नशा में चूर और बर्बाद हो रहे युवा पीढ़ियों को इस नशाखोरी के अभिशाप से बचाने, शहर को अपराध मुक्त करने एंव बेहतर समाज बनाने की उद्देश्य से लोअर बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बार फिर से नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक लोअर बाजार थाना अंतर्गत हजारीबाग रोड स्थित मोहम्मद फारुख के आवास पर हुई। इस बैठक में सामुहिक रुप से निर्णय लिया गया कि कांटा टोली चौक हजारीबाग रोड स्थित आस पास के मार्केट के नजदीक कुछ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है और ये लोग नशाखोरी का कारोबार कर रहा है। ऐसा होने से कांटाटोली क्षेत्र की गली मोहल्ले में रहने वाले कुछ युवा हैं जो इस नशे का आदि हो रहे हैं, जिससे न सिर्फ एक घर बल्कि पूरा समाज इससे प्रभावित होने लगा है , इस अभिशाप को खत्म करने के लिए समाज के सभी युवाओं, युवतियां, महिलाएं,पुरुष सभी समुदायों के समाजसेवी लोगों को जोड़ा जा रहा है। ताकि उजड़ते हुए घर परिवार और समाज को बचाया जा सके ।इस अभियान को मजबूती और बढ़ते हुए अपराध को नियंत्रण करने के लिए स्थानीय थाना का भी सहयोग लिया जाएगा।इस बैठक में कहा गया कि पिछले वर्ष झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरेश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में नशाखोरी का सफलतापूर्वक अभियान पूरे रांची शहर में चलाया गया था, इस अभियान में तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र झा मुख्य रूप से शामिल हुए थे , और काफी हद तक नशा पर कंट्रोल किया गया था, कई नशा के कारोबारी की गिरफ्तारी भी हुई थी। एक बार फिर इस अभियान की शुरुआत से पूर्व दस मई 2023 को एक बैठक युनिहाइट्स मार्केट परिसर में रखी गई है। इस बैठक में लोअर बाजार थाना प्रभारी,नगर डीएसपी,सिटी एसपी को भी आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद फारुख, हासिब , एजाज कुरैशी, मुजीब कुरैशी, राजू, आसिफ, अकबर, रौशन, मुस्तफा, सुहेब, परवेज कुरैशी,अंशु आदि उपस्थित हुए।

# तीन दिवसीय यात्रा पर झारखंड आ रहे हैं समाज शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** समाज शक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी मोहम्मद रागीब अहसन ने रांची आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा है कि तीनदिवसीय यात्रा पर 9 मई को पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष महताब आलम साहब झारखंड आ रहे हैं झारखंड के कई अहम मुद्दों को लेकर पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ नेता गण के साथ रांची में करेंगे बैठक साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कई जिला क्षेत्रों का करेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष महताब आलम के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मुंतज़रि आलम भी रहेंगे शामिल। उन्होंने कहा कि समाज पार्टी जाति ,धर्म, रंगभेद से ऊपर सारे समाज को लेकर चलेगी। पार्टी का विस्तार पूरे झारखंड में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मेहताब आलम के दिशा निर्देश पर झारखंड के सभी जिलों में कार्यकर्ता को सदस्य बनाया जा रहा है ,अब तक कई लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। आने वाले 3 महीने में इसका परिणाम झारखंड में दिखाई देगा।


# महिला ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** चुटिया थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के समीप एक महिला ने रविवार को अपने घर में खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान स्वर्ण लता देवी (35) के रूप में की गई है। वह राजेंद्र लोहरा की पत्नी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि खुदकुशी के कारणों का पता अब तक नहीं चल पाया है ।

# मथुरा महतो से तोपचांची झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो से ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने तोपचांची झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की है। साथ ही उनसे 15 जून से 18 जून तक हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम के समीप जवाहर घाटी में आयोजित होने वाले एक 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता में सरकार स्तर पर सहयोग दिलाने की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई करने की



अपेक्षा जताया है। इस बाबत ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बीसी ठाकुर व महासचिव सोनी प्रसाद ने रविवार को मोरहाबादी दीनदयाल नगर में मथुरा प्रसाद महतो से उनके आवास पर मिलकर बातों को रखा। उन्हें इस बात से अवगत कराया कि राज्य में ड्रैगन बोट नामक इस वाटर स्पोर्ट्स की शुरुआत गत वर्ष से हुई है। इस वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल में ब धनबाद जिले के एवं राज्य के नौजवान, बालक - बालिकाओं, खिलाड़ियों को अपना भविष्य निखारने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

तोपचांची झील में ड्रैगन बोट वाटर स्पोर्ट्स खेल का प्रशिक्षण केंद्र खुलने जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हो सकेगा, वहीं स्थानीय लोगों को भी रोजगार प्राप्त हो सकेगा। तोपचांची झील में सैकड़ों की संख्या में पर्यटक आते हैं और इन लोगों को भी नए अवसर प्राप्त होंगे।

# कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे : मधुसूदन मोदक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनी रहे इसी उद्देश्य से डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने शान्ति समिति के सदस्यों एवं समाज के गणमान्य लोगों के साथ मिलकर क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इस दरम्यान थाना प्रभारी मोदक ने व्यवसायियों, दुकानदारों एवं आमजनों से मिलकर बातचीत की उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उन्हें सहयोग करने का विश्वाश दिलाया।

थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि- किसी भी व्यापारी व दुकानदारों को कोई परेशानी न हो ऐसी हमारी हमेशा प्रयास रहेगी, पुलिस आपका मित्र है बस आप कानून के दायरे में रहे। उन्होंने कहा कि- क्षेत्र में घटित हर छोटी बड़ी घटनाओं की सूचना आप ससमय पुलिस को दें, ताकि समय पर उसका निदान किया जा सके । वहीं इस मौके पर समाजसेवी नेता जितेंद्र गुप्ता ने कहा थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक के द्वारा यह अच्छी पहल है , ताकि लोगों



के बीच जो भी समस्याएं हैं उसकी शिकायत थाना प्रभारी को मिलेगी तो तुरंत निदान किया जाएगा ऐसा प्रयास हो इसके लिए जन संपर्क अभियान चला रहे हैं।

राजेन्द्र सिंह ने कहा कि- लोग समस्याए लेकर पुलिस के पास आती थी पुलिस भी अब पास जाकर लोगो की समस्याएं सुन रही है यह एक अच्छी पहल है। हाजी फिरोज ने कहा कि- पुलिस की कार्यशैली सराहनीय है। इस मौके पर समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता, हाजी फिरोज, राजेन्द्र सिंह मो नेसार, इम्तियाज आदि शामिल थे।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुप्त सूचना के आधार पर लोअर बाजार थाना की पुलिस ने मिशन चौक के पास वाहन चैकिंग लगाया। इस दौरान लोअर बाजार पुलिस ने दो युवक को पकड़ा लिया। वहीं पकड़े गए दोनों युवकों से गाड़ी के कागजात मांगी गई, लेकिन वह मौके पर कोई कागजात उपलब्ध नहीं करा पाया ,पुलिस ने उससे पूछताछ की जिसमें वह किसी भी बात का सही जवाब देने में असमर्थ रहा।

पुलिस ने दोनों को चोरों को चोरी



की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार युवक का नाम रियान राजा और मुर्शिद आलम है। पुलिस ने बताया कि मुर्शिद आलम पहले भी चोरी और आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। मुर्शिद आलम नशा का कारोबारी भी है, पुलिस के अनुसार वह खतरनाक लड़का है बड़ी घटना में शामिल रहा चुका है।

## मवेशी चोरी के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बूढ़ेई पुलिस ने बुढ़ई थाना कांड संख्या- 36/23, दि0- 05.05.2023 धारा 379/411 भा द वि के अतंर्गत मवेशी चोरी करने के आरोप में कादिर शेख उम्र करीब 30 वर्ष पिता स्व0 समसुल शेख ग्राम- पहाड़पुर, थाना- बुढ़ेई जिला देवघर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है घटना के संबंध में थाना प्रभारी हीरालाल तुबीद ने बताया कि रघुनाथपुर जगदीश टोला निवासी विजय सोरेन ने ग्रामीणों के सहयोग से एक मवेशी चोर को रंगे हाथ शुक्रवार को पकड़ा आरोपी पहाड़पुर निवासी कादिर शैख को कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया पुलिस को दिए आवेदन में विजय सोरेन ने कहा कि प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी गाय को चरने के लिए जंगल में छोड़ दिया गया काली भूरी रंग की गाय को कुसुम गढ़ा जंगल में देखने गया तो वह गायब थी खोजबीन करने पर खजूर के पेड़ के पास में एक व्यक्ति को लाल चैकदार गमछा से गाय को बांधकर ले जाते देखा हो हल्ला पर ग्रामीणों ने पहाड़पुर निवासी कादिर शेख को पुलिस के हवाले कर दिया जहां आज उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## युवती के साथ यौन शोषण मामले का आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक युवती के साथ 3 सालों से दोस्ती का नाटक करते हुए यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार करने के मामले में मधुपुर महिला पुलिस ने आरोपी युवक को मधुपुर से गिरफ्तार किया दरअसल घटना के बारे में बताया जाता है कि झारखंड के सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 27 वर्षीय युवती को मधुपुर के सात्तर गांव का एक युवक के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर पिछले 3 साल तक दिल्ली में यौन शोषण किए जाने का एक मामला में पीड़िता अपनी बड़ी बहन और सहेली के साथ बिते बुधवार को मधुपुर महिला थाना पहुंचकर आवेदन देकर घटना की जानकारी पुलिस को दिया था । पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में एक घर में खाना बनाने की काम करती है । जिस फ्लैट में वह काम करती थी । उसी के नीचे मधुपुर थाना क्षेत्र के सात्तर गांव का जुगल रजक नामक युवक से उसकी दोस्ती हुई धीरे-धीरे दोनों में प्रेम हो गया । इस मामले में पीड़िता ने महिला थाना में आरोपित युवक और उसके भाई छोटन रजक के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी युवक जुगल रजक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## बगरीडीह से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डोमचांच(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवलशाही थाना क्षेत्र के मसमोहना मे नबालिक के दुष्कर्म आरोपी शंकर दास पिता घोपलाल दास बगरिडीह निवासी को नवलशाही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें की थाना कांड संख्या 32/2023 धारा 376 भा0 द0 वि0 एवं 4/6 पोक्सो अधिनियम के प्रथमिकी अभियुक्त शंकर दास उम्र 22 वर्ष पिता घोपलाल दास उर्फ़ घुपलाल दास, ग्राम बगरीडीह, थाना डोमचांच को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**डोमचांच(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत बगड़ो निवासी जितेंद्र तूरी, (35), पिता- स्व सरजू तुरी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। आरोपी डोमचांच थाना अंतर्गत कांड सं 48/2023 के प्राथमिकी अभियुक्त था।

## हैंड इन हैंड इंडिया ने निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**चंदवारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के भोंडो पंचायत के चौराही गांव में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा आयोजित किया गया । जिसका संचालन राजेश कुमार (सहायक परियोजना प्रबंधक) एवं नीतीश पाण्डेय (प्रखण्ड प्रबंधक) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भोंडो पंचायत की मुखिया कोयल देवी के द्वारा किया गया। मुखिया कोयल देवी ने कहा कि अपने स्वास्थ्य का हमेशा ख्याल रखें, स्वस्थ रहें, आप स्वस्थ रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा ,अपने घर के आस-पास में साफ सफाई का ख्याल रखें । इस शिविर में डॉक्टर अभिजीत रॉय जनरल फिजिशियन एवं लूना मित्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा इस कैंप में चौराही गांव के लोगों का इलाज किया गया जिसमें कुल 135 लोगों का इलाज किया गया और निशुल्क दवा भी वितरण की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहायक परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार, राजन विश्वकर्मा एवं मोहम्मद जकीउल्लाह,ब्लॉक मैनेजर नीतीश पांडे, एमआईएस दीपक कुमार वॉलिंटियर लक्ष्मी देवी ,पिंकी देवी ने अथक मेहनत की ताकि लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रखें। इस कार्यक्रम का समापन नीतीश पांडे द्वारा किया गया।

## घाटी में बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक महिला गंभीर, चार को चोट

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी नौवां माइल के समीप रविवार कि सुबह 10:00 बजे एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बोलेरो पर सवार एक महिला घायल हो गई, जबकि चार अन्य लोगों को मामूली चोट लगी है। घायल महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया है, घायल महिला की पहचान हजारीबाग जिले के चौपारण निवासी रेखा देवी उम्र 40 वर्ष पति रंजीत प्रसाद के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बोलेरो पर सवार सभी लोग चौपारण से बिहारशरीफ जा रहे थे। इस दौरान घाटी में बोलेरो वाहन पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।



## हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बगडो में बीती रात एक व्यक्ति ने छत पर सो रहे एक युवक पर लोहे से हमला कर दिया, जिसके बाद आनन -फानन उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहाँ उसकी स्थिति गंभीर देखते उसे रिम्स रेफर कर दिया गया जहाँ इलाज के दौरान हो उसकी मौत हो गई. वहीं पुलिस हत्यारा बगड़ो निवासी जितेंद्र तूरी, (35), पिता- स्व सरजू तुरी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। इसलिए बाबत कांड सं 48/2023 दर्ज किया गया.

# खाद्य कारोबारी फूड लाइसेंस प्राप्त कर कारोबार करें : एसडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गोड्डा :** अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा जे सी विनीता केरकेट्टा के द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी प्रकृति का खाद्य व्यवसाय यथा- होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, पानी विक्रेता, खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, भंडारक, उत्पादक, ठेला-खोमचा, मिठाई दुकान, परिवहक, फल-सब्जी के दुकान, सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैंटिन, मेडिकल स्टोर, मीट / मछली / मुर्गा के दुकानदारों, विक्रेता उत्पादन, भण्डारण, वितरण, प्रसंस्करण, लेबलिंग, पैकेजिंग, परिवहन, आयात-निर्यात इत्यादि हेतु फुड लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस निमित्त विभिन्न माध्यमों से पूर्व में भी सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया गया है। खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए दिनांक 08.05.2023 (सोमवार) को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक प्रखण्ड कार्यालय सभागार, पोड़ैयाहाट में फूड लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन हेतु एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अभिहित अधिकारी - सह - अनुमण्डल पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा बताया गया कि बिना वैद्य फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के दुकान संचालन करने पर पांच लाख रूपया का जुर्माना तथा छः माह के कारावास का प्रावधान है। सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता को निदेश दिया जाता है कि अपने प्रतिष्ठान/ दुकान का फूड लाईसेंस/ रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें अन्यथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। जिसके लिए खाद्य कारोबारी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, छः घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा/मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया में रविवार को दो पक्षों के बीच हुए मारपीट की घटना में कुल 6 लोग घायल हो गए। जिसमें से एक महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि पूरा मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। मारपीट की घटना में घायल होने के बाद सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां एक पक्ष के मनोज मेहता उम्र 49 वर्ष पिता चंद्रिका मेहता ने बताया कि 5 मई को उनके गोतिया के साथ पुश्तैनी जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर कुछ विवाद हुआ था। जिसको लेकर समझौता हो गया था। मनोज मेहता ने बताया कि दूसरे पक्ष का पुत्र राजेश कुमार उम्र 24 वर्ष पिता यमुना मेहता शनिवार को दिल्ली से वापस लौटा। इसके बाद रविवार की सुबह यमुना मेहता का परिवार अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उनके घर पर अचानक हमला बोल दिया और घर में घुसकर उनके बेटे पुरन मेहता उम्र 16 वर्ष और पप्पू मेहता उम्र 20 वर्ष के ऊपर चाकू से वार कर घायल कर दिया। मनोज मेहता ने आरोप लगाया है कि इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों के द्वारा धारदार हथियार से वार करने का प्रयास किया गया । लेकिन सभी ने अपने आप को कमरे में बंद कर अपनी जान बचाई। इस दौरान उन लोगों के द्वारा घर में रखे गए सामानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है और वाहन में भी तोड़फोड़ की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

## हैंड इन हैंड इंडिया ने सामाजिक सुरक्षा योजना जागरुकता शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** चंदवारा प्रखंड के भोंडो पंचायत के चौराही गांव में हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के द्वारा सहसंखा के बैनर तले सामाजिक सुरक्षा योजना जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहया बढ़नी देवी ने सावित्री बाई फुले योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में बताया। हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक मोहम्मद जकीउल्लाह ने हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के कार्यो को विस्तार पूर्वक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अजीविका के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को जन-जन तक जागरूक करना है । झारखंड सरकार के सावित्री बाई फुले योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के , ब्लॉक मैनेजर नितीश कुमार, एपीएम राजेश कुमार, एपीएम राजन विश्वकर्मा, एमआईएस दीपक कुमार, लक्ष्मी कुमारी, पिंकी कुमारी , सेविका , सहिया, वार्ड सदस्य एवं सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। यह कार्यक्रम हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन एवं सहायक परियोजना प्रबंधक मोहम्मद जकीउल्लाह के निगरानी में झारखंड के कोडरमा एवं बिहार के नवादा गया एवं मधुबनी जिला में कार्यक्रम कराए जाते हैं।



## जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवघर :** जम्मू और कश्मीर के महामहिम उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का देवघर आगमन हुआ। इसके पाश्चत महामहिम उपराज्यपाल ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व तिर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके पश्चात उपराज्यपाल द्वारा सपरिवार द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गयी। इसके अलावा पूजा अर्चना पश्चात मौके पर उपस्थित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने महामहिम उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह व बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद प्रदान किया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा प्रभारी पुलिस अधीक्षक नाथू राम मीना, अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी दीपांकर चौधरी, प्रशिक्षु आई.ए.एस अनिमेष रंजन एवं संबंधित अधिकारी, दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।



## सर्वजन पेंशन योजना के तहत पंचायत वार कैंप का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा :** रविवार को गोड्डा सर्वजन पेंशन योजना के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत पंचायतवार कैंप का आयोजन किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत विभिन्न प्रखंडों में कैंप के माध्यम से 2414 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना तहत 1689, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के तहत 450, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना के तहत 168 ,स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना तहत 107 को पेंशन का लाभ मिला है। मौके पर विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



## स्पोर्ट्स गार्डन के तत्वाधान में समर कैंप का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** शहर में क्रिकेट को बढ़ावा देने की अग्रणी संस्था विनीत स्पोर्ट्स गार्डन के तत्वाधान में समर कैंप का उद्घाटन समारोह शनिवार देर शाम को विनीत स्पोर्ट्स गार्डन के कैंपस में आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने क्रिकेट एकेडमी की भूरी -भूरी प्रशंसा की एवं कहा कि इस तरह के संयोजित ढंग से खेल प्रशिक्षण से बच्चे एक तो मोबाइल के लत से छुटकारा पाएंगे और शारीरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत हो पाएंगे। विधायक श्री यादव ने कहा की क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं जरूरत है सही दिशा और निर्देश देने की जो विशाल शूद अपने एकेडमी के द्वारा देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि ऐसे एकेडमी से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है ।उन्होंने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि कि तकनीकी तौर पर बच्चों के खेल में और निखार आएगी ।उन्होंने इस एकेडमी से राज्य स्तरीय खेल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा की इस एकेडमी के सहारे और भी बच्चे राज्य स्तरीय और देश का भी प्रतिनिधित्व कर सकेंगे यह इस क्षेत्र के लिए गर्व का विषय होगा। संस्था के निर्देशक विशाल सूद ने एकेडमी की विस्तृत जानकारी दी एवं अपने संकल्प को लोगों के सामने रखा। विनीत स्पोर्ट्स गार्डन के चैंपियन खिलाड़ियों में अभय कुमार सिंह, आभास मुखर्जी ,आयुष पांडे अपने अनुभव को लोगों के बीच रखा। मौके पर अभिभावक सुजीत कुमार , सोनल खेतान, श्वेता जैन ने भी अपने विचार लोगों के समक्ष रखा और एकेडमी से उनके बच्चों में हो रहे सर्वांगीण विकास को भी लोगों के बीच साझा किया। मौके पर विनीत सूद, शिवनंदन सिंह ,अशोक कुमार, मनान वारसी, आदि थे।




## भारत की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर : विद्रोह कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मधुपुर :** रवीन्द्रनाथ टैगोर ने जन गण मन अधिनायक कविता की रचना की ।देश राष्ट्रीय भावनायो और विचारों से प्रफुल्लित हो गया । आज उनकी एक एक सौ बाषठवी जन्मदिन पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। वे बंग्लादेश के राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्लादेश के अमर रचनाकार शिल्पी भी थे। 1902 मे उन्होने शांतिनिकेतन के नाम से अपने प्रिय गांव बोलपुर मे मुट्ठी भर लड़को,लड़कियां और कुछ समर्पित शिक्षकों के साथ अपना स्कुल शुरू किया ।यह उस प्रकार का स्कुल नहीं था जहां उन्हे अपनें शुरुआती दिनो मे मानसिक रूप से धूटन महसूस होती थी ।यहां छात्रों ने अध्ययन और सेवा का एक सरल जीवन व्यतीत किया ।कक्षाएं खुलीं हवा मे आयोजित की जाती थी, अधिमानतः पेड़ो की छाया के नीचे, जहां छात्र सिमेंटेड बेंचो पर बैठते थे, और शिक्षकों के लिए थोड़ा उंचा और सीमेन्ट वाला मंच होता था।यह एक अभ्यास जिसका अभी भी विश्वविध्यालय और उनके छात्रों द्वारा पालन किया जाता है ।उन्हे शिक्षा का सही अर्थ मालुम था ।इनके अनुसार, सर्वोत्तम शिक्षा वही है,जो सम्पुर्ण दुनिया के साथ साथ हमारे जीवन का भी सामंजस्य स्थापित करती है ।हिन्दी साहित्य में टैगोर का योगदान बहुत ही बड़ा और अविस्मरणीय रहा ।बहुत छोटे से उम्र में ही उनकी पहली कविता अभिलाषा एक तत्व भूमि नाम की पत्रिका में छपी थी ।

## नीट यूजी की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ नेशनल टेस्टिंग ऐजेंसी द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा (मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट) 2023 झुमरी तिलैया स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में कदाचार मुक्त व शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल कुल 474 परीक्षार्थियों को शामिल होनी थी। लेकिन 12 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। अर्थात 462 परीक्षार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा दिया। बच्चों को परीक्षा के दौरान कोई दिक्कत न हो इनकी पूरी ख्याल रखते हुए परीक्षा से संबंधित सारी व्यवस्था ससमय पूरा किया गया। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में सिटी को-कॉर्डिनेटर सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, परीक्षा के पर्यवेक्षक सह विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक अनिल कुमार, सेंटर सुपरिटेंडेंट मौसमी मल्लिक, सेंटर ड्यूटी सेंटर सुपरिटेंडेंट विनीत कुमार सिंह, मजिस्ट्रेट जगरनाथ प्रसाद एवम डीएवी स्कूल के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का अहम योगदान रहा। परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार सिंह ने अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहें।



## संकट मोचन मंदिर शहीद चौक की प्रबंध समिति का पुनर्गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डोमचांच :** संकट मोचन मंदिर, डोमचांच(शहीद चौक) की प्रबंध समिति के पुनर्गठन हेतु डोमचांच के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों, धर्म प्रेमियों की बैठक शहीद स्मारक प्रांगण में रविवार को प्रातः 8ः00 बजे संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सह शिक्षाविद् सुनील कुमार सिन्हा ने की और संचालन प्रबंध समिति के पूर्व उपाध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने किया. प्रबंध समिति के पुनर्गठन के पूर्व उपस्थित सैकड़ों लोगों ने मंदिर के प्रबंधन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श किया. विचार विमर्श के उपरांत ग्यारह सदस्यीय प्रबंधन समिति का गठन किया गया. नवगठित प्रबंध समिति में अध्यक्ष पंकज साव, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, सचिव विवेक कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष राजू यादव तथा सात अन्य सदस्यों सुरेश कुमार (पूर्व मुखिया), प्रवीण मित्तल, सोनू कुमार, पप्पू कुमार मेहता, प्रमोद कुमार, रितु साव, किरण प्रकाश का चुनाव किया गया . नवगठित प्रबंध समिति का कार्यकाल 7 मई 2023 से 6 मई 2026 तक 3 वर्षों के लिए तय किया गया. बैठक में डोमचांच नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष राज कुमार मेहता, निवर्तमान उपाध्यक्ष पप्पू कुमार मेहता, उमेश वर्मा, समाजसेवी देवेंद्र कुमार मेहता, राजेश सिंह, बसंत मेहता, मनोज रजक, त्रिलोचन मेहता, प्रभाकर लाल रावत, रौशन सिन्हा, अमरदीप साव, हरिश चंद्र मिश्रा, महेंद्र यादव, भीम सिंह, श्याम लाल यादव,अजय सिंह, अशोक मेहता, महेंद्र कर्पूर, राजेश साव, शकुंतला मेहता, प्रेमचंद गुप्ता, त्रिवेणी विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार राम, अरुण मेहता, महेश प्रसाद साव, अरविंद साव, शंकर राणा प्रमोद साव, द्वारिका मेहता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे. बैठक समाप्ति के पूर्व संकट मोचन मंदिर के स्थापक स्वर्गीय वासुदेवाचार्य टुनटुनियां बाबा की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की.



## जेबीएनएल ने 775 उपभोक्ताओं का किया डीपीएस माफ अप्रैल माह में 634 उपभोक्ताओं का कटा कनेक्शन

### 98 पर हुआ विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** झारखंड ऊर्जा विकास बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वाधान में वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम के तहत अप्रैल माह में कोडरमा जिला में 775 उपभोक्ताओं का डीपीएस माफ किया गया। इन उपभोक्ताओं पर एक करोड़ 35 लाख 67 हजार का बकाया था। जिस पर 5 लाख 73 हजार 3 सौ रुपया का शुद्ध व्याज माफ किया गया ।कोडरमा के विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह स्कीम 30 जून तक चलेगी ।विभिन्न पंचायतों में इसके लिए अलग-अलग तिथियों में शिविर लगाया जाएगा । दिसंबर 2022 तक के बकायेदारों को माफी का लाभ मिल सकेगा उन्होंने बताया कि शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ साथ कृषि के लिए 5 किलो वाट तक इस स्कीम का ब्याज माफ किया जा रहा है ।ऐसे उपभोक्ता को सिर्फ ठ्ठद्द की राशि देनी होगी किस्त पर भुगतान करने पर ब्याज 2 से 30त्न फ़ीसदी तक छूट मिलेगी ।वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम के तहत एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज 100 फ़ीसदी माफ होगा। ईई मनोज सिंह ने बताया कि अप्रैल माह में पूरे जिले में 309 उपभोक्ताओं के यहां छापामारी की गई जहां की विभिन्न थानों में 98 उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज किया गया और इन उपभोक्ताओं पर 21 लाख 38 हजार ?43 का जुर्माना लगाया गया वहीं जिले में 634 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा गया उपभोक्ताओं पर एक करोड़ 43 लाख का बकाया था। उन्होंने यह भी बताया कि कोडरमा जिले में 30हजार उपभोक्ताओं पर 45 करोड़ से ऊपर का बकाया है उन्होंने बकायेदारों से शीघ्र ही राशि के भुगतान की अपील की उन्होंने यह भी कहा कि 5000 से ऊपर के बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काटने का अभियान शुरू किया जा रहा है ।वही अप्रैल माह में कोडरमा जिला में 8 करोड़ रुपए का राजस्व वसूली किया गया। जबकि मार्च माह में 9करोड़ 51लाख का राजस्व वसूला गया था ।

## बोड़ाम में खुला टीवीएस का शोरुम, ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नरभेराम टीवीएस की ओर से रविवार को बोड़ाम बाजार में हाईस्कूल के समीप मां भाग्य टीवीएस का शोरूम खोला गया। इसका विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा के कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र नाथ महतो ने फीता काटकर किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पटमदा दक्षिणी के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, बोड़ाम के जिला पार्षद प्रतिनिधि माणिक चंद्र महतो, बीस सूत्री उपाध्यक्ष विनय मंडल, बुद्धिजीवी मंच पटमदा के अध्यक्ष गोपाल कुमार, शिक्षक जगदीश प्रसाद मंडल, संतोष कुमार सिंह, मिहिर कुमार प्रमाणिक, उज्वल कांति दास, गुरुचरण सोरेन, रामपद महतो, मदन मंडल, हिमांशु महतो, प्रफुल्ल मंडल, अनिल कुमार तुलस्यान, मदन मोहन महतो, भीम मंडल, मनोज महतो, क्षेत्रमोहन गोप, आशुतोष महतो, गणेश महतो, विवेक महतो, शत्रुघ्न सिंह, भरत कुंभकार, शशिभूषण सिंह, भगीरथ मंडल, अशोक मंडल व कैलाश मंडल आदि मौजूद थे। इस मौके पर शोरूम के संचालक विजय कुमार मंडल ने बताया कि सभी ग्राहकों के लिए 30 मई तक आकर्षक उपहार के रूप में प्रत्येक टू व्हीलर के साथ एक हेलमेट मुफ्त दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने बताया कि मोपेड (टीवीएस एक्सएल सुपर) की खरीदारी पर कंपनी की ओर से डेढ़ हजार रुपये की विशेष छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यहां फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। बताते हैं कि पहले ही दिन में 1 गाड़ी डिलीवरी की गई जबकि क्षेत्र के 8 लोगों ने बाइक व मोपेड की बुकिंग कराई है, फाइनेंस की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें डिलीवरी की जाएगी।

## 44 उपभोक्ताओं ने जमा किया ढाई लाख, पौने दो लाख का ब्याज हुआ माफ



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर पंचायत भवन में शनिवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से ओटीएस कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों से पहुंचे 44 उपभोक्ताओं ने देर शाम तक कुल 2 लाख 48 हजार 720 रुपये जमा कराया। जबकि विभाग की ओर से पुराने बिल पर 1 लाख 72 हजार 167 रुपये का ब्याज माफ किया। शिविर में पंचायत के मुखिया शत्रुघ्न सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए शिविर का लाभ उठाने की अपील की। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता अमीर हामजा बताया कि शिविर में 31 दिसंबर 2022 तक के बिल का ब्याज माफी की सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायतों में अलग-अलग तिथि पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में कनीय सारथी पुरुष प्रीतम भारती व लाइनमैन पुतुल प्रमाणिक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कुश्ती ट्रायल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसवां जिला के कुकडू प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूदा, कन्या में सरायकेला खरसावां जिला कुश्ती संघ के बैनर तले एकदिवसीय जिला स्तरीय कुश्ती ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ फीता काटकर तिरुलडीह थाना प्रभारी रितेश कुमार, कुकडू प्रखंड के उप प्रमुख मोहम्मद एकराम एवं जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। इस कुश्ती ट्रायल प्रतियोगिता में अंडर 15 वर्ग के बालक एवं बालिकाएं ने भाग लिया । जहां इनका ट्रायल के माध्यम से चयन किया जाएगा। वहीं चयनित खिलाड़ी 13 मई 2023 को रांची के होटवार में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वैसे प्रतियोगिता के शुभारंभ के बाद, पूर्व में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा ट्रैक शूट देकर सम्मानित भी किया गया। कुस्ती संघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि कुस्ती संघ का उद्देश्य है कि गांव के खिलाड़ी भी राज्य, राष्ट व अन्तर्राष्टीय स्तर पर अपना पहचान बना पाए। उन्होंने कहा कि आज राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। मौके पर उप प्रमुख मोहम्मद एकराम, शिक्षक लक्ष्मण महतो आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिव मंदिर निर्माण को लेकर मंदिर निर्माण समिति व ग्रामीणों की बैठक आयोजित

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवागढ़ में शिव मंदिर निर्माण को लेकर रविवार को मंदिर निर्माण समिति की बैठक नवागढ़ स्थित शिव मंदिर परिसर धुमकुड़िया भवन में हुई।इस की अध्यक्षता मानकी कामख्या नारायण शाही ने की।बैठक में मंदिर निर्माण को लेकर विशेष और महत्वपूर्ण चर्चा की गई बैठक में निर्णय लिया गया कि इस सप्ताह मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।इस मंदिर का इतिहास बहुत ही प्राचीन है।क्षेत्र का सबसे पुराना मंदिर है। इस क्षेत्र में काफी पुराना मंदिर है।लोगों का मानना है कि इस मंदिर में जो भी मन्नत मांगी जाती है।सभी का मनोकामना पूरी होती बैठक में रांची के बरियातू निवासी समाजसेवी सह आजसू नेता मोहसिन खान उपस्थित थे।उन्होंने मंदिर निर्माण समिति को भरोसा दिलाया कि मैं अपने स्तर से मंदिर निर्माण कार्य में हर संभव सहयोग करूंगा। इस अवसर पर अनगड़ा पूर्वी के जिला परिसद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा ने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य सब के सहयोग से हर हाल में पूरी की जाएगी।बैठक का संचालन समिति के सचिव दिलीप कुमार मिर्धा ने किया। इस अवसर पर नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया, संजय उपाध्याय, कमलेश करमाली,अनिल हजाम,रामदेव पांडे, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कर्रा के होचोर गांव में विगत 11माह बाद बिजली लौटी

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरियागढ़ पंचायत के होचर ग्राम मे विगत 11 महीने बाद बिजली लौटने से बिजली उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया.ज्ञात हो जरियागढ़ पंचायत के होचोर गांव में विगत 11 माह से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने झामुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केसरी को दिया था उन्होंने इस समस्या से विभाग को अवगत कराया और रविवार को ट्रांसफार्मर लगाकर होचोर गांव में बिजली बहाल करायी गयी. जिसका रविवार को विधिवत उद्घाटन खूंटी जिला झामुमो सोशल मिडिया प्रभारी राहुल केशरी, झामुमो पंचायत अध्यक्ष खेदन लकड़ा ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया. ट्रांसफार्मर मिलने से ग्रामीणों में काफ़ी हर्ष वखुशी का माहौल है और ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को बधाई दिया. इस मौके पर बिल्कन होरो, अभिनाश होरो, बरदान होरो, अनूप तोपनो, आदि थे।

### खालसाई जाहो जलाल के साथ लौहनगरी में निकला दिल्ली फतेह मार्च

# नन्हे घुड़सवार, बुलेट राइडर रहे फतेह मार्च के आकर्षण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री गुरु ग्रंथ साहब जी महाराज की अगुवाई, पांच प्यारों के छत्रछाया और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में दिल्ली खालसा फतेह मार्च लौहनगरी में निकला। जिसका आकर्षण बुलेट राइडर एवं नन्हें घुड़सवार रहे। फूलों से सजी पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की गरिमामय उपस्थिति में पांच प्यारे शोभायमान थे। इनके आगे संस्था सिख जागृति मंच द्वारा फूलों की बारिश की जा रही थी। इससे पहले टीनप्लेट गुरद्वारा में आयोजित समारोह में तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, टाटा मोटर्स यूनियन अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह तोते, संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, डॉ हरप्रीत सिंह डॉ जसपाल कौर, कांग्रेस नेता सुखदेव सिंह मल्ली यूनियन नेता परविंदर सिंह सोहेल, एवं कई गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान एवं सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों को सिरोपा देकर कमेटी की ओर से सरदार बलवंत सिंह शेरों, सरदार गुरुचरण सिंह बिल्ला ने सम्मानित किया और इसका संचालन प्रधान सुरजीत सिंह खुशीपुर कर रहे थे। यहां अरदास के उपरांत पालकी साहब साकची के लिए रवाना हुई। यहां एसएसपी प्रभात कुमार ने भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष नतमस्तक हुए और सिंहभूम जिला में अमन शांति सद्भावना एवं तरक्की की कामना की। नगर कीर्तन फतेह मार्च में कंट्रोलिंग की सेवा सिख नौजवान सभा के सतबीर सिंह गोल्डू एवं उनके साथ ही कर रहे थे। फतेह मार्च में संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले सहित विभिन्न दलों के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। साकची गुरुद्वारा में समापन के उपरांत संगत ने अटूट लंगर ग्रहण किया, जिसकी व्यवस्था सीजीपीसी की ओर से की गई। फतेह मार्च के मार्ग में रामगढ़िया सभा एवं अन्य कई संस्थाओं द्वारा संगत के लिए चाय पानी नाश्ता का प्रबंध किया गया। इसके सफल संचालन में सरदार अमरजीत सिंह, सरदार जोगा सिंह, सरदार गुरनाम सिंह हरजिंदर सिंह जसवंत सिंह , सतबीर सिंह सोमू, सुखवंत सिंह, अमरजीत सिंह भामरा, ज्ञानी कुलदीप सिंह, कुलविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### शिक्षा विभाग का कारनामा

## नया स्कूल भवन मरम्मती का हुआ मंजूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** शिक्षा विभाग का अजब कारनामा देखने को मिल रहा है। नया स्कूल भवन बनने से पहले ही दरक रहा है। छत भी झुंक गया है। दो मंजिला स्कूल भवन का संवेदक द्वारा विद्यालय को हस्तांतरित भी नहीं किया गया है और नव निर्मित जर्जर भवन का घटिया निर्माण कार्य को छुपाने के लिए फिर से 19 लाख का आवंटन झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल द्वारा किया गया है। यह ताजा मामला सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद का है। जहां करीब 3 साल पहले 5-5 कमरे का दो मंजिला स्कूल भवन का निर्माण समेकित जनजाति विकास अभिकरण सरायकेला की ओर से 44 लाख की लागत से किया है। उक्त भवन का शिलान्यास तत्कालीन विधायक साधुचरण महतो द्वारा किया गया था। भवन निर्माण के साथ ही दीवारों मे दरार पड़ गया है। आपको बता दूं कि विद्यालय का नया भवन आज तक विद्यालय प्रबंधन समिति को हस्तांतरित भी नहीं किया गया है और आश्चर्य की बात ये है कि नव निर्मित भवन का मरम्मती के लिए झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल द्वारा दोबारा से 19 लाख का आवंटन किया गया है। क्या शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी नहीं है,या तो फिर संवेदक के द्वारा किया गया घटिया निर्माण कार्य को लीपापोती कर छुपाने के लिए राशि आर्वंटित किया गया है। ये लोगों के जेहन में उतर नहीं रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिस मिताली एवं शिक्षकों के द्वारा नया भवन का निरीक्षण किया गया, जहां बच्चों को बैठाकर पढ़ाना खतरे से खाली नहीं है। वहीं समाज सेवी दिलीप कुमार दास ने बताया कि जितनी राशि से भवन बनाया गया , उसके आधा राशि मरम्मती के लिए दिया गया है,जो जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि भवन हस्तांतरण से पहले ही जर्जर हो चुका है, तो फिर से मरम्मती कैसे कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसपर उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए, नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।

## कदमा उपद्रव मामले में नेताओं के रिहाई के लिए भाजपा का उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा के शास्त्रीनगर क्षेत्र में पिछले महीने हुए उपद्रव मामले में प्रशासन द्वारा निर्दोष भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं पर बिना जांच पड़ताल किये दर्जनों गलत धाराओं को जोड़कर गिरफ्तार करने और जेल भेजे जाने को लेकर भाजपा सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगी। धरना-प्रदर्शन की सफलता के निमित्त भाजपा व्यापक तैयारी कर रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में होने वाले प्रदर्शन में भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिप सदस्य समेत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं विभिन्न मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में महानगर अंतर्गत 28 मंडलों के कार्यकर्तागण के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। भाजपा झारखंड प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू रविवार शाम जमशेदपुर पहुंचे। रविवार को उन्होंने कदमा उपद्रव मामले में जेल भेजे गए भाजपा नेताओं के परिवारजनों से मुलाकात कर ढाँढस बंधाया। सुबोध सिंह गुड्डू ने पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, नंदजी प्रसाद एवं जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा के घर जाकर परिवारजनों से मुलाकात की और घटना पर विस्तृत जानकारी लेकर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## दुर्गा सोरेन सेना पर लगे झूठे आरोप का कार्यकर्ताओं ने वन विभाग व जिला पुलिस से उच्च स्तरीय जांच की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर मौजा में वन विभाग के जमीन अवैध खरीद -बिक्री मामले को उजागर करने पर दुर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष सन्नी सिंह और महिला कार्यकर्ताओं पर अवैध रूप से बसे लोगों द्वारा झूठा आरोप लगाए जाने के मामले को लेकर कार्यकर्ताओं ने वन विभाग और जिला पुलिस प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग किया है। इस बावत दुर्गा सोरेन सेना की महिला कार्यकर्ता सुमित्रा पंडा ने बताया कि वनभूमि पर अवैध रूप से निर्माण कर रही महिला ममता देवी ने साजिश के तहत जिलाध्यक्ष सन्नी सिंह पर बेबुनियाद आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उस वक्त वे जिलाध्यक्ष के साथ मौके पर मौजूद थी जब अवैध निर्माण की सूचना पर ये सभी कार्यकर्ताओं के साथ बलरामपुर पहुंची थी। बताया कि उक्त महिला ने उस वक्त राजेश गोप, चंदन डेविड समेत पेटू प्रमाणिक नामक व्यक्ति को फोन पर सूचित किया था। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्तियों द्वारा लाखों रुपए में वन विभाग की जमीन को अवैध तरीके से बेचा जा रहा है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी दुर्गा सोरेन सेना की महिला कार्यकर्ता ने लिखित रूप से सरायकेला पुलिस प्रशासन को देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग रखी है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सन्नी सिंह ने बताया कि बीते दिनों वीडियो वायरल कर महिला और तथाकथित लोगों द्वारा उनपर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं जो सरासर गलत और बेबुनियाद हैं। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में जिन लोगों का भी नाम आ रहा है वे संगीन अपराधी हैं और उन पर कई अपराधिक कांड दर्ज हैं। उन्होंने पूरे प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच करते हुए जानमाल सुरक्षा की गुहार भी लगाई है। इस मौके पर महिला कार्यकर्ता सविता राय, जिला महासचिव रॉबिन हांसदा, जिला उपाध्यक्ष राजा टूडू, जिला सचिव मनदीप महाली, वरिष्ठ कार्यकर्ता विक्की पांडे, जनसिंह तामसोय आदि भी मौजूद थे।

## फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बने शशि भूषण प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** रविवार को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन झारखंड प्रदेश कमेटी के कोर कमेटी की बैठक मोराबादी मैदान में झारखंड प्रभारी सुमित दास की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि भूषण कुमार भी उपस्थित थे, इस मीटिंग में सभी कोर कमेटी के मेंबर के सर्वसम्मति से शशि भूषण प्रसाद (जमशेदपुर) को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया. पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों मे शशि भूषण प्रसाद जिला महासचिव भी हैं । झारखंड प्रभारी के द्वारा सभी जिला अध्यक्षों को एक महीना के अंदर पूरे कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में झारखंड प्रभारी सुमित दास एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि भूषण कुमार के द्वारा झारखंड फार्मेसी काउंसिल और औषधि विभाग के द्वारा जो गलत काम हो रहा है उसपर चर्चा हुई और प्रदेश कमेटी के द्वारा झारखंड के सभी फार्मासिस्ट के सहयोग से जोरदार विरोध किया जाएगा। शशि प्रसाद ने झारखंड के सभी फार्मासिस्ट से निवेदन किया कि झारखंड में जहां दवाई वहां फार्मासिस्ट का नियम लागू करने में सहयोग करेगा।

## द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां की पहली बैठक, कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** नवनिर्वाचित द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक निरीक्षण भवन खरसावां में संपन्न हुई। द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के जिलाध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई उक्त बैठक में महासचिव मोहम्मद रमजान अंसारी एवं कोषाध्यक्ष संजीव कुमार मेहता की प्रमुख उपस्थिति में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें अरुण मांझी को वरीय उपाध्यक्ष, खगेन चंद्र महतो, सुधीर गोराई, रासबिहारी मंडल एवं विपिन वार्ष्णेय को उपाध्यक्ष, सुमंगल कुंडू उर्फ केबु दा को कार्यकारी अध्यक्ष, सुमन मोदक, रविकांत गोप, शंभू सेन, अजय महतो, उमाकांत कर, फणिभूषण, परमेश्वर गोराई एवं अभिषेक मिश्रा को जिला सचिव, संजय मिश्रा को प्रवक्ता, अधिवक्ता छत्रपति महतो को लीगल एडवाइजर, नवीन चंद्र प्रधान को सोशल मीडिया प्रभारी, विश्वरूप पंडा को सदस्यता प्रभारी एवं आशीष कुमार झा और राहुल चंद्रा को आईटी सेल प्रभारी बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत ने कहा कि द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां स्वच्छ पत्रकारिता और पत्रकारों के हित के लिए समर्पित संस्था है। और यह अपने पवित्र उद्देश्यों के साथ प्रगति पथ पर अग्रसर रहेगी। प्रवक्ता संजय मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया। बताया गया कि जल्द ही कार्यकारिणी की बैठक कर पत्रकार हित में बेहतर निर्णय लिए जाएंगे।


## करीम सिटी कॉलेज में इग्नू का परिचय सत्र आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इग्नू (इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी) के करीम सिटी कॉलेज अध्ययन केंद्र पर जनवरी 2023 सत्र के विद्यार्थियों के लिए कॉलेज ऑडिटोरियम में पूर्वाहन 11:00 बजे परिचय सत्र आयोजित किया गया। सर्वप्रथम इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ कौसर तस्नीम ने इग्नू के नवनामांकित विद्यार्थियों का स्वागत किया उसके बाद उन्होंने पाठ्यक्रम तथा पाठ्य पुस्तकों से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया की इग्नू की सभी पुस्तकें हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी दोनों रूपों में उपलब्ध हैं। उन्होंने कुछ ऐसे वेबसाइट से भी विद्यार्थियों को परिचित कराया जो विद्यार्थियों की सहायता में काफी लाभदायक है। उनके बाद इग्नू के समन्वयक डॉ एस एम यहिया इब्राहीम विद्यार्थियों से रूबरू हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए वर्तमान समय में इग्नू की बढ़ती हुई लोकप्रियता और उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हमारा अध्ययन केंद्र सोमवार से शनिवार तक अपराहन 3:30 बजे से लेकर 6:00 बजे तक खुला रहता है। रविवार को इग्नू कार्यालय का समय 10:00 बजे से 2:00 बजे तक है और प्रत्येक शुक्रवार को सप्ताहिक अवकाश रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया की इग्नू की परीक्षा का समय निश्चित है- इसकी परीक्षाएं जून में और दिसंबर में होती हैं। मार्च और सितंबर में असाइनमेंट जमा करना है, परीक्षा के लिए फॉर्म भरना है और रीरजिस्ट्रेशन भी कराना है। डा इब्राहीम ने अंत में अपने अध्ययन केंद्र पर कार्यरत इग्नू के जिम्मेवार मिस्टर जमशेद, मिस्टर शमीम और मिस्टर जावेद से परिचित करा कर धन्यवाद ज्ञापन किया और सभा की समाप्ति की घोषणा की।

## जामटोली पंचायत में दो योजनाओं का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेडो :** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली व हंरहजी गांव में दो अलग-अलग पक्की नाली निर्माण का शिलान्यास मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप और ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहरा ने संयुक्त रूप से विधिवत पुजा कर आधारशिला रखी। मौके पर मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि दोनो पक्की नाली का निर्माण 15 वें वित्त आयोग के मद से होगी। नाली का निर्माण समय सीमा में प्रकलन अनुरूप बने इसके लिये गांव के ग्रामीणों को निगरानी करनी होगी। यह नाली आपके सुविधा के लिये बनाई जा रही है। मौके पर महाकाल लोहरा, विकास उरांव, मोहन लोहरा, बंधना लोहरा , विसेश्वर हजाम, आदि थे।

## संपादकीय

# 'बजरंग बली' बोले, तो जेल

**प्रधानमंत्री** मोदी कर्नाटक की चुनावी सभाओं में 'बजरंग बली की जय' का उद्घोष कर रहे हैं और जनता की प्रतिक्रिया भी पुरजोर से सामने आ रही है। यह नए किस्म की, नए मुद्दे पर हिंदूवादी चुनावी राजनीति है। प्रधानमंत्री जनता से साझा कर रहे हैं कि कांग्रेस ने पहले प्रभु श्रीराम को ताले में बंद किया और अब जो भी 'बजरंग बली की जय' बोलेगा, उसे जेल में डाल दिया जाएगा। हालांकि हकीकत यह नहीं है। प्रधानमंत्री उसकी व्याख्या कर रहे हैं, जो कांग्रेस ने घोषित किया है। कांग्रेस ने यह मुद्दा पैदा कर अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मारी है। चुनाव घोषणा-पत्र में बजरंग दल पर पाबंदी लगाने की बात कहने की जरूरत ही क्या थी? उसकी आतंकवादी, प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से तुलना कैसे की जा सकती है? गौरतलब सवाल यह भी है कि भगवान बजरंग बली और बजरंग दल क्या समानार्थी, पूरक, पर्यायवाची हैं? ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री समेत भाजपा और उसके काडर ने दोनों की साम्यता की व्याख्या की है। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि बजरंग बली का नाम लोगे, तो जेल के ताले में बंद कर दिए जाओगे। अपने मुद्दे को ठोस जमीन देने के लिए भाजपा वाले और हिंदूवादी देश भर के गांवों और मंदिरों में 'हनुमान चालीसा' का पाठ करेंगे। चुनाव है या कोई धार्मिक आंदोलन है! आस्थामय भावनाओं का मुद्दा बना दिया गया है, लिहाजा कर्नाटक के करीब 84 फीसदी हिंदुओं के भीतर पलट-प्रतिक्रिया हो सकती है। एक अनुमान है कि कर्नाटक में 35-40 फीसदी हिंदू बजरंग बली के कट्टर भक्त हैं। चुनावी ध्रुवीकरण ऐसी ही परिस्थितियों में कराए जा सकते हैं। ऐसे हालात में शेष संवेदनशील और बुनियादी समस्याओं पर धुंध छा जाती है। कांग्रेसी घोषणा-पत्र में बजरंग दल पर पाबंदी का ऐलान भी कांग्रेस की अनधिकार चेष्टा है, क्योंकि ऐसे प्रतिबंध भारत सरकार का ही विशेषाधिकार है। राज्य सरकार सिर्फ परामर्श दे सकती है। यदि विधानसभा में प्रस्ताव पारित हो भी जाए, तो अंतिम और निर्णायक प्रतिबंध के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को ही भेजना अनिवार्य है। दरअसल बजरंग दल के खिलाफ विदेशी आतंकी फंडिंग, हथियारों को जमा करने, उनके प्रशिक्षण, बम बनाने और विस्फोट करने, अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों से रिश्ते और साजिशाना सांठगांठ और आतंकी हमले कराने सरीखे देश-विरोधी, घोर आपराधिक मामले दर्ज नहीं हैं। बजरंग दल उत्साही, उन्मादी, उत्पाती, हिंदूवादी संगठन हो सकता है, लेकिन 25 लाख से ज्यादा सदस्यों वाला संगठन 'आतंकवादी' करार नहीं दिया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र ने उस पर पाबंदी चस्पा करने की कभी कोशिश नहीं की है और न ही ऐसा कोई विमर्श किया गया है। बजरंगियों पर कुछ आपराधिक केस भी दर्ज हो सकते हैं, गोवध के संदर्भ में कुछ ज्यादतियां भी की गई हैं, उनके कई पूर्वाग्रह भी हैं, लेकिन वे अपवाद हैं, आतंकवाद नहीं हैं। कांग्रेस ऐसा दुस्साहस केंद्र में नरसिंह राव सरकार के दौरान कर चुकी है, जब 6 दिसंबर, 1992 को अयोध्या का विवादित ढांचा ध्वस्त करने के बाद बजरंग दल और आरएसएस को प्रतिबंधित किया गया था। ट्रिब्यूनल की पहली सुनवाई में ही केस धराशायी हो गया, क्योंकि तत्कालीन भारत सरकार बजरंग दल के 'आतंकी' होने का कोई साक्ष्य नहीं दे सकी। दरअसल बजरंग दल की छवि ही ऐसी है। अलबत्ता यह राष्ट्रीय धर्म, सेवा, सुरक्षा, संस्कार के ध्येय वाक्य वाला संगठन है। हालांकि उसने लव जेहाद, धर्मांतरण, हिजाब सरीखे सांप्रदायिक मुद्दे भी उठाए हैं। दरअसल कर्नाटक चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस का मंसूबा और एजेंडा साफ था कि वह ऐसी घोषणा कर ज्यादा से ज्यादा मुसलमानों के वोट बटोर ले। ऐसा कभी नहीं हुआ करता, क्योंकि मुसलमान जद-एस और भाजपा के पक्ष में भी वोट करते हैं। केंद्र में जब कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी, तब के गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे से 'हिंदू आतंकवाद' की बात कहलवाई गई थी। बहरहाल, कांग्रेस सोच ले कि उसका चुनावी हश्र क्या हो सकता है।

> प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि बजरंग बली का नाम लोगे, तो जेल के ताले में बंद कर दिए जाओगे। अपने मुद्दे को ठोस जमीन देने के लिए भाजपा वाले और हिंदूवादी देश भर के गांवों और मंदिरों में 'हनुमान चालीसा' का पाठ करेंगे। चुनाव है या कोई धार्मिक आंदोलन है! आस्थामय भावनाओं का मुद्दा बना दिया गया है, लिहाजा कर्नाटक के करीब 84 फीसदी हिंदुओं के भीतर पलट-प्रतिक्रिया हो सकती है। एक अनुमान है कि कर्नाटक में 35-40 फीसदी हिंदू बजरंग बली के कट्टर भक्त हैं। चुनावी ध्रुवीकरण ऐसी ही परिस्थितियों में कराए जा सकते हैं। ऐसे हालात में शेष संवेदनशील और बुनियादी समस्याओं पर धुंध छा जाती है। कांग्रेसी घोषणा-पत्र में बजरंग दल पर पाबंदी का ऐलान भी कांग्रेस की अनधिकार चेष्टा है, क्योंकि ऐसे प्रतिबंध भारत सरकार का ही विशेषाधिकार है। राज्य सरकार सिर्फ परामर्श दे सकती है।

## कुछ अलग

# शिमला में कांग्रेस का सिक्का

**चुनाव** की दूसरी दहलीज सुक्खू सरकार ने पार कर ली। शिमला नगर निगम चुनाव के नतीजे कांग्रेस के पक्ष में जनता के विश्वास की गवाही और भाजपा से असहमति का नोटिस हैं। जाहिर है शिमला के बाशिंदे सत्ता के पक्ष में और व्यवस्था परिवर्तन की राह पर उम्मीदों का परचम फहराकर, कांग्रेस का जहाज उड़ा रहे हैं। इसके भीतर बहुत सारी राजनीति, बहुत सारे अनुभव, बहुत सारी नागरिक जागरूकता और बहुत सारे संकल्प हैं, इसलिए जनता ने 34 वार्डों की परिक्रमा में कांग्रेस का सिक्का उछालते हुए 24 पार्षदों पर मुहर लगा दी, जबकि भाजपा की छत के नीचे 9 पार्षद तथा सीपीएम के हिस्से एक पार्षद ही आया। इस बार शिमला ने चुनावी कहानियां नहीं सुनीं और न ही किसी विभ्रम में मतदान किया, बल्कि चार महीने की सुक्खू सरकार के सीने पर चुनावी जीत का तमगा लगाया है, ताकि स्थानीय निकायों की जमीन पर सुशासन की बागडोर, सत्ता से तालमेल करे। जाहिर तौर पर सरकार के फैसलों के लाभार्थी इस बार शिमला नगर निगम चुनाव के सारथी बने। जिन गारंटियों को कोस-कोस कर भाजपा बाजी जीतना चाहती थी, वे अरमान चार कोस भी नहीं चले, तो कांग्रेस की जीत में कई अपेक्षाएं नत्थी हैं। हालांकि मतदान की राशि में इतना उफान नहीं था, फिर भी 58.9 प्रतिशत वोटिंग के बावजूद शिमला ने अपने हितों को साधने के लिए परिणाम दिए हैं। इस परिवर्तन में कर्मचारियों, महिलाओं और युवाओं की भूमिका का श्रृंगार है, तो व्यवस्था परिवर्तन के लक्ष्यों में राज्य की राजधानी स्पष्ट निर्देश दे रही है। भाजपा फिलहाल अपने विरोध की वजह जानने की गफलत में दिखाई देती है, क्योंकि विधानसभा चुनावों की हार के बाद भी विपक्ष ने आत्म परीक्षण करना मुनासिब नहीं समझा। शिमला की जीत का सारा दारोमदार मुख्यमंत्री के कंधे पर इस लिहाज से भी था, क्योंकि वह इसी दहलीज से निकल कर हिमाचल की सत्ता तक पहुंचे हैं। चुनाव को निश्चित रूप से मुख्यमंत्री ने अपनी संगठनात्मक तथा सरकार की क्षमता से जीत दिला कर यह साबित कर दिया कि अगले दौर की इबारत में सुखविंदर सुक्खू के नाम राजनीति का इतिहास बाहें फैलाए खड़ा है। कर्नाटक चुनाव में शिमला नगर निगम की चुनावी जीत की झोंक का एक अवसर अब सुखविंदर सुक्खू के पास है और इस तरह अभियान पर उतरते मुख्यमंत्री के पास कहने का मनोबल स्पष्ट है। भाजपा को अपनी हार की जिम्मेदारी लेते हुए यह भी सोचना होगा कि पिछली सरकार ने शिमला की स्मार्ट सिटी परियोजना को किस स्थिति में पहुंचा दिया। अगर स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यान्वयन में भाजपा सरकार ईमानदारी से प्रयास करती, तो आज राजधानी के फलक पर पार्टी का टीका विराजमान होता। बहरहाल जनता ने दिल खोल कर कांग्रेस को शिमला का वजूद और भविष्य सौंपा है। शिमला के विकास में स्मार्ट सिटी परियोजना के मील पत्थर तथा बतौर राजधानी शहरी विकास के नए आयाम स्थापित करने की जरूरत है। पेयजलापूर्ति, रैपिड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क व पार्किंग के अलावा आवासीय व्यवस्था के त्वरित समाधान चाहिए। दरअसल शिमला में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तरह राज्य राजधानी क्षेत्र विकास परियोजना की दिशा में बढने की आवश्यकता है। आने वाले समय में मौजूदा वार्डों की संख्या बढ़ाने के अलावा राजधानी विकास क्षेत्र के तहत कम से कम आधा दर्जन सेटेलाइट टाउन तथा वाकनाघाट में कर्मचारी एवं ट्रांसपोर्ट नगरों का विकास करना होगा। शिमला की जीत से निकली नागरिक मंशा, सरकार से हिमाचल के शहरीकरण को सही से संबोधित करने की दरख्वास्त भी कर रही है।

### भाजपा और अकाली दल ने आपस में मिल कर चुनाव लडने का मन बना लिया तो भाजपा को 12 से 18 के बीच सीटें मिलने लगी थीं

# पंजाब में भाजपा की भविष्य की रणनीति

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> भाजपा ने मान लिया था कि वह पंजाब में हिन्दुओं के एक तबके की पार्टी है और अकाली दल ने मान लिया था कि वह मोटे तौर पर पंजाब के जट्ट/सिख की पार्टी है। दोनों पार्टियों के लिए जरूरी था कि वे अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ा कर पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने की कोशिश करतीं। अन्यथा उनकी स्थिति पंजाब की राजनीति में बदाव समूह से आगे नहीं बढ़ पाएगी। अकाली दल का प्रभाव क्षेत्र यकीनन भाजपा से ज्यादा था, लेकिन वह समस्त पंजाबियों की पार्टी न होकर जाटों के एक हिस्से और कुछ सीमा तक खत्री सिखों के एक हिस्से की पार्टी मात्र ही थी।

**पंजाब** में भाजपा ऊहापोह की स्थिति में है। अकाली दल से समझौते से पूर्व जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी पंजाब में 0 से लेकर 9 विधानसभा सीटों तक सिमटी हुई थी। आपात स्थिति के उपरान्त 1977 में हुए चुनावों में भी जब जनता पार्टी और अकाली दल ने मिल कर चुनाव लड़ा था तो जनता पार्टी में जनसंघ ग्रुप को विधानसभा में महज 12 सीटें मिली थी। कालान्तर में जब भाजपा और अकाली दल ने आपस में मिल कर चुनाव लडने का मन बना लिया तो भाजपा को 12 से 18 के बीच सीटें मिलने लगी थीं। इसमें कोई शक नहीं कि यह राजनीतिक सुविधा का समझौता था। भाजपा ने मान लिया था कि वह पंजाब में हिन्दुओं के एक तबके की पार्टी है और अकाली दल ने मान लिया था कि वह मोटे तौर पर पंजाब के जट्ट/सिख की पार्टी है। दोनों पार्टियों के लिए जरूरी था कि वे अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ा कर पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने की कोशिश करतीं। अन्यथा उनकी स्थिति पंजाब की राजनीति में दबाव समूह से आगे नहीं बढ़ पाएगी। अकाली दल का प्रभाव क्षेत्र यकीनन भाजपा से ज्यादा था, लेकिन वह समस्त पंजाबियों की पार्टी न होकर जाटों के एक हिस्से और कुछ सीमा तक खत्री सिखों के एक हिस्से की पार्टी मात्र ही थी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी का प्रभाव क्षेत्र अकाली दल से भी कम था। इस स्थिति में दोनों पार्टियों के पास सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने का एक ही रास्ता था, या तो अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ा कर समस्त पंजाबियों की पार्टी बनती या फिर सत्ता तक पहुंचने का कोई बाईपास ही तलाशतीं। दोनों पार्टियों ने दूसरे रास्ते को ही सरल व प्रभावकारी समझा। उन्होंने आपस में समझौता कर लिया और सत्ता पर कब्जा कर लिया। यकीनन इस राजनीतिक प्रयोग में भाजपा की हैसियत 'छोटे भाई' की ही होती। यह प्रयोग दो-तीन दशक तक चला। लेकिन इस प्रयोग में दोनों पक्ष ही असन्तुष्ट दिखाई देने लगे। भाजपा के कार्यकर्ताओं को यह लगने लगा था कि अकाली दल से समझौते के कारण पार्टी का विस्तार रुक गया है, जबकि यह सोच यथार्थ पर आधारित नहीं थी। समझौते से पूर्व के तीन दशकों में भी पार्टी पूरे पंजाब, खासकर राज्य का हृदय कहे जाने वाले मालवा क्षेत्र में तो अपना प्रभाव कहीं भी बना नहीं सकी थी। अकाली दल को यह भ्रम होने लगा था कि अब पंजाब के अन्य समुदायों में भी उसने अपना संगठन खड़ा कर लिया है और अपने बलबूते वह पंजाब में अपनी सरकार बना सकता है।



इसलिए किसान आन्दोलन के बहाने उसने भाजपा से अपना पुराना गठबन्धन तोड़ लिया। लेकिन इससे दोनों पक्ष ही प्रसन्न दिखाई दे रहे थे। अकाली दल को लगता था उसकी पीठ से बोझ उतर गया और भाजपा को लगा कि उसके विकास के रास्ते की दीवार हट गई। सचमुच इसका क्या परिणाम हुआ, यह 2022 के विधानसभा चुनावों से पता चला जब भारतीय जनता पार्टी को दो और अकाली दल को महज तीन सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। आम आदमी पार्टी ने 118 सीटों वाली विधानसभा में 92 सीटें झटक लीं। लेकिन लगता है आम आदमी पार्टी की जीत पंजाब में विकल्पहीनता की स्थिति का परिणाम था। इसका सबूत चुनावों के तुरन्त बाद, संगरूर लोकसभा की सीट के चुनाव परिणामों से मिला। मुख्यमंत्री भगवन्त सिंह मान के त्यागपत्र से खाली हुई थी। भगवन्त सिंह दो बार निरन्तर यह सीट लाखों के मार्जिन से जीत चुके थे। लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनने के तुरन्त बाद आम आदमी पार्टी यह सीट हार गई। जीत अलगाववाद के समर्थक सिमरनजीत सिंह की पार्टी अकाली दल (अमृतसर) की हुई। प्रत्याशी भी सिमरनजीत सिंह स्वयं थे। पंजाब में इस नई राजनीतिक स्थिति ने प्रदेश की राजनीति की दिशा बदल दी। अकाली दल को लगा कि उसे अपने पुराने अड्डे पर वापस लौट जाना चाहिए। इसलिए वह पंथ के हितों की रक्षा वाले अपने पुराने स्वरूप की ओर लौटने लगी। अभी तक उसकी कोशिश थी कि भारतीय जनता पार्टी से छुटकारा पा लिया जाए और स्वयं को पंजाबियों की पार्टी के तौर पर स्थापित किया जाए। लेकिन अब वह वापस अपने पुराने घर की ओर चल पड़ी। लेकिन भाजपा इस स्थिति में कौनसा रास्ता अख्तियार करे? क्या वह भी अपने उस पुराने घरौंदे में सिमटी रहे या फिर वह भी पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने के रास्ते पर चल निकले। पार्टी के भीतर ही एक समूह पुराने घरौंदे को ही सुरक्षित मानता था। से लगता है कि सारे पंजाबियों की पार्टी बनने के चक्कर में वह अपना सुरक्षित जनाधार भी गंवा लेगी। लेकिन लगता है नरेन्द्र मोदी ने दूसरे रास्ते को अधिमान दिया है। भारतीय जनता पार्टी का पंजाब के हर फिरके में विस्तार किया जाए। यही कारण है कि पार्टी ने अपने दरवाजे पूरी तरह खोल दिए। ऐसा नहीं कि ये दरवाजे पहले बन्द थे। यही कारण है कि कांग्रेस और अकाली दल से टूट-टूटकर अनेक लोग भाजपा में आने लगे। आने वालों में उन समुदायों मसलन जट्ट समुदाय और अनुसूचित समुदाय के लोग ज्यादा संख्या में आने लगे हैं। इससे पूर्व इन्हीं समुदायों के लोग भाजपा में आने में संकोच करते थे। ऐसा नहीं है कि पहले इन समुदायों के लोग भाजपा में नहीं थे, लेकिन प्रायः ऐसे लोग थे जिनका अपने समुदायों में जनाधार ज्यादा नहीं था। लेकिन अब स्थिति बदलने लगी थी। इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा समस्त पंजाबियों की पार्टी बनने की ओर अग्रसर होने लगी। जाहिर था इससे पुराने लोगों में रोष भी होता। यही कारण है कि पार्टी के भीतर नए आने वालों की जन्म कुंडलियां खंगालने का काम शुरू होने लगा। लेकिन प्रेम चन्द ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि भूख में साग पात सभी रुचिकर होता है, लेकिन पेट भर जाने पर चुनने की सुविधा ली जा सकती है। अभी तो भारतीय जनता पार्टी को अपनी स्वयं की निर्मित चारदीवारी से बाहर निकल कर समस्त पंजाबियों की प्रतिनिधि राजनीतिक पार्टी बनने की ओर अग्रसर होना होगा। पार्टी यह काम कर भी रही है। यह निश्चित है कि अकाली दल निकट भविष्य में अपना खोया जनाधार प्राप्त नहीं कर सकेगा। अब वह पंजाब में सिखों में एक सीमित समुदाय जट्ट/खत्री में ही अपने सीमित जनाधार को बचाए रखने का प्रयास करता दिखाई देगा। श्री प्रकाश सिंह बादल के देहान्त के बाद उनके सुपुत्र और अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के पास फिलहाल यही रास्ता बचा है कि 'बेअदबियों' के मुद्दे से जूझते हुए अपने बचे खुचे जनाधार को किसी तरह भी बचा कर रखा जाए। पंजाब में आम आदमी पार्टी का जितनी तेजी से उभार हुआ था, उतनी तेजी से ही वह उतार पर जाती दिखाई दे रही है। इसमें कोई शक नहीं कि कांग्रेस पंजाब में किसी न किसी रूप में सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व करती रही है।

# खेल मैदानों को यूं बर्बाद मत करो

> बिलासपुर के लुहणू का खेल परिसर पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल के प्रयत्नों से सामने आया है। एथलेटिक्स सभी खेलों की जननी है। इसी से बस खेल निकले हैं और इसके प्रशिक्षण के बनि किसी खेल में दक्षता नहीं मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में आज हमीरपुर, बलिासपुर व धर्मशाला में तीन सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं। शिलारू के साई सैंटर में दो सौ मीटर का प्रैक्टिस ट्रैक बन कर तैयार है। सरस्वतीनगर में काम हो रहा है। किसी किसी राज्य के पास अभी तक एक भी ट्रैक नहीं है हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर व धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैकों पर लोग टहलते नजर आते हैं। धर्मशाला की तरह हमीरपुर में भी खिलाड़ियों के लिए पहचान पत्र बनाना होगा। भर्ती के लिए बाहर कच्चे पर केवल ट्रायल के लिए स्वीकृत किया जा सकता है। शेष ट्रेनिंग बाहर के अन्य मैदानों व सडकों पर हो सकती है। सिंथेटिक ट्रैक पार्क बन चुके हैं। वहां आम लोगों का प्रवेश वर्जित कर देना चाहिए, केवल एथलीट के लिए ही प्रवेश रखना चाहिए।

**हिमाचल** प्रदेश का अधिकांश भूभाग पर्वतीय होने के कारण यहां खेल मैदान तैयार करने के लिए पहाड़ काट कर जमीन समतल करने पर बहुत अधिक धन खर्च हो जाता है तो फिर प्लेट फील्ड बनाने के लिए उस योजना में धन कम पड़ता है। इसलिए भी हिमाचल प्रदेश में खेल मैदानों की योजनाओं को पूरा नहीं किया जा सका है। कई जगह ऐसे आधे अधूरे मैदान देखे जा सकते हैं। इन अधूरे खेल मैदानों में शिक्षा व पुलिस विभाग के मैदान अधिक हैं। यह भी एक बहुत बड़ा कारण है कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा संस्थानों के पास खेल मैदानों का अभाव है। यही सबसे बड़ी कमी है कि हम पहाड़ी दमखम में अव्वल होते हुए भी खेलों में वह सब नहीं कर पाये हैं जो कर सकते हैं। प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाये गये चंद मगर बेहतरीन चंबा, मंडी, नादौन, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहडू, रामपुर, सोलन, चैल, नाहन आदि जगहों पर मैदान थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों - उत्सवों व राजनीतिक रैलियों से बचे समय में चलती रही हैं। इन पुराने व ऐतिहासिक मैदान का हाल कुछ ठीक नहीं है। कहीं अतिक्रमण व कहीं पर अव्यवस्था का बोलबाला साफ नजर आता है। वैसे तो हिमाचल प्रदेश की तरक्की में विभिन्न सरकारों का योगदान रहा है मगर हिमाचल प्रदेश में पहली बार नई सदी के शुरुआती वर्षों में प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल की सरकार ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल ढांचे को खड़ा करने की शुरुआत की और आज हिमाचल प्रदेश में जो कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड एथलेटिक्स, क्रिकेट, हाकी, तैराकी व इंडोर खेलों के लिए उपलब्ध है। क्रिकेट में अनुराग ठाकुर के प्रयासों ने हिमाचल प्रदेश को क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाकर खड़ा कर दिया है जो काबिले तारीफ है। बिलासपुर के लुहणू का खेल परिसर पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल के प्रयत्नों से सामने आया है। एथलेटिक्स सभी खेलों की जननी है। इसी से सब खेल निकले हैं और इसके प्रशिक्षण के बिना किसी खेल में दक्षता नहीं मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में आज हमीरपुर, बिलासपुर व धर्मशाला में तीन सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं। शिलारू के साई सैंटर में दो सौ मीटर का प्रैक्टिस ट्रैक बन कर तैयार है। सरस्वतीनगर में काम हो रहा है। किसी किसी राज्य के पास अभी तक एक भी ट्रैक नहीं है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर व धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैकों पर लोग टहलते नजर आते हैं। धर्मशाला की तरह हमीरपुर में भी खिलाडियों के लिए पहचान पत्र बनाना होगा। भर्ती के लिए बाहर कच्चे पर केवल ट्रायल के लिए स्वीकृत किया जा सकता है। शेष ट्रेनिंग बाहर के अन्य मैदानों व सडक़ों पर हो सकती है। सिंथेटिक ट्रैक पार्क बन चुके हैं। वहां आम लोगों का प्रवेश वर्जित कर देना चाहिए, केवल एथलीट के लिए ही प्रवेश रखना चाहिए। तभी इन प्ले फील्ड को लंबे समय तक खिलाडियों के लिए उपलब्ध करवाया जा सकता है। कल जब हिमाचल प्रदेश के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट होंगे और प्रशिक्षण के लिए उखड़ा हुआ ट्रैक होगा तो फिर पहाड़ की संतान को पिछडने का दंश झेलना पड़ेगा। इसलिए इस बरबादी को अभी से रोकना होगा, तभी हम अपनी आने वाली पीढियों से न्याय कर सकेंगे। इस कॉलम के माध्यम से इस विषय पर बार बार लिखने के बाद भी हिमाचल सरकार इन विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश को भी हिमाचल में ट्रेनिंग कर पहाड़ की संतानें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कुछ लोगों के जुनून ने बिना सुविधाओं के मिट्टी पर ट्रेनिंग कर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दस्तक दी थी, तभी यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा आने वालों को मिल पाई है। हिमाचल प्रदेश में इस समय हर जिला स्तर सहित कई जगह उप मंडल स्तर पर भी इंडोर स्टेडियम बन कर तैयार हैं मगर उन स्टेडियमों में बनी प्ले फील्ड का उपयोग प्रशिक्षण के लिए खिलाडियों को ठीक से करना नहीं मिल रहा है। वहां पर अधिकतर शहर के लाला व अधिकारी अपनी फिटनेस करते हैं। ऊना व मंडी में तरणताल बने हैं मगर वहां पर भी कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम आज तक शुरू नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश में तैराक ही नहीं हैं। यहां पर भी प्रशिक्षण न होकर गर्मियों में मस्ती जरूर हो जाती है। ऊना में हाकी के लिए एस्ट्रो टर्फ बिछी हुई है मगर उसकी तो पहले ही दुर्गति हो गई है। हिमाचल प्रदेश सरकार का युवा सेवाएं एवं खेल विभाग अभी तक करोड़ों रुपए से बने इस खेल ढांचे के रखरखाव में नाकामयाब रहा है। उसके पास न तो चौकीदार हैं और न ही मैदान कर्मचारी, पर्याप्त प्रशिक्षकों की बात तो बहुत दूर की बात है। नयी खेल नीति में लिखा है कि सरकार विभिन्न खेल संघों, पूर्व खिलाडियों व प्रशिक्षकों से इन सुविधाओं का उपयोग कराने के लिए खेल अकादमियों का गठन कराएगी। हिमाचल प्रदेश के कई पूर्व खिलाड़ी जो खेल आरक्षण से सरकारी नौकरी में हैं अपनी ड्यूटी को ईमानदारी से करने के बाद सबेरे व शाम उभरते खिलाडियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। हैण्डबाल में स्नेहलता, कुश्ती में जौनी चौधरी सहित और भी कई खेलों में कई सरकारी नौकर जो पूर्व खिलाड़ी रहे हैं, ईमानदारी से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये हुये हैं। क्या सरकार ऐसे जुनूनी शौकिया प्रशिक्षकों को खेल विभाग में कम से कम पांच वर्षों के लिए प्रतिनियुक्ति पर लाकर या उन्हीं के विभाग में उन्हें खेल प्रबंधन व प्रशिक्षण देने का अधिकार देकर हिमाचल प्रदेश की करोड़ों रुपए से बनी खेल सुविधाओं का सदुपयोग कर राज्य में खेलों को गति नहीं दे सकती है। अभी भी समय है सरकार को चाहिए कि इन खेल मैदानों का रख रखाव ठीक ढंग से करवाये ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी इन सुविधाओं का लंबे समय तक लाभ उठा सकें।



## नागरिक बोध

# देश मे सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी,रोकने के उपायों का प्राथमिकता के आधार पर हो उपाय

**देश** मे दिल दहलाने वाली घटनाओ से रोंगटे खड़े हो जाते है। इन दुर्घटाओ के पीछे तेज रफ्तार वाहन चलाने की वजह स्पस्ट है। रास्ट्रीय राजमार्ग बनने के साथ घटनाए भी बढ़ रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में डेढ़ लाख से अधिक लोगो की मौत दुर्घटनाओं में होती है। सड़क सुरक्षा जैसे आयोजनों सड़क दुर्घटाओ को रोकने में नाकाम सिद्ध होते है। इसके पीछे शराब पी कर वाहन चलाना और दूसरा कारण तेज रफ्तार से वाहन चलाने की वजह कारणभूत है। मार्ग दुर्घटनाओं में मरने वालो की संख्या बढ़ना गंभीर बाबत है। हररोज देश मे सैकड़ो दुर्घटनाएं होती है। उसमें चोट लगना या मौते होती है। यातायात नियमो की अनदेखी,गलत और उल्टी दिशा में तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण,अतिक्रमण और सड़कों की खराब डिजाइन के कारण भी हादसे बढ़ते जा रहे है। परिवार का परिवार साफ हो जाता है।यह देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। गड्ढा मुक्त सड़को का संकल्प महज नारा बनकर रह गया है।देश मे छोटी सड़को की हालत खराब होने से सड़को पर कंक्रीट बिखरा मिलता है। उस सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग की जाती है। ये वे सड़क होती है जिनकी उम्र साल या डेढ़ साल ही होती है।उसके बाद जर्जरित होती है। प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में एक बार सड़क बनाई जाती है। डेढ़ साल में सड़क की खस्ताहाल हालात होने के बाद साढ़े तीन साल तक कंक्रीट पर वाहन चलाते है। उस मे घटना हो जाती है। हालांकि जिन सड़को के रखरखाव की जिम्मेदारी होती है। उस पर घटनाए कम होती है।सड़को की लंबाई की हिस्सेदारी वाले रास्ट्रीय राज्यमार्ग में35 प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। केंद्र ,राज्य सरकारों के साथ साथ यातायात पुलिस को सतर्कता दिखाने होगी। तेज रफ्तार वाहन चालकों की गति मर्यादा के बाद कोई पाया जाता है तो उस पर दण्डात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। सड़को पर दुर्घटना बहुल क्षेत्र की पहचान होने के बाद सरकार और यातायात पुलिस को सतर्क रहने की आवश्यकता है। देश मे हररोज दुर्घटना होने के बाद कोई गंभीर नही है। इन दुर्घटनाओं को रोकने या कम करने के लिए सरकार युक्तियुक्त नियमो की पालना के आदेश जारी करने चाहिए। हादसों को रोकने के उपायों का ईमानदारी से पालना होनी चाहिए। हादसों में परिवार का कमाऊ सदस्य चला जाता है। जिससे परिवार गभीर संकट में गिर जाता है। परिवार,समाज और राष्ट्र की भारी क्षति है। इससे राष्ट्र प्रभावित होता है। जयपुर में एक दुर्घटना में तीन युवतियों की मौत हो गई। तीनो अच्छी मित्र थी।जयपुर अजमेर हाईवे की दुर्घटना दिल दहलाने वाली है। अल्ट्रो कार पर ट्रक पलटने से आठ लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस तरह की दुर्घटना हररोज सैकड़ो होती है। जिसमे परिवार उजड़ जाते है। सरकार को इस पर गंभीर होने की जरूरत है।

## देश दुनीया से

# धारा 370 हटने के बाद जम्मू एवं कश्मीर बन रहा है भारत में निवेश का नया केंद्र

**ऐसा** कहा जाता है कि जम्मू एवं कश्मीर में धारा 370 लागू करना तत्कालीन नेहरू सरकार की सबसे बड़ी राजनैतिक भूल थी, क्योंकि इसके कारण जम्मू एवं कश्मीर के नागरिकों का अत्यधिक नुक्सान हुआ है। दरअसल पूरे देश में नागरिकों के हितार्थ भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं का लाभ धारा 370 के कारण जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के नागरिकों को नहीं मिल पा रहा था। साथ ही, इन क्षेत्रों का विकास भी नहीं हो पा रहा था क्योंकि अत्यधिक आतंकवाद के कारण इस क्षेत्र में कोई भी उद्योगपति अपना निवेश करने को तैयार ही नहीं होता था। धारा 370 को लागू करने के कारण जम्मू एवं कश्मीर के नागरिकों को आर्थिक नुक्सान के अलावा राजनैतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में पूरे भारत को ही भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार को रक्षा, विदेश एवं संचार जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्रों के लिए भारत सरकार के कानून जम्मू कश्मीर में लागू करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक होता था। अतः भारत सरकार के कानून जम्मू कश्मीर में लागू नहीं होते थे। इसका परिणाम यह निकलता था कि भारत के अन्य राज्यों से कोई भी भारतीय नागरिक जम्मू कश्मीर की सीमा के अंदर जमीन या सम्पत्ति नहीं खरीद सकता था। जम्मू कश्मीर के लिए भारतीय तिरंगा के अलावा एक अलग राष्ट्रीय ध्वज भी होता था, इसलिए वहां के नागरिकों द्वारा भारतीय तिरंगा के सम्मान नहीं करने पर उन पर कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता था। यहां तक कि जम्मू और कश्मीर के सम्बंध में भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा यदि कोई आदेश दिया जाता था, तो वहां के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे इसका पालन करें। जम्मू और कश्मीर की कोई महिला यदि भारत के किसी अन्य राज्य के किसी व्यक्ति से शादी कर लेती थी, तो उस महिला से उसके कश्मीरी होने का अधिकार छिन जाता था। इसके विपरीत यदि कोई कश्मीरी महिला पाकिस्तान में रहने वाले किसी व्यक्ति से निकाह करती थी, तो उसकी कश्मीरी नागरिकता पर कोई असर नहीं होता था। साथ ही, कोई पाकिस्तानी नागरिक यदि कश्मीरी लड़की से शादी करता था और फिर कश्मीर में आकर रहने लगता था तो उस व्यक्ति को भारतीय नागरिकता भी प्राप्त हो जाती थी। यह किस प्रकार के नियम बनाए गए थे जिनके अनुसार एक भारतीय नागरिक जम्मू कश्मीर में नहीं बस सकता था परंतु एक पाकिस्तानी नागरिक यहां बस सकता था और आतंकवाद फैला सकता था। कुल मिलाकर धारा 370 के चलते, जम्मू एवं कश्मीर के नागरिकों को लाभ के स्थान पर नुक्सान ही अधिक उठाना पड़ा है। परंतु, केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद इस क्षेत्र के नागरिकों को देश में लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने, इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देने एवं आतंकवाद को समूल नष्ट करने के उद्देश्य से दिनांक 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर को खास दर्जा देने वाली धारा 370 को कानूनी रूप से खत्म कर दिया था। केंद्र सरकार का यह फैसला सचमुच में बहुत दूरदर्शी साबित हुआ है क्योंकि धारा 370 को हटाए जाने के बाद से जम्मू एवं कश्मीर में कई बदलाव दृष्टिगोचर हैं। अब केंद्र के समस्त कानूनों एवं अन्य कई आर्थिक योजनाओं को वहां लागू कर दिया गया है इससे आम नागरिकों को बहुत सुविधा एवं लाभ हुआ है। आतंकी घटनाओं में भारी कमी आई है। आतंकवादियों की कमर तोड़ दी गई है। हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।

> धारा 370 को लागू करने के कारण जम्मू एवं कश्मीर के नागरिकों को आर्थिक नुक्सान के अलावा राजनैतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में पूरे भारत को ही भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार को रक्षा, विदेश एवं संचार जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्रों के लिए भारत सरकार के कानून जम्मू कश्मीर में लागू करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक होता था। अत: भारत सरकार के कानून जम्मू कश्मीर में लागू नहीं होते थे। इसका परिणाम यह निकलता था कि भारत के अन्य राज्यों से कोई भी भारतीय नागरिक जम्मू कश्मीर की सीमा के अंदर जमीन या सम्पत्ति नहीं खरीद सकता था।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरे**

## कुडू में जेठ जतरा जिन्गी में उपस्थित होने का मौका मिला : नीरू शांति भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** अपने परम्परागत अनुसार पाहन-पुजार पूजा अर्चना करने के बाद ये अनुमान किया जाता है कि आने वाले बरखा पानी एवं खेत-खलयान फसल का आकलन किया जाता है। झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत के द्वारा सभी जगह से आये,खोढा के पहान पुजार को तवाल देकर सम्मानित की। उपस्थित रहे। कुडू पूर्बी के जिला परिषद प्रतिनिधि सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव गुड्डुलालनाथ शाहदेव, जिला उपाध्यक्ष साजिद कलाल, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर सलीम पाडु, कुडू प्रखण्ड महिला अध्यक्ष आजसू बिना देवी, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मुमताज अंसारी जिन्गी मुखिया दिलीप उराँव, लालदेव टाना भगत, कंचन राम चंद्रेश्वर भगत सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।।

# भव्य कलश यात्रा के साथ ही सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के कोयद पंचायत के सीमांत क्षेत्र ग्राम बानालात में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ ही सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस कलश यात्रा में पूरे पंचायत क्षेत्र के हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जय श्री राम, हर हर महादेव एवं जय माता दी के नारों से पूरा कलश यात्रा गूंजे मान रहा। सिमरिया विधायक किशून कुमार दास एवं पूर्व चतरा विधायक जनार्दन पासवान पूर्व जिला परिषद सदस्य (सिमरिया) जय प्रकाश सिंह इस रूद्र महायज्ञ के शोभा कलश यात्रा में शामिल हुए। सात दिवसीय हो रहे महायज्ञ के साथ-साथ नवनिर्मित भगवान भोलेनाथ की मंदिर में शिव शंकर सपरिवार का प्राण प्रतिष्ठा भी किया जाना है। इस महायज्ञ को शान्ति एवम् सुचारू ढंग से संचालन करने में तथा, मुख्य पुजारी के रूप में चर्चित पूजा कंस्ट्रक्शन के ठिकेदार सह बानालात निवासी ओमप्रकाश सिंह शामिल हैं। 7 मई से प्रारंभ होने वाला यह रूद्र महायज्ञ का समापन 15 मई को किया जाएगा। इस यज्ञ के दौरान प्रत्येक दिन रात्रि में लोकप्रिय कथावाचक अरुण शास्त्री जी महाराज के द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है, एवं रामलीला का भी आयोजन किया गया है।

## मोटरसाइकिल सवार युवक ने वृद्ध व्यक्ति को मारा टक्कर, हुई दर्दनाक मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा बारियातू मुख्य मार्ग स्थित सराडू के हेचाबलिया में शनिवार को रात्री लगभग नव बजे के आसपास टंडवा की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल पर तीन लोड सवार व्यक्ति ने 60 वर्षीय घूटवा तुरी को टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाते ही तुरंत बाद सराधु पुलीस पिकेट प्रभारी राजेश राम एवम् अगल बगल के व्यक्तियों के द्वारा घुटवा तुरी को घायल अवस्था में उपचार के लिए टंडवा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सा प्रभारी ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया, लेकिन हजारीबाग जाने के दौरान बीच रास्ते में ही गंभीर अवस्था में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित हुए ग्रामीणों ने टंडवा बारियातू मुख्य मार्ग को जाम कर दिया जाम की सूचना मिलते ही टंडवा पुलिस इंस्पेक्टर रंजीत रोशन ने घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर तथा उन्होंने मृतक के आश्रित को सरकार के द्वारा मिल रहे मुआवजा को दिलवाने का भरोसा देकर शव को उठाया एवं अंत्य परीक्षण के लिए चतरा भेज दिया।

## हेमंत सोरेन का सर्वजन पेंशन योजना सभी वर्ग हो रहे लाभान्वित

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में नौकरी स्थानीय नीति नियोजन नीति समेत अन्य मुद्दों व विवादों में घिरी हेमंत सोरेन की सरकार को मयूरहंड से राहत मिलने वाली खबर है।झारखंड की हजारों युवा नौकरी की तलाश में अपनी उम्र गवां चुके हैं और कुछ नौकरी की आस में दिन रात हेमंत सोरेन को कोस रहे हैं लेकिन इन सबों के बीच मयूरहंड प्रखंड के वृद्ध और गरीब गुरबा असहाय परिवारों की बात करें तो हेमंत सोरेन की सर्वजन पेंशन योजना इनके जीवन यापन का मुख्य सहारा बना हुआ है। पूर्व की डबल इंजन की सरकार यानि भाजपा के शासनकाल में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी जो सभी जाति के वृद्धों को पेंशन का लाभ मिले लेकिन अब हेमंत सोरेन की राज में सभी जाति व समुदाय के लोगों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिल रहा है।प्रखंड में सत्ता पक्ष के समर्थकों का कहना है कि हेमंत सोरेन राज्य की विकास के लिए समर्पित हैं लेकिन विपक्षी दल षड्यंत्र की राजनीति करते हुए हेमंत सोरेन की सरकार को विकास से दूर रख रही है जो आने वाले समय में भाजपा के लिए और राह कठिन करेगा। विशेषकर बात करें तो झारखंड के पारा शिक्षक आंगनबाड़ी सेविका सहायिका और राज्य के सरकारी स्कूलों में दोपहर का भोजन पकाने वाली रसोईयों का हेमंत सोरेन के प्रति गहरा लगाव है जो हेमंत सोरेन के लिए सरप्लस है।अब देखना है आनेवाले समय में क्या-क्या गुल खिलाता है।

## बिजली बिल सौ यूनिट और ब्याज माफी का लाभ नहीं उठा पा रहे उपभोक्ता

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह विधुत विभाग का करीब 12 हजार उपभोक्ताओं के पास लाखो रुपये बिजली बिल बकाया है। वही उपभोक्ता बिल जमा करने में देरी कर रहे है। विभाग के द्वारा उन उपभोक्ताओं को ब्याज माफी की योजना का लाभ उठाने के लिए पुरी तरह से प्रेरित नहीं किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं के पास 3 हजार से लेकर 50 हजार रुपये बिल बाकी है। विभाग ने विद्युत उभोक्ताओं से अपील किया है कि बकाये बिजली बिल जमा कर ब्याज माफी योजना का लाभ उठा सकते है। वैसे कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि समय पर बिजली बिल नही दी जाती है जिसके कारण बिल राशि बढ़ जाती है। इसके अलावा ऐसे कई उपभोक्ता हैं जिनके घर में बिजली नहीं जलने के बावजूद बिल आ रहे हैं कई उपभोक्ताओं का दो दो कनेक्शन होने से परेशान हैं। वहीं कई उपभोक्ताओं का मीटर ही नहीं है जिससे सौ यूनिट बिल माफी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जहां उपभोक्ताओं के अत्यधिक बिल आने से बिल चुकता करने में उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं विभाग के द्वारा उक्त बेहतरीन योजना का लाभ उठाने को लेकर प्रचार प्रसार में कोताही बरती जा रही है।

# कोल वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंदा, मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के मुरवे स्थित ईश्वर दयाल सिंह पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की रात्री कोल अज्ञात कोल वाहन ने एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंद डाला जिससे मौके पर ही उसकी भिभत्स मौत हो गई। मृतक मोटरसाइकिल सवार युवक कोरी गांव निवासी रंजीत भुइयां। का नाम शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही सिमरिया पुलिस का एक दल मौके पर पहुची और शव को अपने कब्जे में करते हुए अंत्य परीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने निवास स्थान से किसी विशेष कार्य से अपने बहन के घर टंडवा थाना क्षेत्र के रोल वदबिगहा गांव जा रहा था। पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक कोल वाहन ने उसे सामने से रौंद डाला और फरार हो गया। युवक की इस प्रकार की मौत से उसके परिजन और गांव के लोग आक्रोशित हैं और वाहन को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है अन्यथा सड़क पर उतर कर आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर थाना प्रभारी विवेक कुमार ने मौजूद लोगों को समझा बुझा कर सड़क जाम को हटा दिया है।गौरतलब है कि इन दिनों टंडवा सिमरिया पथ पर अंधाधुंध कोयला वाहनों का परिचालन जारी है जिससे आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घट रही है। लगातार दुर्घटनाओं के बावजूद कोल वाहनों को नियंत्रित करने के कोई उपाय नहीं हो पा रही हैं।

# कलश यात्रा निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारीयातु प्रखंड क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बानालात स्थित नव निर्माण शिव मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 श्री रूद्र महायज्ञ सह शिव परिवार एवं सात दिवसीय हनुमत् प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान ओमप्रकाश सिंह पत्नी मिना देवी, अशोक सिंह पत्नी नूतन देवी, राजकुमार सिंह पत्नी सावित्री देवी, लखन सिंह पत्नी रतन देवी, जयप्रकाश सिंह पत्नी सुनिता देवी, सिबदेव सिंह पत्नी ललीता देवी, सुबोध सिंह पत्नी ममता देवी, कृष्ण बल्ब सिंह पत्नी रूकमणी देवी, गोपाल नाथ सिंह पत्नी चंपा देवी, बैजनाथ सिंह पत्नी अनिता देवी के अलावा कई कुंवारी कन्या एवं सैंकड़ो श्रदालुओं ने मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ कलश उठाकर पैदल बनालात बस्ती, सोहरवा टांड,पार गढ़ा, मध्य विधालय, मनातु होते लातेहार चतरा सिमा स्थित सतबहनी नदी तट पर पहुंची जहाँ वाराणसी के यज्ञाचार्य श्यामसुंदर उपाध्याय जी महाराज द्वारा मंत्रोच्चारण एवं वैदिक कर्म कांड के साथ गंगा पुजन तथा वरूण देव का आह्वान कर कलश में नदी का पवित्र जल भरवाया द्य पुनः कलश यात्रा यज्ञ पंडप पहुंचा जहाँ यज्ञाचार्य श्यामसुंदर उपाध्याय जी महाराज ने मंत्रोच्चार के पश्चात कलश स्थापित कराया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि चतरा के पुर्व विधायक जनार्दन पासवान,सिमरया के पुर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र कुमार सिंह, आजसू केन्द्रीय सचिव सह पतंजलि योगपीठ लातेहार के जिला संयोजक जितेंद्र सिंह (जिवन) स्थानीय मुखिया सुशीला देवी,पुर्व मुखिया राजेन्द्र उरांव, सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष नन्दन किशोर पाठक, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव अक्षयवट सिंह, संयोजक ओमप्रकाश सिंह सहित कई लोगों का सराहनीय भुमिका निभा रहे हैं। यज्ञ के संबंध में जानकारी देते हुए संयोजक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि 8 मई को देवी मंडप पुजन एवं जलाधिवास 9 मई को पुजन पाठ स्वाहाकार, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, वस्त्राधिवास, पकवन्नाधिवास, फलाधिवास इत्यादि 10-11 व 12 मई को पुजन पाठ स्वाहाकार एवं 13 मई को पुर्णाहुति एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन भण्डारा का व्यवस्था किया गया है। प्रतिदिन रात्री 7 बजे से इच्छातम किया जायेगा। एवं प्रतिदिन रात्री आठ बजे से प्रवचन किया जायेगा। अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से ससमय यज्ञ कार्यक्रम में पहुँच कर भाग लेने का अपील किया है। सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का व्यवस्था किया गया है।

## श्री श्री 1008 श्री वैष्णो देवी, रामदरबार, राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आरंभ



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के चंदनडीह गांव में आगामी छह मई से प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ सती साध्वी कुमारी रागिनी के सानिध्य में छह मई को कलश यात्रा व मंडप प्रवेश किया गया। अनुष्ठान में प्रवचन और रासलीला का भी होगा आयोजन आठ मई को वेदी पूजन जलाधिवास कथा प्रारंभ किया जायेगा, 9 मई को पूजन प्रत्राधिवास मिष्ठानाधिवाश कथा, दस मई को पूजन, महास्नान, नगर भ्रमण, 11 मई को प्राण प्रतिष्ठा व कथा, 12 मई को पूजन संध्या व छप्पन भोग, 13 मई को पूजन संध्या महाआरती और 14 मई को सामूहिक हवण, पूर्णाहुति व विदायी कार्यक्रम आयोजित की जायेगी.अनुष्ठान में प्रवचन और रासलीला का भी आयोजन किया जायेगा।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बीसीजी टीकाकरण को लेकर चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** यक्ष्मा की रोकथाम के लिए बीसीजी टीकाकरण शतप्रतिशत पूरा करने एवं टीबी बिमारी से बचाव, जांच एवं उपचार को लेकर कुरु प्रखंड अंतर्गत जीमा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 109 पर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण को लेकर भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बिमारी है,जो माईकोबैकटेरियम ट्यूबरकुलोसिस से होता है। यह हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने और छींकने पर फैलता है। टीबी को फैलने से रोकने के लिए मरीज हमेशा रुमाल से मुंह ढ़ककर खांसे और छीकें। उन्होंने बताया कि टीबी इलाज के दौरान बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, हुक्का, शराब, महुआ और हंड़िया जैसी किसी भी नशीली वस्तुओं से परहेज़ करें। सुधीर कुमार राय ने बताया कि टीबी के दौरान पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार लेने के लिए रोगी के खाता में 500 रुपया प्रतिमाह भेजें जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मेनका तिर्की ने टीबी के लक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि यदि लगातार दो सप्ताह से अधिक दिनों से खासी आ रहा हो, बुखार हो, सीने में दर्द हो रहा हो, वजन घट रहा हो, रात में सोने के समय पसीना आ रहा हो, बलगम के साथ खून निकल रहा हो तो अविलंब टीबी की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर जरुर कराएं।

## ऑनलाइन क्रिकेट मैच जुआ से युवाओं पर पड़ रहा बड़ी असर

# 100, 500 रूपये लगा हो रहे हैं कंगाल, ड्रीम 11 या माई सर्कल हो रहा है मालामाल

**➲ड्रीम 11 या माई सर्कल क्रिकेट जुआ है एक धोखा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/सिमरिया :** जिले के लाखों युवा इन दिनों ड्रीम 11 हो या माई सर्कल क्रिकेट मैच जुआ के पीछे दीवाने बने हुए है। जैसे हीं मैच की घोषणा होती है तभी से युवा अपनी माँ पिता या अपना मेहनत का रूपये लगा टकटकी लगाए रहते है। वहीं सारा काम काज छोड़ क्रिकेट जुआ के पीछे पड़े रहते है। लेकिन अंत में उन्हें खाली हाथ या निराशा हाथ लगता है। बता दें कि ड्रीम 11 या माई सर्कल क्रिकेट मैच का गेम का खेल प्राईज 1 करोड़ से लेकर 3 करोड़ तक रखा जाता है जिसका




मात्र 15, 30, 40, 49, 45, रुपया से लेकर 1000 तक खेल चार्य रखा जाता है । किंतु उक्त खेल में करीब 60 लाख से लेकर 80 लाख यूजर होते है ऐसे में आप जोड़ेंगे तो करीब एक खेल 30या 35 करोड़ का होता है। अब यदि किसी विजेता को यदि 1 या 3 करोड़ प्राईज देता है तो उसे 27 करोड़ बचत होता है। **खेल में किया जाता है गोरखधंधा :** खेल का जैसे हीं लाईन आउट होता है वैसे हीं खेलाडियो का चयन यूजर कर लेते है। प्रारंभिक में बहुत यूजर पहला स्थान से लेकर दुशरा स्थान में रहते है और यह प्रक्रिया निरन्तर जारी रहता है अंत समय तक किन्तु अंतिम में प्रथम और द्वितीय श्रेणी में रहने वाले यूजर सबसे अंतिम पायदान में कर दिया जाता है। ड्रीम 11 हो या माई सर्कल सभी संचालक सेटिंग के तहत खेल खेलते है। संचालक अपने हीं करीबी या सेटिंग वाले व्यक्ति को पॉइंट देकर प्रथम दिखा जीता देते है। ऐसे में चिट और पट उसी का होता है। इधर युवा पीढ़ी के लोग बेरोजगारी के आलम में इस खेल को चुन कर करोड़पति बनने की चाहत में दिनों दिनों कंगाली के हालत में जी रहे है। जबकि प्रत्येक दिन क्रिकेट गेम मैच होता है। विजेता होने का घोषणा भी होती है लेकिन वह विजेता कहां का है उसका कोई अता पता नहीं होता है। वैसे नित्य प्रतिदिन विजेताओं का जित का घोषणा होना चाहिए ताकि खेलने वाले युवाओं को मालूम हो की किस सज्जन का और कहां का ड्रीम 11 का प्राईज दिया गया है।

## बलराम स्टोन माइंस से बरामद युवक के शव का दुबारा हुआ पोस्टमार्टम

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातु थाना क्षेत्र के पिपराडीह ग्राम स्थित बलराम स्टोन माइंस के लगभग दो सौ फिट गहरा खाई मे शनिवार को रेंची ग्राम निवासी बालदेव गंझु के नवविवाहित पुत्र अजय गंझू का शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को शनिवार को सौपा था। जला शव देख कर परिजन व ग्रामीण निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे पूर्व विधायक प्रकाश राम के पहल पर थाना प्रभारी निष्पक्ष जांच को लेकर शव को दोबारा पोस्मार्टम कराया गया। मृतक के भाई सुरेश गंझु व परिजन सहित ग्रामीणों ने बताया की पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को देखे तो दोनों जाँघ, हाथ के दोनों बांह व छाती सहित कई जगह जला का निशान था. लगभग दो सौ फीट गहरे खाई में अजय गंझु खुद गिरता तो उसके कई अंग टुट जाते जबकि उसके सर पर चोट लगी थी, इससे साफ पता चलता है कि हत्या किया गयाहै.और इसे छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। इधर खरवार भोगता विकास संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ सिंह भोगता ने कहा की बारियातू थाना की स्थापना होने से गरीब गुरबे को इंसाफ मिलने की उम्मीद जग गई थी। परन्तु क्षेत्र मे पहली बार किसी व्यक्ति की दुबारा पोस्टमार्टम करने का नौबत आया जिससे बारियातू थाना प्रभारी पर विश्वासनियता पर सवाल खड़ा हो गया है. उच्च अधिकारी से मांग करते हैं की निष्पक्ष जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई हो। आगे कहा कि मै अपने जिवन मे यह पहली घटना देख रहा हूँ कि किसी शव को दोबारा पोस्मार्टम किया गया.वहीं भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने सरकार से उच्च स्तरीय निष्पक्ष जाँच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है सम्बन्ध मे थानेदार मुकेश चौधरी ने बताया की परिजन और ग्रामीणों की मांग के आधार पर दुबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आवेदन के सम्बन्ध मे बताया की आवेदन एक व्यक्ति के नाम देना चाहिए था लेकिन कई ग्रामीणों का हस्ताक्षर था इसलिए सुधार कर आवेदन मांग किए थे। आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर जाँच कर कार्रवाई की जाएगी।

# लातेहार जेल में विचाराधीन कैदी की मौत पर परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के मंडल कारा के एक विचाराधीन बंदी सेंधू मुंडा की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई सेंधू के परिजनों ने उसके साथ जेल में मारपीट करने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर जेल प्रशासन का कहना है, कि सेंधू पहले से बीमार था,बीमारी की हालत में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि बंदी को मंडल कारा से बीमारी की हालत में अस्पताल लाया गया था इलाज के क्रम में मौत हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा वहीं सेंधू की पत्नी रीना मुंडा ने कहा कि सेंधू स्वस्थ था उसने दावा की उसके पति को पहले से कोई बीमारी नहीं थी उसे कभी कोई दौरा नहीं पड़ा उसे स्वस्थ हालत में पकड़ कर जेल लाया गया था। उसने आरोप लगाया



कि सेंधू के साथ जेल में मारपीट की गई है, उसके शरीर के पिछले हिस्से में डंडे के निशान है, रीना देवी ने बताया कि वह शुक्रवार को मंडल कारा में अपने पति सेंधू से मिलकर गई थी। शुक्रवार को वह पूरी तरह स्वस्थ था और अचानक शनिवार दोपहर 2:00 बजे चंदवा पुलिस की ओर से सूचना दी गई कि उसके पति की मौत हो गई है।

**जेल अधीक्षक और जेलर के रहते निष्पक्ष जांच प्रभावित होगी : अयुब खान**

लातेहार : जेल में बंद विचाराधीन सेंधू मुंडा की मौत के जिम्मेदारों की गिरफ्तारी कर तत्काल जेल अधीक्षक व जेलर को तत्काल हटाए जाने की मांग मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सह चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयुब खान ने की है।उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि परिजनों का आरोप है कि हेसला निवासी बुजुर्ग दंपती की हत्या के आरोप में लातेहार जेल में बंद कैदी सेंधू मुंडा के शरीर पर लाठियों से पिटायी के गहरे घाव के कई निशान हैं। उनकी पीटाई की गई है। पीटाई के ही कारण उसकी मौत हुई है।यह मामला काफी गंभीर है ऐसे में इसकी उच्चस्तरीय जांच कर इसमें जो भी शामिल हैं उन सभी पर कार्रवाई किए जाएं एवं जेल अधीक्षक और जेलर के रहते निष्पक्ष जांच भी हो पाएगी, इनके द्वारा जांच प्रभावित कर दोषियों को बचाने का प्रयास किए जाने की प्रबल संभावना है।अयुब खान ने लातेहार जेल अधीक्षक, जेलर को तत्काल हटाने, सेंन्धू मुंडा के पिटाई से हुई मौत मामले के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से की है।

## खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण व फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** चतरा उपायुक्त एवं सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सह अभिहित अधिकारी के निर्देशानुसार रविवार को दो बैच में खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं फूड लाइसेंस शिविर का अयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवम सभी खाद्य कारोबारियो जैसी कि रेस्तरां, होटल, मिठाई दुकान, थोक विक्रेता, वितरक, किराना दुकान, मिल्क पार्लर, मीट मुर्गा दुकानदारों, ठेला वाले के लिए आयोजित किया गया। FosTac का प्रशिक्षण एवम कैंप का आयोजन खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं खाद्य सुरक्षा मानक विनियम 2011 (खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और पंजीकरण) के अनुरूप सिमरिया के प्रखंड सभागर में किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सह अभिहित आधिकारी श्री सुधीर कुमार दास एवम खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा किया गया। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पवन कुमार केसरी के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। यह



कार्यक्रम खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं ज्ञानसिटी एजुकेशनल ट्रस्ट तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सह अभिहित आधिकारी के द्वारा खाद्य सुरक्षा के तहत fssai license एवम रजिस्ट्रेशन लेने के लिए सभी खाद्य कारोबारियो को कहा गया। उन्होने खाद्य पदार्थो में किसी भी तरह के मिलावटी पदार्थो को नही बेचने के लिए हिदायत दी । मिठाई की गुणवत्ता एवम सरसो तेल की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए खाद्य कारोबारियो को कहा गया । किसी भी मिसब्रेंडेड, असुरक्षित, तथा अवमानक खाद्य पदार्थ बेचे जाने पर नियमानुसार कारवाई करने कि चेतावनी दी गई। साथ ही खुले में मुर्गा मीट बेचे जाने तथा साफ सफाई नही रखे जाने के लिए नाराजगी जाहिर की। सभी खाद्य कारोबारियो को स्त्रस्ट्ट्ष्ह्ल 2006 का समुचित पालन करने के लिए कहा गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा ,26 एवम 27 में उल्लेखित बिंदुओ के बारे में वृस्तित चर्चा की। उन्होंने सभी कारोबारियो को बिल रखने के लिए कहा। साथ ही जिस खाद्य पैकेट पर fssai license, बैच, बनने कि तिथि, एक्सपायर होने की तिथि, बनाने वाले का समुचित पता या इसमें से कोई भी एक चीज नहीं लिखा गया हो उस खाद्य पदार्थो को नहीं बेचने के लिए कहा। साथ ही मिठाई में किसी भी तरह का मिलावट नहीं करने एवम प्रतिबंधित पान मसाला को नहीं बेचने के लिए जानकारी दी। उन्होने बताया कि यदि कोई भी खाद्य कारोबारकर्ता खाद्य सुरक्षा नियम का अनुपालन नहीं करता है और औचक निरक्षण में पकड़े जाते है तो इस अधिनियम के अनुसार उसे सजा एवम अर्थदंड भी भरना पड़ सकता है। उन्होंने सभी दुकानदारों को fssai अनुज्ञप्ति एवम पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। फूड लाइसेंस शिविर में आज कुल 49 खाद्य कारोबारियो का fssai Registration के लिए आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे ऑन द स्पॉट 4 खाद्य कारोबारियो का रजिस्ट्रेशन निर्गत किया गया। यह प्रशिक्षण एवम कैंप सुबह 10 बजे से 2 बजे तक तथा दूसरे बैच में स्ट्रीट फूड वेंडर्स को 2ः15 बजे से 5 बजे तक कराया गया इसमें कुल 132 खाद्य कारोबारकर्ता मौजूद थे। मौके पर प्रशिक्षक डॉक्टर राकेश कुमार सिंह एवम ज्ञानसिटी के कन्वेनर संतोष पाठक एवम राकेश कुमार मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला कांग्रेस सेवा दल की बैठक हुई संपन्न



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक का आयोजन रविवार को कैथा मोड़ रामगढ़ में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रूपेंद्र महतो उर्फ़ टाइगर ने किया। बैठक का संचालन जे के अग्रवाल ने किया। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी भरत रावत उपस्थित हुए। सेवादल के कार्यकर्ताओं के द्वारा उन्हें फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में संगठन का विस्तार साथ ही तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन का निर्णय लिया गया। शीघ्र ही शिविर का आयोजन किया जाएगा। झारखंड के प्रभारी भरत रावत ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कांग्रेस जनों को सेवादल के प्रशिक्षण से गुजरना होगा बोकारो जिला के संगठन प्रशांत कुमार बावरी कांग्रेस सेवादल महिला जिलाध्यक्ष पिंकी राय मीना राय गुलशन कुमार सुरेश करमाली रवि कुमार मुकेश करमाली जसीम अंसारी कृष्णा कुमार संतोषी सिंह पप्पू कुमार विशाल कुमार सुरेश करमाली मुन्नी देवी आदि अनेकों कांग्रेसी जन उपस्थित हुए।

### प्रमाण पत्र वितरण के साथ बकरी पालन प्रशिक्षण हुआ संपन्न




**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक ऑफ़ इंडिया-ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रामगढ में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को बैंक ऑफ़ इंडिया आरसेटी, रामगढ़ के निदेशक मनोहर लाल निराला और संकाय सदस्य राजेंद्र कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में पप्पू यादव, रोहित कुमार,मनीषा कुमारी,कौशल्या देवी,पूनम देवी, सुनीता देवी,संगीता देवी, जगदेव महतो, विजय आनंद मरांडी व अन्य उपस्थित थे। जल्द ही संस्थान में सिलाई शुरु होने जा रहा है इच्छुक महिलाएं संस्थान से संपर्क कर अपना आवेदन संस्थान में जमा कर सकते है ।

### सरैयाहाट प्रमुख ललिता मरांडी ने उप विकास आयुक्त से मिलकर सौंपा आवेदन

**सरैयाहाट (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना में हो रही गड़बड़ी को लेकर सरैयाहाट प्रखंड प्रमुख ललिता मरांडी ने उप विकास आयुक्त दुमका से मिलकर आवेदन पत्र देते हुए मामले से अवगत कराया है। उप विकास आयुक्त दुमका को दिए गए आवेदन पत्र में प्रमुख ने अवगत कराया है कि प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना में हो रही गड़बड़ी का जांच की गई। जिसमें अनियमितता उजागर हुई है। कहा गया है कि वही प्रखंड प्रमुख ने 20 मार्च 2023 को ग्रामीणों की शिकायत पर मनरेगा योजनाओं की जांच की थी जिसमें पंचायत के रोजगार सेवक पंचायत सचिव कनीय अभियंता एवं संबंधित जनप्रतिनिधि मौजूद थे। वहीं प्रखंड प्रमुख के द्वारा आरईओ रोड धनवे से मैतरी तक मिट्टी मोरम के कार्य में अनियमितता पाई गई। मतरी से कुरमाटिकर तक मिट्टी मोरम रोड की निर्माण में अनियमितता पाई गई वही आरोप लगाया कि लंबाई चौड़ाई की कमी है। वही तीसरा योजना जोगनी थान से गुरु हांसदा के घर तक मिट्टी कटाई नहीं की गई है। चौथा योजना पंखुड़िया से तिवारी बांध तक की लंबाई में और कमी देखी गई पांचवा योजना रोशनी देवी नाम का डोभा में अनियमितता देखी गई वही ग्रामीणों ने बताया था कि यह डोभा पूर्व में किसी सुभाष कुमार के नाम से बना हुआ था दोबारा उसी डोभा पर राशि निकासी की जा रही है छठी योजना निशीकांत राय के घर से बलवाड़ा सीमा तक के मिट्टी मोरम के रोड को अधूरा कार्य कर छोड़ मनरेगा पोर्टल पर पूर्ण दर्शाया गया है जबकि कार्य अधूरा है इन्हीं योजनाओं को लेकर उप विकास आयुक्त से जांच करने की आवेदन दिया जिसकी प्रतिलिपि उपायुक्त दुमका अध्यक्ष जिला परिषद सदस्य दुमका को भी दी गई है।

# सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र का सिरका खुली खदान सीटीओ नहीं रहने के कारण 4 वर्षों से कोयला उत्पादन करने से वंचित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका कोलियरी परियोजना में कोयला उत्पादन का कार्य बीते 4 वर्षों से सीटीओ नहीं मिलने के कारण नहीं हो पा रहा हैं। केवल पत्थर मिट्टी (ओबी) खनन का कार्य हो रहा हैं। जिसके कारण यहां के कामगारों और अधिकारियों के बीच मायूसी छाई हुई हैं। कोयला खदान के लोकल सेल से मिलने वाले आर्थिक लाभ से बाजारों की रौनक भी बेरंग पड़ने लगी हैं। वही रोजगार की बात की जाए तो




कोयला सेल नहीं चलने के कारण मजदूरों के द्वारा लोकल सेल में गाड़ी नहीं भरी जा रही हैं। जिससे प्रतिदिन मजदूरों के हाथों में मिलने वाले पैसों से सिरका- अरगड्डा के बाजारों में दुकानदारों की बिक्री हुआ करती थी। लेकिन रोजगार और बाजार की रौनक दिन प्रतिदिन घटती जा रही हैं। यहां के कॉलोनी वासी बताते हैं कि सिरका अरगड्डा में 2015 साल के बाद दो भूमिगत खदान बंद होने का सिलसिला आरंभ हुआ था। कामगारों को अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरीओं में ट्रांसफर कर दिया गया था। जबकि 2019 मार्च के बाद आज तक सिरका खुली खदान से कोयला उत्पादन की राह यहां के कामगार व आम जनमानस ताक रहे हैं।

**कोलियरी खदान का ईसी दल ने किया था निरीक्षण :** बीते करीब 4 माह पूर्व पर्यावरण विभाग (ईसी) के द्वारा कोलियरी सिरका के न्यू वर्कशॉप और सिरका खदान के आस-पास सुरक्षा व पर्यावरण संतुलन के लिए उठाए गए कदमों को लेकर निरीक्षण अधिकारियों के दल ने किया था। लेकिन अभी तक सीटीओ नहीं मिल पाया हैं।

**यूनियन प्रतिनिधि कहते हैं:** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्रीय सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा कहते हैं कि सीसीएल सिरका खदान कि कोयले की गुणवत्ता काफी अच्छी हैं। बीते 4 वर्षो से प्रबंधन के कागजातों के फाइलों में सिटीओ प्रमीशन फंस कर रह गई हैं। जिसके लिए सकारात्मक पहल करनी होगी। तब जाकर सिरका खदान के गर्भ में पड़े करीब 58 हजार टन से भी अधिक कोयला का उत्पादन किया जा सकता। इससे देश को ऊर्जा की गति में नया स्रोत मिल पाएगा। वहीं झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव दिलीप भुईयां कहते हैं कि सिरका खुली खदान से जुड़ी लोकल से बेरोजगारों को रोजगार और बाजारों में रौनक लौटेगी। इससे क्षेत्र का भविष्य उज्जवल होगा। इसलिए प्रबंधन और राज्य सरकार को इस दिशा में सही कदम बढ़ाना चाहिए।

## नव विवाहित दंपति ने खुदकुशी कर अपनी जीवन लीला की समाप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरवां में नवविवाहित जोड़े ने खुदकुशी कर अपनी जीवनलीला को समाप्त कर लिया।घटना के बारे में स्थानीय लोगों के अनुसार राजकुमार यादव(25)वर्ष पिता हिरामन यादव का विवाह इसी वर्ष 22 फरवरी 2023 को हुआ था।शनिवार रात में भोजन करने के बाद अपनी पत्नी पूजा देवी के साथ अपने कमरे में रात्रिविश्राम के लिए चले गए।रविवार सुबह परिजनों ने देखा कि काफी देर तक दरवाजा बंद होने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला।जिसके बाद दरवाजा तोडा गया तो कमरा के अंदर का दृश्य देख घरवाले भौचक्के रह गए।पत्नी बेड पर मृत पडी हुई है व पति पंखे के फंदे से झूलता हुआ पाया गया।घटना से आसपास के लोग हतप्रभ हैं खबर सुनकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

## अमन श्रीवास्तव गैंग के दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को प्राप्त गुप्त सूचना के आलोक में उनके निर्देशानुसार पु.अ.नि. रघुनाथ सिंह थाना प्रभारी पतरातू के नेतृत्व में पतरातू डैम के समीप किंग रेस्टोरेंट में छापामारी की गई । जिसके क्रम में दो कुख्यात अपराधी सन्नी कुमार पिता रंजीत सिंह उम्र 24 वर्ष जिला बेगूसराय निवासी एवं ब्रजेश कुमार पिता नरेश पासवान



उम्र 20 वर्ष जिला बेगूसराय निवासी को गिरफ्तार किया गया । इन अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल , 315 की जिंदा गोली बरामद की गई ।

पूछताछ के दौरान दोनों अपराधी अमन श्रीवास्तव गैंग के सक्रिय सदस्य हैं अपनी स्वीकारोत्ति बयान में इनके द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 2/05/2023 को पतरातू अंतर्गत हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर फायरिंग की घटना का अंजाम दिया गया था । रंगदारी की मांग को लेकर अमन श्रीवास्तव के इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया है इनके द्वारा यह बताया गया कि दोनों अपराधी है इसके पूर्व भी अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है यह जानकारी दी गई कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के निर्देश पर ही दोनों अपराधी घटना का अंजाम के उद्देश्य पतरातू पहुंचे थे। इस संबंध में पतरातू में कांड संख्या 78/2023 दिनांक 06/05/2023 धारा 25 (1- b)a/26/25 अंकित किया गया है ।

## काठमांडू में विष्णुगढ़ के मजदूर की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामो पँचायत टोला बसरियाटांड के एक और प्रवासी मजदूर रीतलाल महतो,पिता डूमर महतो उम्र करीब 42 वर्ष की मौत नेपाल के काठमांडू में 04 मई 23 को हो गई । इनका पार्थिव शरीर अंत्येष्ठि हेतु जन्म भूमि अचलजामो 06 मई 23 लाया गया,तत्पश्चात रात्रि में दाहसंस्कार किया गया ।घटना दुःखद व ह्रदयविदारक है, पूर्व प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि रीतलाल महतो विगत दस-पंद्रह वर्षो से केईसी कंपनी में कार्यरत है,होली में छुट्टी के बाद नेपाल के काठमांडू में ट्रान्समिशन लाइन में कार्य कर रहा था। कार्य के दौरान गश खाकर गिरने के बाद उसके सहयोगियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया और जांचोपरांत मौत की वजह ब्रेनहेमरेज होना बताया । इस घटना से उसके परिजनों एवं पत्नी का रो -रोकर बुरा हाल है ।विष्णुगढ़ प्रखण्ड में लगातर हो रही प्रवासी मजदूरो की मौत सरकार की नीति-नियत पर प्रश्न चिन्ह लगाती है।सरकार एवं प्रशासनिक अधिकारियों को इस ज्वलंत मुद्दे पर आगे बढ़कर प्रवासी मजदूरों के हितों में प्रयास करने की जरूरत है । प्रवासी मजदूरो के हितों में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने बताया कि मेरी जानकारी में अभी तक मृतक के परिजनों को कंपनी की तरफ से मुआवजा नही मिला है,जो कंपनी के अधिकारियों के अमानवीय कृत को दर्शाता है ।

## हजारीबाग यूथ विंग ने किया नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाला हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन रामनगर चौक स्थित पारसनाथ ट्रेवल्स के समीप किया गया। यह शिविर दूसरी बार आयोजित किया गया था । शिविर का उद्घाटन हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, समाज सेवी दीपक सिंह,पारसनाथ ट्रेवल्स के संचालक राजेश पाटोदी ने फीता काटकर किया। जांच शिविर में सभी प्रकार की बीमारियों का जांच किया गया। शिविर में डॉ वी वेंकटेश एवं महिला विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता खण्डेलवाल ने



सेवा दिया। जांच शिविर में 70 से अधिक लोगों ने जांच करवाया। शिविर सुबह 10 बजे से 3 बजे तक प्रारंभ रहा। शिविर में विशेष योगदान मानसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पारसनाथ ट्रेवल्स के संचालक राजेश पाटोदी का रहा। जांच शिविर में मुनि देवी, बुधन महतो,खुशबू

## सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ हजारीबाग की गीता ज्ञान कार्यक्रम हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विवेकानंद प्रा0 आई0टी0आई जबरा रोड कोर्रा मे सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ हजारीबाग के द्वारा गीता

ज्ञान का कार्यक्रम की शुरुआत, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, डॉक्टर0 प्रो0 राजकुमार चौबे , डॉ0प्रसन्न मिश्रा हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रदीप पाठक सचिव शंकर चंद्र पाठक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मां सरस्वती , विवेकानंद के फोटो पर कमेटी के पदाधिकारी एवं आए हुए अतिथि के द्वारा पुष्प अर्पित की गई, शंखनाद 5 लोगों के द्वारा किया गया, पंडित साकेत पाठक के द्वारा सरस्वती वंदना गणेश वंदना सूर्य वंदना , एवं 15 श्लोक गीता के पाठ किए गए संयोजक गजानंद पाठक के द्वारा भावार्थ बताया गया।मंच संचालन




प्रदीप पाठक के द्वारा किया गया, गीता के उपयोगिता विषय पर मुंह के तिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, डॉ0 प्रो0 राज कुमार चौबे, डॉ0प्रसन्न मिश्रा, विश्ववेदु जयपुरिया, सुबोध मिश्रा, भालचंद्र मिश्रा, रामकिंकर उपाध्याय ने अपनी बातों को रखें उपस्थिति बच्चों को गीता के बारे बताया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों को जिला कमेटी की ओर से गीता देकर सम्मानित किया गया। साथ साथ विवेकानंद जयंती पर राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं भीमराव अंबेडकर जयंती पर भारत के संसद भवन में वक्तव्य देकर हजारीबाग के नाम रौशन करने वाली अन्विता प्रियम, फास्ट कैलकुलेशन नेशनल लेवल के विजेता, कविता पाठ में कई मेडल प्राप्त कर चुकी सुमेधा भारद्वाज, एवं अस्मिता प्रियम को मोमेंटो, गीता देकर सम्मानित किया गया । हजारीबाग जिला कमेटी के द्वारा यह कार्यक्रम निशुल्क चलाया जाएगा पहला ब्रांच विवेकानंद आईटीआई कॉलेज मैं आज शुरुआत की गई प्रत्येक रविवार को 11 बजे से 12 बजे तक गीता ज्ञान का कार्यक्रम आयोजित की जाएगी जो भी बच्चे गीता का शिक्षा लेना चाहे निशुल्क नामांकन करा सकते हैं। विवेकानंद आईटीआई कॉलेज गीता ज्ञान कार्यक्रम के संयोजक गजानंद पाठक हैं ।जिला सचिव शंकर चंद्र पाठक ने बताया गीता ज्ञान कार्यक्रम का विस्तार पूरे जिले में की जाएगी। गीता ज्ञान कार्यक्रम को एक जन आंदोलन बनाने का निर्णय लिया गया । वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में एक संपूरक शिक्षा के रूप में पूरे भारतवर्ष में या शिक्षा देने का संकल्प लिया गया।

## आम आदमी पार्टी का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सह समेलन हुआ संपन्न



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आम आदमी पार्टी का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सह समेलन सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश सयोयक डी एन सिंह उप संयोयक प्रेम कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय ने की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक बृजेंद्र सिंह ने कहा कि हजारीबाग की धरती से कार्यकर्ताओं में जो जोश जो ऊर्जा संगठनात्मक नीतियों पर आज सकारात्मक चर्चा हुई है। यह संगठन प्रखंड उत्तक पंचायतों तक अगले 4 महीनों में दिखेगी । झारखंड के लोग तीसरा विकल्प के चाह में है, और जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता आज सड़कों पर उतर कर काम कर रहे हैं तो जनता खुद ब खुद झारखंड में विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को पाती है। आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है ,पूरे देश में आने वाले समय में आम आदमी पार्टी विकल्प के रूप में तेजी से उतरेगी और झारखंड में भी जिस तरह से युवाओं का महिलाओं का तमाम छोटे बड़ों का रुझान पार्टी की ओर है । 24 में झारखंड में भी आम आदमी पार्टी का दम दिखेगा ,झारखंड के इकासी विधानसभा में शुग बुगाआहट शुरू हो गई है।वही उप संयोजक प्रेम कुमार ने कहा कि आज इस पहली कार्यक्रम में जो कार्यकर्ताओं का उत्साह था। वह झारखंड को नई दिशा देने का उत्साह था

## करियातपुर में बड़े ही धूमधाम से की जा रही मां संतोषी की पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में शनिवार को आयोजित पांच दिवसीय माता संतोषी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे हैं। इस मंदिर का निर्माण करता एवं प्रधान यजमान सहदेव प्रजापति एवं उर्मिला प्रजापति द्वारा किया गया है । करियातपुर के भक्तजन संतोषी माता प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा के बाद माथा टेक भक्तों ने आशीर्वाद लिया । महायज्ञ में आचार्य चंदन शास्त्री, पुरोहित अशोक पांडे, दीपक शास्त्री ,प्रकाश पांडे ने कहा कि विभिन्न तरह के रोग बाधा से मुक्ति मिलती है। कलश यात्रा शुक्रवार को किया गया,



जिसमें पूरे हुए एवं जनप्रतिनिधि लोगों ने कहा कि यज्ञ कार्यक्रम इस प्रकार 8 तारीख को रात्रि 9ः00 बजे से माता का जागरण 9 तारीख को शाम 4ः00 बजे ग्राम भ्रमण एवं रात्रि में माता का प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि इस यज्ञ को बड़े ही धूमधाम से एव शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महासमिति के संतोष कुमार प्रजापति, राजेश कुमार प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, राहुल कुमार प्रजापति,महेश प्रजापति, छोटी पंडित,दीपक कुमार प्रजापति,उदित पंडित, अर्जुन पंडित, सुनील कुमार पंडित,प्रवीण कुमार प्रजापति, सोनू कुमार प्रजापति,रोहित कुमार प्रजापति, निखिल कुमार प्रजापति, एवं सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## हुल दिवस मनाने को लेकर आदिवासी समाज ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** भारत जकात मांझी परगना महल समाज की एक बैठक आदिवासी उच्च विद्यालय शिलाडीह परिसर में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा,एवं संचालन प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने किया।प्रखण्ड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा कि आगामी 30 जून 2023 को ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में हुल दिवस मनाया जायेगा।आज के बैठक में अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के गोडेत मनोतन बाबूलाल हेमरोम,चुरचू प्रखण्ड के पाराणिक बाबा लालजी हेम्ब्रोम,मुख्य रूप से उपस्थित थे।मौके पर समाज के लोगों ने 30 जून 2023 को हुल दिवस को सफल बनाने में अपनी अपनी जिम्मेवारी निभाने की बात



कही,वही जल,जंगल और जमीन को बचाने को लेकर खास चर्चा किया गया ।सचिव मनोज मुर्मू ने कहा आदिवासी समाज में फैली कुरीतियों को हम सब मिलकर दूर कर सकते हैं।झारखण्ड के सभी संथाल गांव के विद्यालयों में वर्ग तीन से पांच तक में ऑल चिकी लिपी में पढाई होनी चाहिए।अभी के समय में बच्चों को शिक्षा देना अति आवश्यक है।इस अवसर पर बैठक में भारत जकात मांझी परगना महल के रामकुमार मुर्मू,दिनेश बास्के,कन्हैया बेसरा,जीबलाल मरांडी, पोखन मांझी,रामजी मांझी, दासो मुर्मू,बालेश्वर मुर्मू,मनोज टुडू,अजित टुडू,समेत समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अरगड्डा में राम जानकी हनुमान मंदिर की ढलाई 9 मई को

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा के चौहान मोहल्ला स्थित रविवार को भगवान राम जानकी हनुमान मंदिर निर्माण में ढलाई को लेकर बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता भीमसेन चौहान व संचालन विनोद



चौहान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 मई को संध्या 4 बजे राम जानकी हनुमान मंदिर ढलाई कार्य किया जाएगा। इसके अलावे मंदिर निर्माण कमेटी गठित हुई। इसमें अध्यक्ष भीम सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अर्जुन चौहान, सचिव धर्मेंद्र चौहान, विनोद चौहान, कोषाध्यक्ष किशोर साव को चुना गया। भक्तों ने मंदिर निर्माण समिति व ढलाई को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए आम जनमानस, भक्तों से तन- मन- धन से सहयोग की अपील भी किया हैं। अवसर पर आचार्य संजय गुरु, समाजसेवी रंजीत पासवान, सतेंद्र महतो, कार्तिक पासवान, सीताराम पासवान, बिहारी सिंह, धनंजय चौहान, नितेश नायक, सुरेंद्र चौहान, पंकज पटवा, राजू कहार, ऋषभ पंत, भानू चौहान, विनय चौहान, सुजीत चौहान, रामू सिंह चौहान, शिवनारायण चौहान समेत कई युवा भक्तजन उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आदिवासी बहुल क्षेत्र पहाडपुर में जिप सदस्य की पहल पर लगाया गया ट्रांसफार्मर



**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गोरहर अंतगर्त आदिवासी बहुल इलाका शिबाटोला में जिला परिषद सदस्य बरकट्ठा प्रेरणा प्रिया के पहल पर 25ड्ढ का ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो गया है।बताते चलें कि विगत कई माह से ट्रांसफर के चलते अंधेरे में थें। ग्रामीणों ने जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को इस कार्य हेतु आभार व्यक्त किया है। व इस कार्य हेतु जिप सदस्य ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया है।

## शहीद रघुनाथ चौक बुढ़ाआम में विजयी छात्राओं का स्वागत किया गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सेकंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में एच एस प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा सिल्ली के विजय प्राप्त छात्राओं का स्वागत शहीद रघुनाथ चौक बुढ़ाआम से स्वागत कर विद्यालय तक पहुंचाया गया। मार्शल कराटे प्रशिक्षक कार्तिक चंद्र महतो एवं विद्यालय के संस्थापक सह प्रधानाचार्य नरसिह प्रजापति ने शहीद रघुनाथ महतो के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वागत यात्रा शुरू किया । ज्ञात हो कि 6 मई को एच एस प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा में अध्यनरत छात्राओं ने सेकंड झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप स्पर्धा में विजय हासिल की। जिसमें किरण कुमारी सिल्वर मेडल एवं कुमारी वसुंधरा, माया कुमारी, प्रीति कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीत कर लोटा सिल्ली का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि सभी छात्राएं राज्य चैंपियनशिप स्पर्धा में भाग ले और स्कूल का नाम रोशन करें। इस मौके पर अमीन चंद्र महतो, इंद्रनाथ महतो, सुशील दास गोस्वामी, मेघनाथ बेदिया, होली का देवी, उपाशी देवी, आरती देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जेडीयू ने जन समस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला महासचिव प्रेमचंद राम और जिला उपाध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उपायुक्त हजारीबाग को संबंधित ज्ञापन दिया । ज्ञापन में जनसंपर्क विभाग में फैली अव्यवस्था पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया गया । इस संदर्भ में ज्ञापन में कहा गया कि पहले अखबारों के कतरन पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई संबंधित विभागों द्वारा किया जाता रहा। लेकिन विगत 1 वर्षो से इस तरह का कोई क्रियाकलाप जनसंपर्क विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है । यह एक सोचनीय विषय है ज्ञापन में दूसरा विषय हजारीबाग शहर के व्यस्त मार्गो पर ओवर ब्रिज के निर्माण संबंधी मांग को रखा गया। इस संदर्भ में कहा गया की बंशी,लाल चौक, अन्नदा चौक, झंडा चौक, मेन रोड ,ग्वालटोली चौक आदि पर दिन भर आए दिन जाम लगा रहता है ,और आम जनता को तरह तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है । समय पर कार्यालय समय पर विद्यालय समय पर अस्पताल वगैरह पहुंचना दूभर होता है। अतः उपायुक्त से इन व्यस्ततम मार्गो पर ओवर ब्रिज निर्माण हेतु विषय पर ध्यान आकृष्ट कराया गया । दिए गए पत्र में प्रेमचंद राम और राजकुमार खंडेलवाल के हस्ताक्षर है। यह सूचना जिला प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने दिया। उपायुक्त महोदय को ज्ञापन जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के नेतृत्व में सौंपा गया।

## प्रेरणा ने किया लंगर का आयोजन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेरणा महिला सेवा समिति रांची के तत्वधान में आज मेन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में गरीबों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। प्रेरणा महिला सेवा समिति की चेयर पर्सन मंजुला जायसवाल ने बताया कि लंगर में लगभग 250 गरीब महिला एवं पुरुषों ने लंगर का जायका लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की कृष्णा श्रीवास्तव, ममता, पूनम बाला, पुष्पा, विभा, सहित 16 सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई

## जमीअतुल इराकीन कमिटि देही इलाका का चुनाव संपन्न



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डांड़कंडरिया गांव में रविवार को जमीअतुल इराकीन कमिटि देही इलाका का बैठक कर नये कमिटि का चुनावकिया गया। बैठक में एराकी बेरादरी के समाजिक, राजनैतिक व शैक्षणिक स्थिती पर चर्चा किया गया। समाज में शादी विवाह में फिजुलखर्ची रोकने, बारात में कम से कम लोगों को शामिल करने की बात की गई। सरकार से एराकी जाति को बीसी वन का दर्जा देने की मांग की गई। वहीं बैठक में पूर्व के कमिटि को भंग कर नये कमिटि का चुनाव किया गया। जिसमें सदर जावेद अख्तर, सेक्रेट्री परवेज आलम, नाइब सदर मोहम्मद खुर्शीद, नाइब सेक्रेट्री मुर्तजा हसन और खजांची मोहम्मद जाहीद को चुना गया। कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों ने कहा कि समाज के किसी भी समस्या के समाधान के लिए जान-माल के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। मौके पर मो. क्यूम, मो. खलिल, अफरोज आलम, मुमताज, नईम, शमसेर, तबरेज, नुमान, इम्तेयाज व मनान आलम सहित कई लोग शामिल थे।

## झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव अपने तीन सदस्य कमिटी सदस्य रूचि कुजुर और सुनील कु वर्मा के साथ हज़ारीबाग में जय प्रकाश नारायण केंद्रीय कारावास, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय सिरसी कटकमदाग का निरिक्षण किया। केंद्रीय कारावास में बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल और सदस्य रूचि कुजुर, सी डब्लू सी सदस्य हज़ारीबाग कविता सिन्हा ने महिला वार्ड का निरिक्षण किया साथ में महिला कैदी के बच्चों के लिए अपने तरफ से फल, मिठाई और खिलौने उपलब्ध कराया। कमिटी ने जेल अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर से स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए परिचर्चा किया।तत्पश्चात बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय सिरसी, कटकमदाग़ का निरिक्षण किया, कमिटी ने बताया की कुल 191 बच्चियों का एनरोलमेंट है बारहवीं के परीक्षा के बाद अभी 175 बच्चीयाँ उपस्थित थीं।

## झामुमो जिला समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक हजारीबाग परिसदन में जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव के अध्यक्षता में हुई। जिसमें केंद्रीय समिति के सदस्यगण, जिला समिति के पदाधिकारी इस बैठक में उपस्थित हुए। झामुमो पार्टी की इस बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। साथ ही पिछले पार्टी के कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में किया गया उसमें जो कमियां थी, पार्टी के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही प्रखंडों में निष्क्रिय समिति हैं उनको मजबूत करने का निर्णय लिया गया एवं आगे के लिए पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए। झारखंड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग नगर में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने कहा कि नगर संगठन को जल्द मजबूत किया जाएगा। टोली बनाकर सभी जगह जिला कमिटी के पदाधिकारी मिलकर नगर कमिटी को मजबूत करने का निर्णय बैठक में लिया गया। हजारीबाग नगर निगम के सभी वार्डों में संगठन का विस्तार किया जाएगा।

## गौरांग सेवा संस्थान ने झील सेंटर में मनाया नृसिंह प्राकट्य दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** गौरांग सेवा संस्थान हरे कृष्णा परिवार इस्कॉन के ओर से स्थानीय झील परिषर गाँधी स्मारक के पीछे झील सेंटर में भगवान नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर प्राकट्य दिवस एवं भक्ति राघव स्वामी महाराज का अभिर्भाव दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। दास गदाधर प्रभु जी की उपस्थिति में कीर्त्तन एवं भक्तो के बीच प्रवचन एवं गुरुकुल कुटाम के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।वही इस्कॉन मायापुर से भक्ति राघव स्वामी महाराज का ऑनलाइन उध्बोधन एवं प्रवचन हुआ।कार्यक्रम के पूर्व में भगवान नृसिंह का अभिषेक किया गया।अभिषेक समाप्ति के उपरांत भगवान को छप्पन भोग,आरती,पुष्पांजलि अर्पित की गई।भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।कार्यक्रम के आयोजन में श्याम ब्रज बिलास दास की मुख्य भूमिका रही।वही उतान पाद दास, बिरेन्द्र प्रभु, ओमप्रकाश प्रभु, राजेश प्रभु, आशुतोष प्रभु, लग्नेश, नीरज, राहुल, रवि, जयअद्वेत, महाभारत प्रभु,नरेश प्रभु सहित जिले भर से विभिन्न विभिन्न जगहों से महिलाएं, बच्चे,बूढ़े कार्यक्रम में काफी संख्या में शामिल हुए।

## सीसीएल शांवेल आंपरेटर कर्मी का हाईवा से टक्कर होकर हुई मौत के बाद प्रबंधन ने पुत्र को सौपा जॉइनिंग लेटर

**मृतक के काम क्रिया के लिए भी सीसीएल प्रबंधन ने वेनोभोलेंट फंड के तहत सौंपे 75 हजार रूपये काचेक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** कोलियरी गिद्दी सी में शॉवेल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मी मृतक अजय कुमार सिंह की ड्यूटी जाने के क्रम में हाईवा गाड़ी की टक्कर से बीते रात्रि घटनास्थल पर ही मौत हो गई। शनिवार को पुत्र रितेश कुमार सिंह को महाप्रबंधक की टीम द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। साथ ही मृतक के काम क्रिया हेतु वेनोभोलेंट फंड के तहत 75 हजार रूपये का चेक भी उनके परिवार को दिया गया। इसके लिए सीसीएल कर्मी अजय कुमार सिंह की मृत्यु के उपरांत यूनियन के सभी लोगों ने चार्टर डिमांड मेल प्रबंधन को देकर उनके आश्रित को नौकरी देने की मांग की गयी थी। महाप्रबंधक और उनकी पूरी टीम ने तुरंत स्वीकार किया था कि नौकरी देने का काम यथाशीघ्र किया जाएगा। उसके बाद रात से ही नौकरी देने की सारी प्रक्रिया चालू कर दी गई थी। शनिवार को प्रक्रिया पूरी कर उनके आश्रित उनके पुत्र रितेश कुमार सिंह को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र महाप्रबंधक के आदेशानुसार अमला अधिकारी आदि ने हॉस्पिटल आकर समूह के समक्ष दिया गया। साथ में बेनोवोलेंट फंड के तहत मृतक के काम क्रिया के लिए 75 हजार रूपये का चेक भी दिया गया। विदित हो कि शुक्रवार की रात्रि तकरीबन 09 बजे भुरकुंडा से गिद्दी सी परियोजना ड्यूटी जाने के क्रम में गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी के आगे बाइक से जा रहे थे, कि अचानक हाइवा ट्रक की चपेट में आकर अजय कुमार सिंह की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई थी। आनन फानन में इन्हे गिद्दी क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्स्कों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। वे गिद्दी सी परियोजना में शॉवेल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। घटना के तुरत बाद मुख्य रूप से कोलफ़ील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पांडे, इनमौसा के क्षेत्रीय सचिव मधुसूदन सिंह,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजेश टूडू ,एनसीओईए के क्षेत्रीय सचिव अरुण कुमार सिंह, बीसीकेयू के क्षेत्रीय सचिव गौतम बनर्जी,गोपाल भगत, आरकेएमयू के क्षेत्रिय सचिव जन्मेजय सिंह ,अवधेश कुमार कुशवाहा आदि लोग पहुंचकर मृतक के आश्रित को नौकरी व अन्य पैसों का भुगतान जल्द करने की मांग की थी।

## मुरहू के सरना धर्म सोतो समिति के केंद्र डौगड़ा के 13 वें स्थापना दिवस के दूसरे दिन सरना प्रार्थना सभा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहू के सरना धर्म सोतो समिति के केंद्र डौगड़ा के 13 वें स्थापना दिवस में आयोजित दो दिवसीय सरना धर्म प्राथना सभा रविवार को संपन्न किया गया। इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा व धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अथिति सिसई विधायक जिगा सुसारन होरो और विशिष्ट अथिति राजी पड़हा सरना प्राथना सभा के महासचिव रवि तिग्गा व जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया रहे. इस अवसर पर मुख्य अतिथि होरो ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है. यह सभी धर्मो का आधार और संरक्षण है. सरना धर्म की अपनी धार्मिक विधि-विधान, बहुमूल्य जीवन शैली, दर्शन तथा आदर्श है जिसमें लाखों लोगों की धार्मिक आस्था-विश्वास है परंतु राजनीतिक महत्वकांक्षा के कारण सरकारें सरना धर्म कोड तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति उदासीन है. सरना धर्म कोड के अभाव के कारण न केवल आदिवासियों के धार्मिक एवं सामाजिक एकता टूटी है बल्कि हम धर्मातरण जैसे आसहाय पीड़ा वर्षो से झेलने को मजबूर हैं. धर्मातरण के कारण आदिवासियों के धार्मिक तथा सामाजिक व्यवस्था कमजोर हो रही है जिससे अपनी अस्तित्व व अस्मिता विलुप्त होता जा रहा है. सरना, जायर, देशाउलि, समसान, जतरा स्थल नष्ट किया जा रहा है. अतः हम सरकार से मांग करते हैं कि आदिवासी समाज एवं संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए आदिवासी अधिकार सख्ती से लागू हो. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रवि तिग्गा ने कहा कि सिंगबोंगा की स्तुति से मानव जीवन में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है. हमें जीवन को खुशहाली लाने के लिए हमेशा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए. सरना धर्म में अच्छाई, सच्चाई, ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा आज भी झलकती है।

## रांची जिला के एनएच-33 बुंडू एदलहातु टॉल प्लाजा में हुआ 1033 एंबुलेंस का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** प्रखंड के अंतर्गत एनएच-33 एदलहातु टॉल प्लाजा में रविवार को विधिवत रूप से पुजा पाठ कर हुआ 1033 निशुल्क एम्बुलेंस का शुभारंभ किया गया । इस दौरान 1033 एम्बुलेंस के जिला प्रबंधक अशोक राणा ने कहा कि नेशनल हाईवे में किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर इस सेवा का सीधा लाभ जनता को निशुल्क मिलेगा, इस विषय में राणा का कहना है कि इस सेवा का संचालन ziqitza Health care limited द्वारा कि गई है जो इस क्षेत्र में पहली बार निशुल्क 1033 एम्बुलेंस सेवा होगी । अब 1033 एम्बुलेंस सेवा का शुभारम्भ होने पर आम लोगों को दिक्कतें नहीं होगी। इस मौक़े पर राणा का यह भी कहना था कि ये सेवाएं सिर्फ नेशनल हाईवे में होने वाली आकस्मिक दुर्घटना में राहत के कार्य के लिए की जाएगी पर किसी की जान बचाने के लिए कोई भी नियम मान्य नहीं है ।

## मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा ने रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मारवाड़ी युवा मंच खूँटी नगर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन मंच की सहयोगी संस्थान सेवा सदन राँची एवं सदर हॉस्पिटल खूँटी, के द्वारा आज रविवार को राजस्थान भवन खूँटी में किया गया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीपाल जैन, समाजसेवी सह मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भला द्वारा किया गया । रांची सेवा सदन से आए डॉ अनिर्बन सान्याल ने कहा कि रक्तदान हेतु जागरूकता की जरूरत है, रक्तदान को महादान इसलिए कहा गया है क्योंकि इससे जीवन की सुरक्षा होती है, और विज्ञान की प्रगति के बावजूद इसको कोई विकल्प नहीं है। खूँटी के सदर हॉस्पिटल से आए हुए डॉ पी के रॉय ने रक्तदान के होने वाले लाभ के बारे में बताया एवं कार्यक्रम में आए हुए लोगों को जागरूक किया। शिविर में खूँटी के नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन पाहन ने भी रक्तदान किया। उन्होंने ने बताया कि ये उनका आंठवा रक्तदान हैं और वो हमेशा इसके प्रति समर्पित रहे हैं।इस रक्तदान शिविर में कुल 39 लोगो ने रक्तदान किया, जिन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में टॉवल दिया गया। ।सेवा सदन की टीम से मंच को एक मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर श्रीपाल जैन, विनय अग्रवाल, रक्तदान संयोजक विशाल जैन, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, अध्यक्ष अंकित जैन,सचिव मुकुल पीपुरिया मीडिया प्रभारी संदीप पीपुरिया,प्रवीण जैन,संजय जैन,राजेश जैन,बंटी जैन,पराग जैन,रोशन जगनानी, राजेश सरावगी, अशोक जैन,आशीष जैन, आशीष अग्रवाल,राजेश मिश्रा,हिमांशु अग्रवाल,रोहित जैन, अरविंद जैन, सुमित जैन, मनीष जैन, अनुराग प्रतीक, श्वेता भाला, प्रियंका जैन,शिल्पी अग्रवाल, सिमरन जैन,निक्की जैन,रिंकू जैन,स्वाति जैन,शिवानी भाला समेत सभी उपस्थित सदस्यों ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सोलर जलमीनार से नहीं मिल रहा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह गांव के ठाकुरबाड़ी के लोगों को इस भीषण गर्मी में भी इस सोलर जलमीनार से पीने को पानी नसीब नहीं हो रहा है जिससे प्रशासन के अलावा जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगों को आक्रोश दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है बताया जाता है कि मनियांडीह ठाकुरबाड़ी का सोलर जलमीनार कई महीनों से ख़राब हो गया है इस और न किसी प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का ही ध्यान है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है इस सोलर जलमीनार के ख़राब होने के कारण ग्रामीणों को करीब एक किलोमीटर की दूरी तय कर पानी लाने को मजबूर हैं। उपप्रमुख प्रतिनिधि कनक गुप्ता ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी में जनताओं को पानी की समस्या से निजात दिलायी जाएं।

## सीसीएल सीकेएस गिद्दी ए शाखा का किया गया पुनर्गठन

**हेमंत शर्मा अध्यक्ष,राजेश और महादेव उपाध्यक्ष,सचिव बने रणधीर**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**गिददी :** स्थानीय क्षेत्रीय कार्यालय में सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ की एक बैठक अध्यक्ष हेमंत कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में सबसे पहले पिछले दिनों गिद्दी सी में हुए सीसीएल कर्मी अजय कुमार सिंह की दुखांत निधन पर एक मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। ततपश्चात पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का पुनर्गठन की घोषणा क्षेत्रीय संगठन मंत्री रामसेवक सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन कुमार एवं क्षेत्रीय सचिव प्रशान्त बेल्थरिया, अखिलेश्वर सिंह, संजय सिंह, दिनेश प्रसाद जायसवाल, सूरज चंद गोस्वामी, रंजीत कोनार, शिव वचन यादव, रणधीर कुमार सिंह, प्रकाश सिंह, महादेव मांझी, भोला कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे। नई कार्यसमिति में अध्यक्ष हेमंत कुमार शर्मा,उपाध्यक्ष राजेश कुमार दीक्षित और महादेव मांझी,सचिव रणधीर कुमार सिंह, सहसचिव अरविंद उपाध्याय एवं सूरज चंद गोस्वामी तथा कोषाध्यक्ष रंजीत कोनार को बनाया गया है।

## मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड के रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रहित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शक्ति नर्सिंग होम जोड़ाफाटक धनबाद में किया गया जिसमें कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। रक्त संग्रह करने के लिए पीएमसीएच ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर ए के सिंह अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। रक्तदान करने वालों में मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश पोद्दार उपाध्यक्ष राजेश रीटोलिया, जितेंद्र अग्रवाल, महासचिव अरविंद सतनालिका, विवेक अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सीए विनय अग्रवाल, जय कुमार गुप्ता, कालीचरण केजरीवाल, संजय मोर, प्रणाम्स गोयल, सीए आरबी गोयल, दिलीप गोयल, सुशील पोद्दार, संजय रीटोलियां, राजेश जलूका, निशांत गर्ग, श्याम पसारी, अमित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने सपत्नी सुनीता अग्रवाल एवं बेटी ज्योति अग्रवाल के साथ रक्तदान किया।

# संतोष सिंह को कांग्रेस से निष्कासित करने की मांग आलाकमान से करेंगे : शेख गुड्डू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** प्रखंड अंतर्गत मधुबन थाना क्षेत्र के कांग्रेस नेता ने अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता शेख गुडु ने बताया कि संतोष सिंह ने कभी भी कांग्रेस को वोट ही नही दिलाया है।उसने बराबर भाजपा को वोट दिलाने का काम पिछले विधान सभा में किया है। उन्होंने कहा कि पूरा धनबाद जानता है कि रघुवर दास सरकार में संतोष ने ढुल्लू का पैर पकड़ कर कोयला के डीओ का काम लिया। ढुल्लू से मैंने बराबर बगावत किया है और संतोष सिंह भाजपा और ढुल्लू महतो के लिए कांग्रेस में रहकर एजेंट का काम कर रहा है। बाघमारा में जब से ढुल्लू महतो विधायक बना है, तब से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला हुआ है, बाघमारा विधान सभा क्षेत्र में पत्रकार भी सुरक्षित नही है। मैं बाघमारा में कांग्रेस का झंडा लेकर बराबर आंदोलन किया है। ये वही संतोष सिंह है। हम इसको जिला अध्यक्ष नही मानते। मै इस पद की इज्जत करता हु।ये वही संतोष है जिसको हर्ष सिंह ने पीटा था। पुतला दहन कार्यक्रम करके संतोष को कांग्रेस से निष्काशित करने की मांग आलाकमान से करेंगे। चंडी गयाली ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा की केश और मुकद्दमा से हमारे नेता शेख गुड्डु को डराने का काम ना करे। यदि संतोष दोषी नहीं है तो अपने आदमी भेजवा कर मेरे पास माफी मांगने की बात क्यों पहुंचाया। यदि संतोष को कांग्रेस से निष्काशित नही किया गया कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में पुतला दहन करेंगे। संतोष ने कांग्रेस में रहकर झरिया में विधान सभा में भाजपा को वोट दिलाने का काम किया है। मौके पर रूद्ध गयाली कुश सिंह, रविकांत गायली उर्फ चंडी गयालि, शेख गुड्डू, गोल्डन, सचिन, गुडु महतो। विक्रम रजक, आदि दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीएवी बनियाहीर में मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** डीएवी बनियाहीर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा (NEET) - 2023 सुचारु रूप से संपन्न हुई। विद्यालय प्राचार्य एस मोदक के मार्गदर्शन में विद्यालय में आयोजित इस परीक्षा में कोरोना और साथ ही साथ नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के दिशा निर्देशों व मानदंडो का पूरी तरह पालन किया गया। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है। परीक्षा केंद्र पर धनबाद व आस पास के क्षेत्रों के लगभग 500 अभ्यर्थी शामिल हुए। विद्यालय में आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा के सुचारु रूप से संपन्न होने पर माननीय प्राचार्य महोदय ने अपने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

## रविंद्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 162वीं जन्म जयंती के अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड्स के सहयोग से टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद ने जिला स्काउट डेन धनबाद में एक उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम अपने आप में अनोखा है क्योंकि कविगुरु से संबंधित धनबाद में यह एकमात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम है जो सुबह 6.00 बजे से शुरू होता है और पिछले 40 साल से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित ÷हे नूतन÷ गीत के साथ हुई। इसके बाद इस इलाके और कोलकाता के विभिन्न कलाकारों द्वारा रवींद्र संगीत, सस्वर पाठ और नृत्य प्रस्तुत किया गया। टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद की अध्यक्ष देबजानी विश्वास एवं सचिव सुदीप चटर्जी ने सभी प्रतिभागियों एवं रेलवे स्काउट्स गाइड्स के भाई बहनों को इसे सफल बनाने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

## धनबाद जिले में योजनाओं की जानकारी नहीं दी जाती : ब्रजेंद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि धनबाद जिले में सरकार की ओर से जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसकी सूचना जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष या जिला 20सूत्री के सदस्यों को देना जिला प्रशासन उचित नहीं समझती है। हालांकि इस संबंध में उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को जानकारी भी दे दी गई है लेकिन उसके बावजूद भी कोई फर्क नहीं पड़ता है। विकास के काम का आलम यह है कि धनबाद जिले में 20 सूत्री की मीटिंग पिछले 18 महीनों से नहीं हुई है और शायद ही कोई जिला 18 महीनों तक 20 सूत्री की मीटिंग नहीं कराई हो। पिछले दिनों जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ने उपायुक्त को एक पत्र देकर कहा था कि यदि प्रभारी मंत्री को समय नहीं मिल पा रहा है तो उपाध्यक्ष के हैसियत से मीटिंग के लिए पत्र दी गई है। इसकी सूचना झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी को और झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे जी को दे दी गई है। अभी गर्मी शुरू हो गई है। जिले में चापाकल की स्थिति 75 परसेंट खराब स्थिति में है। मुंह सूख गया है, कुछ ऐसी भी सूचना मिली है कि जिले में जो कुआं था उसको कुछ लोग भरा दिया है।

## बाल्मीकि समाज का 31 को दिल्ली के जंतर मंतर में धरना

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व बाल्मीकि समाज ने आंध्र प्रदेश में बाल्मीकि समाज को आरक्षण नहीं मिलने पर विशाल धरना 31 मई को दिल्ली के जंतर मंतर में दिया। विशाल बाल्मीकि ने कहा झारखंड के सभी बाल्मीकि समाज के लोगों से अनुरोध है की विश्व वाल्मीकि समाज 31 मई को दिल्ली चले और अपने समाज के लिए धरना में शामिल हो ताकि अपने समाज के लोगो को आरक्षण मिल सके।

## नि:शुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा के द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य मे फोर्टिस हॉस्पिटल और थायरो केयर के संयुक्त सहयोग से स्वास्थ परिक्षण शिविर का आयोजन निर्मला कुंज अपार्टमेंट, वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह एवं राज्य व्यापार प्रकोष्ठ के संरक्षक संजीव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन प्रशंसनीय है निश्चित रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर से अनेकों को फायदा होगा। वहीं रमा सिन्हा ने कहा की स्वास्थ्य जांच शिविर में आसपास के अनेकों व्यक्तियों ने जांच करवाया तथा चिकित्सकीय सलाह प्राप्त की। कार्यक्रम में भाजपा मिडिया प्रभारी मिल्टन सार्थी, उमेश, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, रवि, जयंत चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्वस्तिक ग्रुप ने थाना व एन एच ए आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को दिया ज्ञापन

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय छात्र शिक्षा एवं समाज सेवी संस्था स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट ने सिनीडीह चौक एन एच 32पेट्रोल पंप के सामने आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है जिससे क्षेत्रवासी काफी भयभीत है ज्ञात हो कि अब तक 8 से अधिक लोगों कि मृत्यु सड़क दुर्घटना के कारण हो चुकी है, जिसके रोकथाम के लिए सिनीडीह चौक के पास बैरिकेट्स /स्पीड ब्रेकर दिया जाए ।जिसको लेकर संस्था द्वारा आज दिनांक- 7/5/2023 को एक सार्वजनिक याचिका थाना प्रभारी के सूचनार्थ हेतु मधुबन थाना प्रभारी श्री चंदन भैया को दिया गया ,साथ हीएन एच ए आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजीव रंजन सिंह को भी दिया और स्तिथि से अवगत कराया गया। मौके पर उपस्थित संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आदित्य राज गयाली, सर्वे टिम सदस्य नवीन चौहान, रितिक गयाली, आकाश कुमार, हिमांशु उराव आदि उपस्थित थे।

## पोखरिया खदान में मिला नान्हू उरांव का शव

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मधुबन थाना क्षेत्र के हनुमान नगर सिनिडीह के पोखरिया में तैरता हुआ लाश मिला। लाश की पहचान खास टुण्डू निवासी नान्हु उरांव 73 वर्ष रिटायर बीसीसीएल कर्मी के रूप में हुई मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था मृतक शनिवार शाम से लापता था मृतक का आज शव तैरता हुआ मिला मृतक का पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है मृतक का चार बेटी है चारों शादीशुदा है सुचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुँचा और लाश को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया ।

## संसद व विधायक ने किया बुढ़वा आहार का शिलान्यास

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गिरिडीह की उपनगरी पचम्बा में लगभग 4.5 करोड़ की लागत से बुढ़वा आहार और सोना महतो आहार का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण का शिलान्यास मा0 विधायक गिरिडीह सदर सुदिव्य कुमार सोनू एवं गिरिडीह के मा0 सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में मा0 विधायक ने कहा कि इस बुढ़वा आहार और सोना महतो आहार के जीर्णोद्धार का कार्य की देखभाल यहां के लोगो को ही करना है इस जीर्णोद्धार में गार्डवाल, एग्रीकल्चर, सोलर लाइट और छठ घाट के निर्माण होना है। मा0 जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ये पचम्बा के लिए बहुत बड़ी योजना है यहां के लोगो का भी कर्तव्य है कि इस योजना को प्राक्कलन राशि के अनुसार काम करवाये। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित अभय सिंह, राकेश सिंह टुन्ना, मो0 नूर, मो0 चाँद रशीद, मो0 नसीम, देवराज, राहुल कुमार मोनू, मो0 डब्लू, अनिल राम, अजय कांत झा, संतु कंधवे, संजय कंधवे, हरिमोहन कंधवे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया अस्थाई अमृतधारा का लोकार्पण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, कोल सिटी शाखा, धनबाद द्वारा अपने राष्ट्रीय सेवा संकल्प अमृतधारा के जल संवर्धन माह के तहत प्रथम चरण में 11 अलग-अलग स्थानों के लिए अस्थाई अमृतधारा (पियाऊ) का लोकार्पण बैंक मोड़ स्थित राठौड़ मेन्शन के समीप किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल एवं बतौर विशिष्ट अतिथि नन्द किशोर बगड़िया द्वारा फीता काट एवं श्रीफल फोड़ किया गया। दोनों अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद दोनों अतिथियों ने शाखा के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेश केजरीवाल,अंकुर बगड़िया आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# जामाडोबा आलमनगर में लगा कचड़ो का अंबार

### नगर निगम की उदासीनता से सैकड़ों घर प्रभावित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वार्ड 41 के जामाडोबा स्थित आलमनगर के लोग कचड़ो के बिच में रहने को मजबूर हैं। चारो तरफ कचड़ा का अम्बार लगा हुआ है। ग्वाला पट्टी एवं आलमनगर के बीचो बिच नाला में कचड़ा पूरा भर गया है जिसके कारण नाला का पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। लोगो का कहना है की कही साल 2021 वाला हाल ना हो जाये। वर्ष 2021 में 40 से 50 घर में नाला का गन्दा पानी सभी के घर में घुस गया था जिसके कारण गरीब लोगो का काफी नुक्सान हुआ था। बरसात आने से पहले जामाडोबा आलमनगर के लोगो ने नगर आयूक्त को लिखित शिकायत कर नाला साफ कराने की मांग की है। बरसात आने से पहले अगर नाला साफ नहीं हुआ तो 40 से 50 घर में नाला का गन्दा पानी घुस जायेगा। लोगो का कहना है की नाला के पानी के साथ कचड़ा आता है। यहाँ कचड़ा अधिक होने के कारण जाम हो जाता है। बरसात में हर रोज बाढ़ की स्थिति बनी रहती है। ना घर में रह सकते है ना बाहर। नाला का गन्दा पानी घुसने के कारण खाने पीने का सारा सामान ख़राब हो जाता है।

# कांग्रेस नेत्री मंजू कुमारी ने जमुआ के समस्याओं को लेकर युवाओं के साथ की बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के सियाटांड पंचायत सचिवालय मे जमुआ के समस्याओं को लेकर रविवार को डॉ मंजू कुमारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जमुआ पूर्वी के सैकड़ों युवा एवं सभी वर्ग के लोग पहुंचे थे । कार्यक्रम की शुरुआत परिचय शस्त्र के साथ शुरू हुई वहीं उपस्थित लोगों ने अपने पंचायत, प्रखंड एवं विधानसभा संबंधित समस्या को लेकर गहन विचार किया इसके साथ ही युवाओं ने कहा जमुआ विधानसभा मूलभूत समस्या से जूझते आ रही है आखिर कब यहां के नागरिक को आम सुविधा मिलेगी विधानसभा क्षेत्र में एक भी मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज या फिर बेहतर डिग्री कॉलेज नहीं है इसके साथ ही कहा किसानों की बेहतर सिंचाई के लिए वैकल्पिक कोई भी साधन नहीं है। वहीं वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया विगत चुनाव की खामियां एवं अग्नि चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। वहीं कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह जमुआ विधानसभा कांग्रेस नेत्री डॉ मंजू कुमारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कही जमुआ पूर्वी युवाओं के बुलावा पर पंचायत सचिवालय में एक बैठक आयोजित की गई थी जहां पर क्षेत्र से जुड़े समस्या से अवगत कराएं मेरा प्रयास रहेगा विभागीय अधिकारी से बात कर समस्या से निजात दिलाने का। मौके पर संजीत भारती,सियाटांड़ पूर्व पंचायत समिति सदस्य अरविंद वर्मा, संदीप वर्मा, रंजीत वर्मा ,नरेश वर्मा ,संजय विकास कुशवाहा ,अजीत वर्मा ,हिमांशु गुप्ता कैलाश दास ,जाकिर अंसारी, हरि ओम ओंकार ,इत्यादि सैकड़ों युवा उपस्थित थे ।

## कोल इंडिया स्तर के सुरक्षा समिति बोर्ड के सदस्य बने धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ) के महामंत्री रामधारी को कोल इंडिया स्तरीय सुरक्षा समिति बोर्ड के सदस्य मनोनीत किया गया है। इस संबंध में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुधीर घुरडे ने कोल इंडिया अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र जारी किया है। कोल इंडिया के द्वारा संचालित अनुसांगिक इकाइयों के सभी कोयला खदानों की सुरक्षा संबंधी निरीक्षण एवं देख रेख करने की जिम्मेदारी दी गई है। कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य मनोनयन पर रामधारी ने कहा कि संगठन ने कोल इंडिया स्तरीय सुरक्षा संबंधी जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। उसका मैं शत- प्रतिशत निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। खदानों में सुरक्षा उपायों को पूर्णतः लागू कराने के लिए प्रबंधन को हमेशा ध्यानाकर्षित करता रहूँगा ताकि शून्य दुर्घटना को प्राप्त किया जा सके। भौरा क्षेत्र में सिनीयर माईनींग सरदार पद पर कार्यरत रामधारी की नेतृत्व क्षमता और ईमानदारी पूर्वक निस्वार्थ भाव से मजदूरों के लिए काम करने की भाव एवं संगठन एवं मजदूर हित में किए गए कार्यो से प्रभावित होकर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के अधिवेशन में महामंत्री का दायित्व दिया गया। साथ ही बीसीसीएल केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य बनाया गया। साथ ही आज पूरे कोल इंडिया के सुरक्ष बोर्ड में मनोनयन से कार्यकर्ताओं में आज खुशी की लहर है। रामधारी को कोल इंडिया स्तर क सुरक्षा समिति का सदस्य बनाये जाने पर बीसीसीएल के कामगारों हर्ष का माहौल है। रामधारी ने कहा कि धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ से पहली बार महामंत्री को कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व दिया है जो की धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के लिए गौरव की बात है।

## लालमणि वृद्धा आश्रम में दिखा सेवा प्यार और आशीर्वाद का अद्भुत नजारा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार 7 मई को लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में निरंतर आस्था रखने वाले सहयोगी नगर सेक्टर 3 के निवासी विश्वनाथ चटर्जी के 5 वर्षीय पुत्र रियांश चटर्जी का जन्मदिन विश्वनाथ के पूरे परिवार दोस्तों एवं आश्रम के समस्त वृद्धजनों संग केक काटकर मनाया गया। एमपीएल के अधिकारी एवं गोलोक एक्सप्रेस के अनुयायी काजल कुमार सिंह ने वृद्धजनों को राशन का सामान प्रदान किया। रविवार को आश्रम का माहौल वृद्धजनों के लिए बहुत ही आनंदमय था जब उन्होंने महसूस किया कि बहुत सारे सेवाकर्ता अपना समय निकालकर उनकी सेवा के लिए उपहार, स्वादिष्ट भोजन के साथ साथ बहुत ही कीमती अपना प्यार, स्नेह और सम्मान लेकर आए हैं। वृद्धजनों ने सभी को अपना हार्दिक आशीर्वाद दिया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने आश्रम के वृद्धजनो के सभी सेवाकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। कहा आश्रम के प्रति धनबाद वासियों के इसी प्यार और सहयोग के कारण आश्रम के माताओं पिताओं के चेहरों में खुशियां झलकती है। इसी कारण इनकी सेवा की इच्छा कितनी ही मुश्किल मे और बढ़ जाती है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल बेहड़ा का वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** प्रखंड के बेहड़ा गांव स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने आज रविवार को अपना वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया जिसमें क्षेत्रों के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बताया जाता है कि मॉडर्न पब्लिक स्कूल बेहड़ा द्वारा प्रत्येक बर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना वार्षिकोत्सव मनाया जिसमें खेलकूद एवं पुरस्कारों का भी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस समारोह में अध्ययनरत बच्चों द्वारा कई प्रकार का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें समारोह में उपस्थित अभिभावकों का मन मुग्ध हो गया नन्हें बच्चों ने इस तरह समा बांधा की की कार्यक्रम में शामिल हुए लोग काफ़ी उत्साहित हुए। प्रतिस्पर्धा में उत्तीर्ण बच्चों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मॉडर्न पब्लिक स्कूल के संस्थापक सलाउद्दीन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इनायत कलीम,कमारडीह मुखिया जय नारायण मंडल, प्रज्ञा केंद्र के सज्जाद अंसारी,मो फेज, कांग्रेस के असद कलीम, प्रधानाध्यापक इरशाद अंसारी, समेत स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा बड़ी संख्या में बच्चों के माता पिता उपस्थित थे इस कार्यक्रम का संचालन मो आसीफ एवं सधन्यवाद ज्ञापन मो नदीम ने किया।

# मुखिया के घर दावते वलीमा में पहुंचे हफीजुल हसन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड शादी-ब्याह के जबरदस्त लग्न के बीच खेल कूद, पर्यटन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री झारखण्ड सरकार हफीजुल हसन अंसारी कल बेंगाबाद प्रखण्ड के चपुआडीह पंचायत स्थित मुखिया मो. शमीम के घर पहुंचे और उनके ज्येष्ठ पुत्र एवं पुत्रवधू को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।मौका था चपुआडीह मुखिया,जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमिटी सह बेंगाबाद प्रखण्ड मुखिया संघ अध्यक्ष मो. शमीम के ज्येष्ठ पुत्र अमानुल्लाह और शिरीन की शादी के बाद दावते वलीमा का।बेंगाबाद प्रखण्ड के साथ-साथ जिले के अन्य सभी प्रखंडों से हजारों खा़सो-आम अतिथियों के आने और जाने का सिलसिला दोपहर से देर रात तक लगातार जारी रहा। अतिथियों ने उत्कृष्ट आतिथ्य एवं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया और वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।मौके पर मंत्री हफीजुल हसन अंसारी,पुर्व सांसद मधुपुर फुरकान अंसारी,गाण्डेय विधायक डॉ सरफराज अहमद,पुर्व विधायक गाण्डेय प्रो. जय प्रकाश वर्मा,लोकपाल तमन्ना परवीन, मधुपुर नगर-निगम उपाध्यक्ष मो. ज़ियाउल उर्फ टारजन,गाण्डेय थाना प्रभारी हसनैन आलम, जेएमएम नेता फरदीन इम्तियाज अहमद व हारुन रशीद, मोमिन कांफ्रेंस प्रदेश महासचिव जैनुल अंसारी,जमुआ प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष जुनैद आलम,तेलोडीह मुखिया मो. शब्बीर आलम आदि थे।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष दर्जनों घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता





**बिरनी :** प्रखण्ड अंतर्गत अरारी पंचायत के ग्राम सिरमाटांड़ में रविवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिससे दोनों पक्षों से लगभग 15 लोग घायल हैं । प्रथम पक्ष से 9 तथा द्वितीय पक्ष से 6 लोग घायल हो गए । प्रथम पक्ष से घायलों की पहचान 55 वर्षीय गौरी देवी,65 वर्षीय कुंति देवी,55 वर्षीय नारायण महतो,23 वर्षीय रोहित वर्मा,60 वर्षीय धनिक वर्मा,27 वर्षीय गुड़िया देवी,75 वर्षीय महावीर महतो,32 वर्षीय त्रिभुवन वर्मा,22 वर्षीय मुकेश वर्मा तथा द्वितीय पक्ष से 25 वर्षीय अजय यादव,38 वर्षीय लखन यादव,26 वर्षीय विजय यादव,65 वर्षीय भीखी यादव,58 वर्षीय कुनवा देवी,60 वर्षीय अलखनारायण यादव शामिल हैं । बता दें कि डबरसैनि कल्हाजोरी मुख्य मार्ग पर 3 बीघा जमीन के लिए धनिक महतो एवम भीखी महतो के बीच 3 वर्षो से विवाद चल रहा है जिसके लिए दोनों पक्ष अंचल से लेकर अनुमंडल तक गए परन्तु विवाद नही सलटा । रविवार विवाद बढ़ और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से कुल 15 लोग घायल हो गए जिसका उपचार डॉ साकिब ने किया । डॉक्टरों के अनुसार 10 लोग गम्भीर रूप से घायल हैं एवम 5 लोग को मामूली है । प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायलों को रेफर कर दिया गया । धनिक महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि न्यायालय ने हमारे पक्ष में फैसला दिया था जिसके बाद हम अपने जमीन पर घर बना रहे थे तभी भीखी यादव ने अपने 8-10 लोगों के साथ बिना कुछ कहे हमला कर दिया । अपने बचाव में हम सब ने भी रखे ईंट,पत्थर से जवाब देने का प्रयास किया परन्तु उनकी संख्या अधिक होने की वजह से हमारे पक्ष के लोग अधिक घायल हैं ।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



गरीबों की मदद पहुंचाना ग्रीन कार्ड योजना का उद्देश्य : विधायक भूषण बाड़ा

# विधायक भूषण बाड़ा व जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने ग्रीन राशन कार्डधारियों को दिया राशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा और जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने शनिवार को प्रखंड के कई पीडीएस दुकानों में जाकर ग्रीन राशन कार्ड धारियों के बीच राशन का वितरण किया। इस दौरान विधायक बाघटांड़, सिकरीयाटांड़ चोगोटोली आदि गांवों में स्थित पीडीएस दुकान पुहंचे। साथ ही लाभुकों को राशन का पैकेट दिया। विधायक ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत छूटे हुए लोगों को ग्रीन कार्ड योजना से आच्छादित किया जा रहा है। महागठबंधन सरकार ग्रीन कार्ड योजना उन लोगों के लिए लाई है, जिनको राशन नहीं मिलता था। जो गरीब थे और राशन कार्ड की पात्रता तो रखते थे। पर राशन कार्ड नहीं होने के कारण उन्हें राशन नहीं मिल पाता था। उन्होंने कहा कि ग्रीन कार्ड योजना का उद्देश्य गरीब लोगों को मदद पहुंचाना है। विधायक ने कहा कि सभी कार्ड धारी को समय पर राशन उपलब्ध कराएं। कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए, इसको प्राथमिकता दें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि सभी जरूरत मंद लोगों का राशन कार्ड हो। राज्य के गरीब तक सरकार द्वारा दिए जा रहे अनाज को उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

**जनता के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं विधायक भूषण बाड़ा : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा लगातार जनता के लिए चिंतित रहते हैं। कोविड महामारी के बावजूद जिले का कोई भी व्यक्ति को भूखा रहने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि छूटे हुए सभी लोगों को राशन कार्ड योजना से जोड़ें और समय पर सबके बीच राशन पहुंचाना सुनिश्चित करें। मौके पर बीडीओ शक्तिकुंज कुमार, विधायक प्रतिनिधि लुसियन मिंज, पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा कुजूर, मुखिया जसिंता उरांव आदि उपस्थित थे।

## अनियंत्रित बाइक शौचालय में घुसा, 15 वर्षीय लड़का घायल, ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा :** जोगना मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित हो शौचालय घर मे घुसा 15 वर्षीय लड़का हुआ घायल स्थानीय ग्रामीण अस्पताल में कराया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ में बाइक अनियंत्रित हो टेम्पू ट्रक को बचाते हुए शौचालय में जा घुसा जिससे 15 वर्षीय लड़का के माथे एवं पैर में चोटें आई है। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घायल लड़का को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत घर भेजा गया। घायल की पहचान कुडू निवासी गोवर्धन बैठा के 15 वर्षीय पुत्र निखिल बैठा के रूप में किया गया। बताया जाता है कि निखिल बैठा सेन्हा निवासी नित्य बैठा के पुत्र शम्भू बैठा जीजा दीदी के घर शादी समारोह में आया हुआ था। जो बाइक से घूमने के लिए निकला था। घटना की सूचना पर स0आ0नि0 जमशेद खान दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुते को बचाने के दौरान बाइक जे एच 01ई जी 1344 अनियंत्रीत हो देवी बैठा के शौचालय में जा घुसा प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि लड़का बाइक पर सवार हो सेन्हा से अरु की ओर जा रहा था इसी दरमियान कुत्ता को बचाने में घटना हुआ।

## श्री हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओ भीड़



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के हेंदलासो में श्री हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शनिवार को भव्य जलयात्रा निकाली गई। वही प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन 06 मई से 10 मई तक होना है।शनिवार को निकाली गई भव्य जल यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्त्री, पुरुष व युवतियां शामिल हो कर हेंदलासो स्तिथ शंख नदी संगम से श्रधालुओं ने जल उठा कर ग्रामीण गलियों, टोलों, मुहल्लों का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य पं- रमेश देव पौराणिक, अनुप देव पौराणिक, पवन नाथ मिश्रा, उमेश नाथ मिश्रा, दिनेश देव पौराणिक ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। जिसमे यजमान के रूप में लाल चंद्र किशोर नाथ शाहदेव, लाल मनोज नाथ शहदेव, लाल नवल नाथ शाहदेव, लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव, लाल बलराम नाथ शाहदेव, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव,लाल कृष्ण मुरारी नाथ शहदेव, लाल सूरज नाथ शाहदेव सहित गोविंद मांझी, सुनील वर्मा, प्रसाद साहू, सचित वर्मा, अभय वर्मा, मनीष ठाकुर, पवन ठाकुर, विवेक, रितिक, रवि लाल, टिंकू चौधरी, रिंकू ठाकुर, दीपक लाल, शंकर शाह देव शामिल हुए। मौके पर गांव की महिलाएं हेदलासो, कूजरा, समस्त क्षेत्रवासी,बड़े उत्साह के साथ जग को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## ओमप्रकाश सिंह ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ में शामिल होकर क्षेत्र की सुख शांति के लिए की पूजा अर्चना



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेंदलासो गांव में 6 मई से चल रहे नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं यज्ञ के दूसरे दिन भी आचार्य पंडित रमेशदेव पौराणिक जी के द्वारा संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह,दीपक सर्राफ,शशि भूषण सिंह भी शामिल हुए। जजमान लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव ने बताया कि यह पांच दिवसीय अनुष्ठान काफी हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिससे कि सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा है अगल-बगल के सभी ग्रामीण भक्त काफी उत्साह से प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हो रहे हैं। शाम में पूजा अर्चना के बाद खीर का भंडारा कराया जाता है और समापन के दिन 10 मई को पूरे दिन भंडरा चलेंगा और भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि हेंदलासो गांव में संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित होना ही पूरे क्षेत्र के सभी आपदा विपदा को संकट मोचन हनुमान जी हर लेंगे,किसी पर कोई संकट आने नहीं देंगे, चारों तरफ हरियाली के बीच यह मंदिर काफी आकर्षक है। इस प्राण प्रतिष्ठा में लाल चंद्र किशोर नाथ शाहदेव, लाल मनोज नाथ शाहदेव, लाल नवल नाथ शाहदेव, लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव, लाल बलराम नाथ शाहदेव, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव, सचिता वर्मा, विकास ठाकुर, अभय वर्मा आदि एवं ग्रामीण के लोग लगे हुए हैं।

# तीन वर्षों से जलमीनार खराब, लोगों के समक्ष पेयजल की भीषण समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया में जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों के समक्ष पेयजल का भीषण संकट है। गगेया में पूर्व मुखिया द्वारा मनोज उराँव के समीप लाखों का लागत से बनवाया गया जलमीनार विगत करीब 3 वर्ष से खराब है। जिसे गाँव के लगभग 55 घर के लोग कुँआ, तलाब या अन्य जलाशय से पानी पीकर प्यास बुझा रहे हैं। वही मनोज उराँव, प्रकाश उराँव, चरण उराँव, बसन्ती देवी, युवन्ती देवी, बिहारी उराँव, बुधदेव महली, सुरेश उराँव गाँव के ग्रामीणों द्वारा बताया गया। की वार्ड सदस्य, मुखिया तथा पेयजल स्वच्छता विभाग को लिखित आवेदन दे कर खराब पड़ा हुआ जलमीनार को बनवाने के लिये अनेकों बार कहा गया। परन्तु किन्ही को इस पर ध्यान नही हुआ। और आज भीषण गर्मी में ग्रामीण इधर उधर से कुँआ, तलाब या अन्य जलाशय से पानी पिने के लिये विवश हैं। जानकारी के अनुसार बता दे कि सरकार की ओर से चौदहवें वित्त की राशि से जलमीनार को दुरुस्त कराने का प्रावधान है। परन्तु प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गाँवो में जलमीनार लगने के कुछ दिन बाद से ही खराब पड़ा हुआ है। जो लगभग हर गाँव मे देखने के लिये शोभा का वस्तु बना हुआ है। जिसे ग्रामीणो को भीषण गर्मी में तथा बिच बिच में मौसम खराब होने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिये काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में प्रशासन या जनप्रतिनिधियों द्वारा समय रहते ध्यान नही दिया जाता है। तो ग्रामीण क्षेत्र के जनता निश्चित ही भयंकर बीमारी का चपेट में आ सकते हैं। जिसे काफी परेशानी होगी।

# प्लस-2 उच्च विद्यालय भवन 20 लाख की लागत से मरम्मति कार्य पर संवेदक ने किया लीपापोती

➲ वगैर ग्रील टूटी खिड़की मे केवल 01 पल्ले, देख भड़की उप-प्रमुख, कही वरीय अधिकारियो से मिल की जायेगी शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो–लोहरदगा :** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा ईन दिनो निविदा के माध्यम से विद्यालय भवन का मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। मरम्मत निर्माण कार्य मे संवेदक के द्वारा वरती जा रही है भारी अनियमितता। देखते ही पता चलता है कि विकास की राशि की हो रही है लूट।उक्त भवन मरम्मत कार्य का निरीक्षण प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी द्वारा किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि न तो खिड़की की मरम्मत की गई है और न ही वेंटिलेटर लगाया गया है। खिडक़ी पर ग्रिल के स्थान पर तार बांधे गये हैं,और हद तो तब है की 02 पल्ले की खिड़की में खिड़की का दूसरा पल्ला है ही नही,उसी टूटी हूई 01 पल्ला खिड़की व तार पर पेन्ट भी चढ़ाया गया है, सिर्फ रंग रोगन व बरामदा में दीवार जोड़कर पुट्टी कर दिया गया है। उन्होंने कहा ये काफी दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा के मंदिर में मरम्मत के नाम पर सिर्फ लूट मची है। विद्यालय भवन की मरम्मत कार्य लगभग 20 लाख की लागत से की जा रही है। उप प्रमुख ने कहा कार्यकारी एजेंसी द्वारा सिर्फ नाम मात्र के कुछ कार्य किए गए हैं, बाकी रंग-रोगन कर छोड़ दिया गया है। वेंटिलेटर में ईंट डाल दिया गया है। जिससे साफ पता चलता है कि अभियंताओं के मिलीभगत से राशि की बंदरबांट की गई है। मामले में विद्यालय के प्राचार्य गणेश कुमार शास्त्री का कहना है कि संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया गया है, विद्यालय में मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की गई है। इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से किया जाएगा।

## मारवाड़ी महिला एकता शाखा ने क्षेत्र की विभिन्न समस्या को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अनुमंडल पदाधिकारी श्री अरविंद कुमार लाल जी से मारवाड़ी महिला एकता शाखा का एक शिष्टमंडल अध्यक्ष दीपा पोद्दार के अध्यक्षता में भेंट की। बैठक में 17 मई को लोहरदगा जिला स्थापना दिवस पर समाहरणालय मैदान पर लग रहे मेला पर अपनी विचार को रखी,एवं एकता शाखा के सदस्यों ने जिला प्रशासन से मांग की, की हर सप्ताह के शनिवार को कम से कम 2 घंटा के लिए निशुल्क डॉक्टरों की टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर लगवाया जाए, जिसमें की जांच एवं ओ.पी.डी के साथ-साथ मरीजों को निशुल्क दवा भी दिलाई जाए। इस पर जिला प्रशासन ने कहा की उपायुक्त महोदय के समक्ष इस संबंध में बात रख कर विचार-विमर्श की जाएगी। बैठक में समाज के प्रति सेवा को लेकर कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में दीपा पोद्दार, संगीता मित्तल, रश्मि अग्रवाल, नीतू मित्तल के साथ लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ के अलावा नगर पार्षद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया व हुए लाभान्वित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 46 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल को गुलाब पुष्प देकर अभिवादन किए, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग चेकअप करा कर लाभान्वित हो रहे हैं, और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए डॉक्टर कुमुद अग्रवाल से परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे। आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, अवधेश मित्तल, सुबोध प्रसाद महतो, अतुल सर्राफ, रेनू देवी, लक्ष्मी देवीसृष्टि कुमारी, सुंदरी देवी, मोती लाल अग्रवाल, रामकुमार महतो, आरती देवी, विमलेश प्रसाद, मीना देवी, मनमोहन प्रसाद, प्राण महतो, सीमा देवी, सुरेंद्र महतो, बुद्धेश्वर उरांव, अनूप कुमार महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, उदय प्रसाद कास्यंकार, अमर पोद्दार, सुगंधा देवी, मुंदरी देवी आदि उपस्थित थे।

## पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में भाग लेने के लिए हॉकी सिमडेगा जिला टीम जमशेदपुर रवाना



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में भाग लेने के लिए हॉकी सिमडेगा जिला टीम जमशेदपुर रवाना। इस प्रतियोगिता के लिए सिमडेगा जिला के विभिन्न सुदूर वर्ती ग्रामों के जिला टीम से चयनित 25 हॉकी खिलाड़ियों हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी अपने घर में रखकर कराया इनका विशेष प्रशिक्षण शिविर। 08 मई से 10 मई 2023 तक जमसेदपुर ,पूर्वी सिंहभूम में आयोजित आमंत्रण नवल टाटा हॉकी झारखंड सब जूनियर राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में भाग लेने के लिए हॉकी सिमडेगा की सब जूनियर पुरुष टीम आज जमशेदपुर रावण हुई। 04 मई हॉकी सिमडेगा द्वारा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों का हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,पंखरासियुस टोप्पो,कोच सुजीत एक्का,अनु राहुल मिंज, रोहित बेसरा, वेद प्रकाश भोक्ता की देखरेख में इनका विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था,जिसमे से बेस्ट 18 खिलाड़ियों को जिला टीम से खेलने के लिए आज जमेशदपुर भेजा गया।सब जुजियर प्रतियोगिता के समापन के साथ ही जूनियर हॉकी चैंपियनशिप भी 10से 12 मई तक जमशेदपुर में आयोजित है जिसके लिए भी सिमडेगा जिला जूनियर पुरुष हॉकी टीम 09माई को जमेशदपुर जायेगी। हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी ,फ्लेबियस तिर्की,जिला के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी राजीव प्रसाद, कंचन कबीर ने सभी खिलाड़ियों तथा इस प्रतियोगिता के लिए एम्पायर और तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नियुक्त सिमडेगा के पंखरासियुस टोप्पो,रोहित बेसरा,सुजीत एक्का और अनु राहुल मिंज को शुभकामना देकर विदा किया।इस प्रतियोगिता के लिए आयोजित चयन ट्रायल से सिमडेगा जिला के विभिन्न सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाको से चयनित हॉकी खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए खिलाड़ियों के रहने के लिए कुछ खिलाड़ियों के लिए हॉकी सिमडेगा के कार्यालय में तथा 25खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने अपने घर में की थी। 2016में हॉकी सिमडेगा को जिला के उपायुक्त महोदय के द्वारा लिखित रूप से एक खेल छात्रावास खिलाड़ियों को रखने के लिए दिया गया था, जिसमें हॉकी सिमडेगा जिला के विभिन्न सुदूर वर्ती ग्रामीण इलाको में प्रतिभा चयन ट्रायल आयोजित कर प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों चयनित कर इस भवन आवासीय व्यवस्था देकर 42 हॉकी खिलाड़ियों सालोभर हॉकी का प्रशिक्षण और पढ़ाई कराता था, और कोई भी राज्य स्तरीय या जिला स्तरीय प्रतियोगिता या विशेष प्रशिक्षण शिविरों में खिलाड़ियों आवासीय व्यवस्था देकर जिला के हॉकी के विकास में कार्य करता था। परंतु अभी उस खेल छात्रावास भवन में नए निर्माण हो रहे एस्ट्रीटर्फ हॉकी स्टेडियम निर्माण स्थल में स्थित कन्या मध्य विद्यालय को सिफ्ट करने के लिए जिला वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के मौखिक आदेश से हॉकी सिमडेगा को अचानक खाली करना पड़ा।तत्कालिक में खिलाड़ियों के रहने के लिए कोई व्यवस्था ना होने कारण और दूरदराज के खिलाड़ियों के परेशानी को देखते हुए हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कुछ खिलाड़ियों को हॉकी सिमडेगा के कार्यालय में तथा 25 खिलाड़ियों को अपने घर में रखा।

# कबड्डी संघ ने आगामी अक्टूबर माह में होने जा रहे कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 12 वीं झारखंड राज्य सब जूनियर बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन के निमित्त मदनमोहन पांडेय वरीय उपाध्यक्ष झारखंड राज्य कबड्डी संघ सह अध्यक्ष लोहरदगा जिला कबड्डी संघ की उपस्थिति एवं संरक्षण में वरीय शारिरिक प्रशिक्षक रामस्वरूप प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजन समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। आगामी अक्टूबर माह में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन के निमित आवश्यक योजना का निर्माण किया गया। जिसके तहत आयोजन समिति का गठन, आयोजन का बजट, खिलाड़ियों के आवासन की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था, खेल मैदान का निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी पदाधिकारियों की नियुक्ति, पुरस्कार व्यवस्था, स्वागत समिति इत्यादि पर चर्चा की गई। सभी उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने का सहमति प्रदान किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रामस्वरूप प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि खिलाड़ियों को रहने खाने से लेकर हर व्यवस्था पर गहन चर्चा की गई और समुचित व्यवस्था दी जाएगी। लोहरदगा जिला पर राज्य ने विश्वास व्यक्त किया जिस पर लोहरदगा इकाई हमेशा की तरह खरा उतरेगी। बैठक को अरुण राम, संतोष उरांव, सतीश रंजन उरांव, अजय प्रसाद, लखन राम, अभिनव सिद्धार्थ इत्यादि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रंजू साहू, अनिल उरांव, सारु उरांव, अनामिका टोप्पो, नम्रता भगत, सावित्री कुमारी, जोलजस तिर्की, प्रकाशित मिंज, वीर शंकर भगत, कृष्णा यादव, दीपक राम, दिगंबर राम, सहाबीर उरांव, सचिन उरांव, मदन साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिमडेगा जिला के सभी क्षेत्र के अधूरे कार्य को किया जाएगा पूरा : एनोस एक्का




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी हमारी पुर्वजो की पार्टी है। जल जंगल और जमीन से हमारा भावनात्मक रिश्ता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों से अलग हटकर क्षेत्र के लोगों के मान सम्मान की लड़ाई लड़ती है झारखंड पार्टी। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का रविवार की दोपहर पत्रकारो को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने कहा कि राजनीति षड़यंत्र के कारण कई वर्षो तक जनता से दूर रहे। उन्होंने कहा कि अब वे वापस आ गए है। लोगों के प्यार और स्नेह के दम पर वे उसी उत्साह के साथ काम करेंगे और हर लोगों की समस्या के समाधान का प्रयास करेगें। उन्होंने कहा कि आज वे विधायक नहीं है लेकिन क्षेत्र की जनता का प्यार उनके साथ है। वे हर समस्या के समाधान के लिए पार्टी स्तर से आंदोलन करने को तैयार है। समस्या के समाधान के लिए सीएम से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक जाने की बात उन्होंने कही। मौके पर एनोस एक्का ने वर्तमान सरकार की कार्यशैली को बेहतर नहीं बताया। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक सभी लोग परेशान है। लोगों का काम नहीं हो रहा है। सरकारी जांच और नियमों के नाम पर आम जनता को परेशान किया जा रहा है। जिसके लिए झारखंड पार्टी लड़ाई लड़ेगी। वर्तमान विधायकों के संबंध में खुलकर कुछ भी नहीं कहने की बात कहते हुए एनोस ने कहा कि कोलेबिरा विधायक राजनीति में उनके समक्ष छोटे है। उन्हें अभी काफी कुछ सीखना है। इशारे इशारे पर उन्होंने कोलेबिरा विधायक पर कोलकाता केस कांड की बात कहते हुए भाजपा के साथ मिलने का आरोप लगाया। मौके पर संदेश एक्का, बाबुराम लकड़ा, अमन खेस, राजु शर्मा, अभय विश्वकर्मा‍ख, आईरीन एक्का आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन प्रेस सलाहकार श्री अभिषेक प्रसाद के माताजी स्वर्गीय विमला देवी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अभिषेक प्रसाद के अपर शिवपुरी स्थित आवास पहुंचकर स्वर्गीय विमला देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

### कांग्रेस के विरोध में बजरंग दल देशभर में नौ मई को करेगा हनुमान चालीसा पाठ

**लखनऊ :** बजरंग दल ने कांग्रेस के खिलाफ नौ मई को देशभर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करने की घोषणा की है। कांग्रेस के कर्नाटक चुनाव घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे से देश में राजनीति गरमाई हुई है। बजरंग दल ने इस दुर्भाग्यपूर्ण और द्वेषपूर्ण कहा है। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया के आह्वान पर मंगलवार को देशव्यापी साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम में भी हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। देश के सभी प्रान्तों की इकाइयों को इसकी सूचना दी गई है। अवध प्रान्त के संयोजक महेश तिवारी ने कहा है नौ मई को सभी जिलों, महानगरों के प्रमुख केंद्रों, प्रखंडों और नगर कस्बा के मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करेगा। विश्व हिन्दू परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा है बजरंग दल अनुशासित हिन्दू नौजवानों का संगठन है। उस पर प्रतिबंध लगाया गया तो कांग्रेस की ईट से ईट बजा दी जाएगी।



# गुमला : बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला मुख्यालय के पालकोट रोड स्थित साहु पेट्रोल पंप के पास रविवार को एक अनियंत्रित बोलेरो ने दो अलग-अलग बाइक सवारों को पीछे से ठोक दिया। इसमें बाइक सवार राम चन्द्र साहु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राम चन्द्र नगर से सटे तर्री गांव का रहने वाला था। वहीं एक अन्य बाइक सवार कार्तिक खड़िया (25) और बहनोई समीर खड़िया (30) गंभीर रुप से घायल हो गये। दानों दोमो ग्राम बंगरु के रहने वाले हैं।




इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बोलेरो चालक चंदरु लोहरा की जम कर पिटाई कर दी। इससे चंदरु लोहरा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही गुमला पुलिस वहां पर पहुंची और तीनों घायलों और शव को सदर अस्पताल ले गई। पुलिस ने बोलेरो और दोनों बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।


चंदरु लोहरा तोरपा (खूंटी) थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे अपने बोलेरो से किसी काम के सिलसिले में गुमला आये थे। वापस लौटने के क्रम में साहु पेट्रोल पंप के समीप उन्होंने अपना नियंत्रण खो दिया। बोलेरो ने पहले एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

## नेपाल की नागरिकता लेने के आरोप में 10 भारतीय गिरफ्तार

**एजेंसी**

**काठमांडू।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नेपाल की नागरिकता लेने के आरोप में 10 भारतीय व्यापारियों को गिरफ्तार किया गया है। इसका खुलासा नेपाल पुलिस ने रविवार को किया। गिरफ्तार लोग उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले हैं।

नेपाल के अपराध जांच कार्यालय के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने फर्जी दस्तावेज जमा करके विभिन्न जिलों में नेपाली नागरिकता प्राप्त की। पुलिस की आपराधिक जांच इकाई के सूचना अधिकारी रवींद्र रेग्मी ने बताया कि आरोपितों ने नेपाली नागरिकता ले ली है और कुछ भूमि भी खरीदी है।



गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में भरत प्रसाद गुप्ता, राहुल गुप्ता, ज्ञानमती देवी गुप्ता, गोपाल गुप्ता, राम सुंदर गुप्ता, राम प्रवेश गुप्ता, भरत गुप्ता, स्नेहलता गुप्ता, मनदेवी गुप्ता और राजेश कुमार गुप्ता हैं।

ये सभी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले हैं।



## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर की पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा रविवार को सपरिवार देवघर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने उनका स्वागत किया। वहां से वे बाबा मंदिर के लिए रवाना हो गए। मंदिर में सपरिवार उन्होंने विधि विधान से बाबा बैद्यनाथ की पूजा की। पूजा समाप्ति के बाद उपायुक्त ने उन्हें बाबा बैद्यनाथ की प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

# पत्ति एवं पुत्रों का सपना था मंदिर का हो निर्माणः उर्मिला मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झामुमो महिला मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष उर्मिला मिश्रा के सौजन्य से धर्मपुर में आंगनबाड़ी के समीप शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है।

उर्मिला मिश्रा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि मंदिर का निर्माण निजी कोष से कराया गया है जिसका शिलान्यास 10 फरवरी 2021 को किया गया था। उन्होंने बताया कि एक कार दुर्घटना में मेरे दोनों पुत्र स्वर्गवास हो गए थे उनके पत्ति एवं पुत्रों की सपना थी कि एक शिव मंदिर का निर्माण हो जहां आसपास के लोग निष्ठा के साथ पूजा अर्चना कर सके। वही सपना को मैं पूरी की हूं ।




**झामुमो महिला मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने निजी कोष से कराई शिव मंदिर का निर्माण**

आगे उन्होंने बताया कि 8 मई को कलश यात्रा ,9 मई को वेदी पूजन के बाद नगर भ्रमण और अधिवेशन किया जाएगा । वही 10 मई को प्राण प्रतिष्ठा, अभिषेक और हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी यहां के लोग शिवलिंग स्थापित कर पूजा पाठ किया करते थे।

जिससे उन्हें मनोवांछित फल की प्राप्ति होती थी। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इधर उनके इस सराहनीय कार्य के लिए जिले के कई वरिष्ठ लोगों ने बधाई दी है।मौके पर ब्रजेश मिश्रा,अनिल गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

# मणिपुरः चुराचांदपुर में 3 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील, सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया

**एजेंसी**

**इंफाल :** मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना और असम राइफल्स के लगातार प्रयासों के बाद रविवार को चुराचांदपुर में सुबह 7 बजे से 3 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। सेना ने इंफाल घाटी के भीतर हवाई निगरानी को बढ़ाने, यूएवी से निगरानी और सेना के हेलीकॉप्टरों को फिर से तैनात किया है।

सेना और असम राइफल्स इस इलाके से नागरिकों को बाहर निकालने, हिंसा को नियंत्रित करने और स्वाभाविक स्थिति बहाल करने के लिए 96 घंटे से लगातार प्रयास कर रही हैं। इसी वजह से क्षेत्र में अब तक हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। इस बीच आज सुबह 7 बजे से 3 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई और सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया है।



**सेना और असम राइफल्स ने अब तक कुल 23 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया**

मणिपुर में 3 मई को हुई हिंसा के बाद राज्य में अप्रिय और अस्थिर माहौल बना हुआ था। घटना के तुरंत बाद राज्य सरकार ने राज्य पुलिस की मुस्तैदी से स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए, लेकिन पिछले 24 घंटों में सेना ने निगरानी प्रयासों को काफी बढ़ा दिया है। फिलहाल सेना ने इंफाल घाटी के भीतर हवाई निगरानी को बढ़ाने, यूएवी से निगरानी और सेना के हेलीकॉप्टरों को फिर से तैनात किया है। सेना ने आज बताया है कि अब तक कुल 23 हजार लोगों को अस्थिर वाले इलाकों से निकालकर उन्हें ऑपरेटिंग बेस/सैन्य गैरीसन में स्थानांतरित किया गया है।

राज्य में स्थिति सामान्य है, इसके बावजूद अभी भी ऐहतियात के तौर पर इंटरनेट सेवा बंद है। संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू लागू है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य की स्थिति को सामान्य बनाने के लिए ऑल पार्टी मीटिंग की है। राज्यपाल ने भी लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। इस बीच, मणिपुर सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने आईएएस विनीत जोशी को मणिपुर वापस भेज दिया है।

## 5 किलो आईईडी के साथ आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

**पुलवामा।** पुलवामा से सुरक्षाबलों ने रविवार को आतंकियों के एक मददगार को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके कब्जे से 5 किलो की एक आईईडी भी बरामद की है। कश्मीर पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि गिरफ्तार ओवर ग्राउंड वर्कर पुलवामा जिले के अरिगाम का रहने वाला इश्फाक अहमद वानी है। पुलवामा पुलिस ने सेना के साथ मिलकर इलाके में तलाशी अभियान के दौरान उसे गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से सुरक्षाबलों ने लगभग 5-6 किलोग्राम की एक आईईडी बरामद की है। पुलिस ने वर्कर को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



# हीरो युवाओं की धड़कन : प्रथम महापौर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आनंद ऑटोबाइक्स के नए ब्रांच के रूप में सगुना ऑटोमोबाइल, सगुना मोड़ पाटन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब पलामू का प्रखंड भी सुविधा युक्त होता जा रहा है। जल्द हर प्रखंड में मोटरसाइकिल के अलावे बड़ी गाड़ियों का भी शोरूम खुलने लगेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि गांव की क्रय शक्ति बढ़ी है। जहां लोग साइकिल का इस्तेमाल करते थे। आज वहां मोटरसाइकिल खरीद कर इस्तेमाल करने लगे हैं। वह दिन भी दूर नहीं की बड़े शहरों के तर्ज पर बड़ी गाड़ियां भी प्रखंड में मिलने लगेंगी। महापौर ने बताया कि हीरो ब्रांड देश का सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय ब्रांड के साथ युवाओं की धड़कन होने के चलते आज गांव गांव में इसकी मांग बढ़ गई है



और प्रखंड स्तर पर शोरूम और वर्कशॉप खुलने से गाड़ी को सर्विस कराने या खरीदने मैं लगने वाले समय की बचत के साथ शहर आने जाने से छुटकारा मिलेगा। तथा समय पर गाड़ियों सर्विस होंगी। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सगुना ऑटोमोबाइल के मालिक रवि रंजन पाठक एवं उनके परिवार को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य मुक्तेश्वर पांडे, सगुना की मुखिया मंजू देवी, केलहार की मुखिया जैनुल सिद्दीकी, समाजसेवी रंजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, एवं काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## महाराजा चार्ल्स के राज्याभिषेक भोज की मेजबानी करेंगे ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति



**एजेंसी**

**लंदन :** महाराजा चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला की ताजपोशी का जश्न मनाने के लिए रविवार को राज्याभिषेक भोज की मेजबानी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति करेंगे। राज्याभिषेक भोज का आयोजन रविवार को लंदन की डाउनिंग स्ट्रीट में किया जा रहा है। इस भोज के लिए भारतीय मूल के सिख इंजीनियर नवजोत साहनी को भी निमंत्रण भेजा गया है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में पॉइंट्स ऑफ़ लाइट अवॉर्ड जीता था। बेस्टिमिंस्टर एबी में ताजपोशी का जश्न मनाने के लिए ब्रिटेन और दुनियाभर के देशों में 50,000 से अधिक बिग लंच स्ट्रीट पार्टियों के आयोजन की उम्मीद है। ऋषि सुनक ने कहा कि इस ऐतिहासिक जश्न में राज्याभिषेक भोज के लिए डाउनिंग स्ट्रीट में सभी का स्वागत करते हुए मुझे गर्व हो रहा है। ऋषि सुनक ने शनिवार को ताजपोशी कार्यक्रम के दौरान उस वक्त इतिहास रचा, जब उन्होंने मेजबान सरकार के प्रमुख के रूप में कुलुस्सियों की बाइबिल पुस्तक का संदेश पढ़ा। इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति ने ब्रिटेन के ध्वज को एबी ले जाने के दौरान ध्वजवाहकों के एक दल का नेतृत्व किया।

# एनटीपीसी कोयला उत्पादन कुल 23.2 मिलियन टन से बढ़कर 65 प्रतिशत हुई : पार्थ मजुमदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने अपनी रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), नवीन जैन, सीजीएम (सी एंड एम), टी के कोनार, जीएम (तकनीकी सेवाएं), के एस मूर्ति, जीएम (मानव संसाधन), अरुबा घोष, एजीएम (इंजीनियरिंग), रंजीत प्रसाद एजीएम (माइनिंग), जियाउर रहमान, एजीएम (एचआर) वाई देवाशीष, डीजीएम (एचआर) और अमित कुमार बेहरा, सीनियर मैनेजर (निगम संचार) ने भाग लिया के एस मूर्ति, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**एनटीपीसी के बारे में क्या कहा :** पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने एनटीपीसी कोयला खदानों और इसके प्रदर्शन की प्रमुख झलकियां साझा करते हुए बताया कि एनटीपीसी अपना झारखंड, ओडिशा,छत्तीसगढ़ में स्थित इसकी चार परिचालन कोयला खदानों से उत्पादन द्वारा




संचालित है ।अप्रैल 2023 में 2.95 एमटी के साथ मासिक कोयला प्रेषण में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 140प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एफवाई 23 के लिए कंपनी का कोयला उत्पादन कुल 23.2 मिलियन टन था, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 65प्रतिशत की वृद्धि थी । उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में, चट्टी बरियातू खदान, साउथ पिट (विस्तार) और तलाईपल्ली कोयला खदान के वेस्ट पिट से कोयले का उत्पादन शुरू हुआ, जिससे एनटीपीसी कोयला खदान से कोयले की अच्छी गुणवत्ता वाले एनटीपीसी बिजली स्टेशनों को अधिक कोयला उत्पादन और आपूर्ति होगी ।इस वर्ष भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा एनटीपीसी को 34 एमटी का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीएसआर के तहत, एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजनाओं द्वारा की जा रही सामुदायिक विकास गतिविधियों के अलावा, कोयला खनन मुख्यालय ने झारखंड राज्यों के सभी कोयला खनन परियोजना क्षेत्रों और इसके आसपास के क्षेत्रों से 4 लड़कियों सहित 80 युवाओं को प्रायोजित करने की पहल की। मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग और मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग के दो पाठ्यक्रमों में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए ओडिशा और छत्तीसगढ़। लगभग 100 प्रतिशत जॉब प्लेसमेंट के साथ 6 महीने की अवधि के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआइपीईटी), रांची के सहयोग से पाठ्यक्रम चलाए गए।पकरी बरवाडीह खदान में कन्वेयर सिस्टम (एशिया में सबसे बड़े में से एक) को चालू करके और दुलंगा और तलाईपल्ली खदानों में पिट हेड से पावर प्लांट तक रेल परिवहन का उपयोग करके सड़क मार्ग से कोयले की ढुलाई कम कर दी गई है। मजूमदार ने बताया कि एनटीपीसी ने एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) को शामिल किया है और कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने हाल ही में एनटीपीसी की कोयला खदानों को एनएमएल को हस्तांतरित करने की अनुमति दी है। अब एसेट ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।